

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार 8 मई 2024 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-040 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 9 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## सैम पित्रोदा के रंगभेद पर भड़के मोदी

### कहा- देशवासियों को गाली दी गई, बहुत गुस्से में हूं

**नई दिल्ली 8 मई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के वारंगल में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सैम पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस और राहुल गांधी को जमकर घेरा. उन्होंने कहा कि आज मैं बहुत गुस्से में हूं. शहजादे के एक अंकल ने आज ऐसी गाली दी है, जिसने मुझे गुस्से में भर दिया है. संविधान सिर पर रखने वाले लोग देश की चमड़ी का अपमान कर रहे हैं.



पीएम मोदी ने कहा कि जिनकी चमड़ी का रंग काला होता है, क्या ये सब अफ्रीका के हैं? मेरे देश के लोगों को चमड़ी के रंग के आधार पर इन्होंने गाली दी है. अरे चमड़ी का रंग कोई भी हो, हम तो श्रीकृष्ण की पूजा करने वाले लोग हैं. शहजादे आपको जवाब देना होगा. चमड़ी के रंग के आधार पर मेरे देशवासियों का अपमान देश सहन नहीं करेगा और मोदी तो कतई सहन नहीं करेगा.

पूर्वोत्तर भारत के लोगों को चीन के लोगों जैसा और दक्षिण भारतीयों को अफ्रीकी बताने वाले सैम पित्रोदा के बयान पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बेहद कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा है कि सैम भाई, मैं पूर्वोत्तर से हूं और भारतीय दिखता हूं. हम विविधता में यकीन रखते हैं. हम अलग-अलग दिख सकते हैं लेकिन सभी लोग एक हैं. हमारे देश के बारे में थोड़ा तो समझ लो!

बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सैम पित्रोदा भारत को नहीं समझते हैं. वो राहुल गांधी के सलाहकार हैं. अब समझ आता है कि राहुल गांधी इतना अनाप-शनाप क्यों बोलते हैं? इन लोगों को देश की कुछ समझ नहीं है.

बीजेपी नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि ये पप्पू के प्रॉक्सी प्रोफेसर हैं. इनके इसी ज्ञान से कांग्रेस देश की पार्टी से अब मोहल्ले की पार्टी बनकर रह गई है. विदेश में बैठकर हमारे देश के बारे में गाली देते रहते हैं. गुरु नंबरी और चेला 10 नंबरी है.

केंद्रीय रेलमंत्री पीयूष गोयल ने पित्रोदा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये लोग हताश हैं, कुछ भी बोलते रहे हैं. ये शर्मनाक है. देश को तोड़ने के अलावा इनके पास कोई बात नहीं है. कोई नेता और कोई नीयत नहीं है इन लोगों के पास. ठीक इसी तरह केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने भी पित्रोदा के इस बयान पर कहा कि आखिर इस तरह राहुल गांधी के मेंटर उन्हें भारत को बांटना सीखा रहे हैं.

वहीं, अभिनेत्री और बीजेपी के टिकट पर हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से उम्मीदवार कंगना रनौत भी कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधने से पीछे नहीं रही. कंगना ने कहा कि सैम पित्रोदा, राहुल गांधी के मेंटर हैं. उनके भारतीयों को लेकर नस्लवादी और विभाजनकारी बयानों को सुनिए. उनकी पूरी विचारधारा ही बांटो और राज करो की है. भारतीयों को चीनी और अफ्रीकी कहना बेहद खराब है।

### सैम के बयान से कांग्रेस ने बनाई दूरी

कांग्रेस ने बुधवार को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा की उस विवादास्पद टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि दक्षिण के लोग अफ्रीकियों की तरह दिखते हैं और पूर्व के लोग अरब की तरह दिखते हैं और पूर्व के लोग चीनी की तरह दिखते हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि सैम पित्रोदा ने एक पॉडकास्ट में भारत की विविधता को दर्शाने के लिए जो उपमाएँ तैयार की हैं, वे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से खुद को पूरी तरह अलग करती है।

### साउथ इंडिया में रहने वाले अफ्रीकन तो पूर्व के लोग चीनी जैसे दिखते हैः सैम

सैम पित्रोदा ने आज कहा कि भारत में अलग-अलग शक्ल-सूरत वाले लोग मिलजुल कर रहते हैं। उन्होंने कहा कि हम 70-75 साल से बहुत खुशहाल माहौल में रह रहे हैं, जहां लोग यहां-वहां के कुछ झगड़ों को छोड़कर एक साथ रह सकते हैं। हम भारत जैसे विविधता वाले देश को एक साथ रख सकते हैं - जहां पूर्व के लोग चीनी की तरह दिखते हैं, लोग पश्चिम में लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर में लोग शायद श्वेत जैसे दिखते हैं और दक्षिण में लोग अफ्रीका जैसे दिखते हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। इससे पहले सैम पित्रोदा के विरासत टैक्स को दिए बयान पर विवाद हो गया था. उन्होंने ये बयान राहुल गांधी की उस टिप्पणी के जवाब में दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर कांग्रेस सरकार में आई तो एक सर्वे कराया जाएगा और पता लगाया जाएगा कि किसके पास कितनी संपत्ति है. उनके इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पित्रोदा ने अमेरिका में लगने वाले विरासत टैक्स का जिक्र किया था.



## कांग्रेसी कितना भी कीचड़ फैलाएं, कमल ही खिलेगाः साय

**रायपुर 8 मई।** आम तौर पर क्रिया-प्रतिक्रिया से दूर रहने वाले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कांग्रेस नेताओं के चुनावी अभियान पर अब निशाना साधा है। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर उन्होंने लिखा है कि एक्स जहां भाजपा का पूरा चुनाव अभियान 'विकसित भारत' के विजन को लेकर था, वहीं मुद्दा विहीन कांग्रेस विशेष कर भूपेश बघेल जी, महंत जी जैसे नेताओं ने सिर्फ झूठ और बदजुबानी को ही अपना ध्येय बना लिया था। इन लोगों ने संविधान और आरक्षण पर लगातार भ्रम फैलाने की कोशिश की, लगातार फर्जी वीडियो वायरल किया, यहां तक कि 'मोदी की गारंटी' के तहत हमारी सरकार द्वारा चलाई जा रही



योजनाओं के बंद होने की झूठी अफवाहें भी ये फैलाते रहे। उनके नफरत का यह हाल रहा कि हम आदिवासियों के खान-पान तक का उपहास करने जैसी नस्लीय टिप्पणी तक करने से बाज नहीं आए। संतोष की बात यह है कि जितना ये कीचड़ फैलाते गये, कमल उतना ही खिलता गया।

### शराब कारोबारी पप्पू ढिल्लन के घर ईओडब्ल्यू का छापा

**दुर्ग 8 मई।** छत्तीसगढ़ के आबकारी घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू की टीम ने एक बार फिर से शराब कारोबारी पप्पू ढिल्लन के घर पर छापेमारी की है. ईओडब्ल्यू की टीम ने पप्पू ढिल्लन के भिलाई के नेहरू नगर निवास में दबिश दी है. ढिल्लन के घर ईओडब्ल्यू के 6 अधिकारी सुबह से छानबीन के रहे हैं. बता दें कि कथित शराब घोटाले में अप्रैल माह में भी एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम कारोबारी के घर छानबीन की थी. मामले में अब अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर के बयान के बाद एक बार फिर से पप्पू ढिल्लन के घर ईओडब्ल्यू के अधिकारी पहुंचे हैं. अधिकारियों ने सील बंद आलमारियों की जांच की है। खबर है कि शराब कारोबारी विजय भाटिया के निवास पर भी छापा मारा गया है।

## संक्षेप

### 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम 9 को

**रायपुर 8 मई।** बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट का इंतजार कर रहे छात्रों के लिए बड़ी खबर है, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर कल यानि गुरूवार 9 मई को 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट जारी करेंगे, शिक्षा मंडल रायपुर ने इसका आदेश भी जारी कर दिया है। आपको बता दे कि दोपहर 12:30 बजें सीजी बोर्ड परीक्षा के परिणाम मण्डल की वेबसाईट पर जारी कर दिया जायेगा। जिसे परीक्षार्थी आसानी से माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के आधिकारिक वेबसाइट में https://cgbse.nic.in/ देख सकेंगे।

### महादेव सट्टा एप मामले में पुलिस कर्मियों को समन जारी

**रायपुर 8 मई।** महादेव सट्टा में मनी लॉड्रिंग और हवाला मामले की प्रवर्तन निदेशालय ने फिर से जांच शुरू कर दी है। रायपुर-दुर्ग के आधा दर्जन पुलिस वालों व कारोबारियों को समंस जारी किया गया है। इन सभी के नाम अब तक गिरफ्तार हो चुके आरोपियों के बयान में आ चुके हैं। खबर है कि ईओडब्ल्यू इनमें से कुछ से पूछताछ कर चुकी है। अब मंगलवार को कुछ ईडी दफ्तर पहुंचे थे। उनका बयान दर्ज किया गया है। सुबह से शाम तक पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। इस बीच चर्चा है कि महादेव सट्टा में ईडी कुछ संदेहियों के यहां छापेमारी कर सकती है। ईडी की कुछ टीम जांच के लिए दूसरे राज्य भी गई है, क्योंकि ईडी, ईओडब्ल्यू और पुलिस की जांच के बाद भी महादेव सट्टा की आईडी खुलेआम ऑनलाइन बेची जा रहा है। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म में महादेव सट्टा की आईडी बिक रही है। प्रमोटर ने महादेव सट्टा के अलावा अलग-अलग नाम की गूगल में एप बनाया है। वे उसकी आईडी और पासवर्ड 100-100 रुपए में सटोरियों को बेच रहे हैं। सटोरिये आईडी लेकर आईपीएल के मैचों में दांव भी लगा रहे हैं। यानी लगातार कार्रवाई के बाद भी ये बंद नहीं हो रहा है। रोज करोड़ों रुपए दांव लग रहा है और हवाला के माध्यम से पैसा विदेश जा रहा है। सैकड़ों खाते में सट्टे का पैसा जमा रहा है।

### ग्रामीण को मरा समझकर नक्सली छोड़ गए, जवानों ने पहुंचाया अस्पताल

**नारायणपुर 8 मई।** नक्सलियों ने ग्रामीण पर जानलेवा हमला किया. घायल ग्रामीण को मृत समझकर नक्सली मौके से भाग निकले, जिसे बाद में सुरक्षा बल के जवानों ने उपचार के लिए अस्पताल ले गए. जानकारी के अनुसार, देर रात छोटेडोंगर इलाके के ग्राम कलेपाड़ में नक्सलियों ने ग्रामीण के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया. ग्रामीण हमले के बाद गिर गया, जिसे नक्सली मृत समझकर भाग निकले. मौके पर फेंके गए पर्चे में नक्सलियों ने ग्रामीण पर पुलिस मुखबिर का आरोप लगाया है. घटना की जानकारी मिलने पर सुरक्षा बल के जवानों ने घायल को छोटेडोंगर स्थित प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से घायल ग्रामीण को बेहतर इलाज के लिए नारायणपुर जिला अस्पताल के लिए रिफर किया जा रहा है।

### निगम कर्मी से लाखों की ठगी

**जांजगीर 8 मई।** नगर पंचायत अड़भार के पीएम आवास योजना शाखा में देखरेख का काम करने वाले कर्मचारी के खाते से किसी ठग ने यूपीआई के माध्यम से अलग-अलग किस्तों में 4 लाख 14 हजार की ठगी कर ली। पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अड़भार के वार्ड नंबर 8 निवासी पुष्पेंद्र कुमार श्रीवास नगर पंचायत अड़भार में पीएम आवास की देखरेख करते हैं। उसकी तीन बेटियां हैं, उनकी पढ़ाई व अन्य खर्च के लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक अड़भार के अपने खाते में 4 लाख 15 हजार रुपए से कुछ अधिक रकम जमा करके रखी थी।

## अपार्टमेंट की दीवार ढही, सात की मौत

### बारिश और आंधी के कारण कई जगहों पर सड़कों पर जलभराव, कुछ हिस्सों में जनजीवन अस्त-व्यस्त

**हैदराबाद ,8 मई।** हैदराबाद में बारिश और आंधी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। बारिश और आंधी के कारण कई जगहों पर सड़कों पर जलभराव हो गया, वहीं पेड़ भी उखड़ गए। इस बीच बुधवार को बाचुपल्ली इलाके में भारी बारिश के कारण एक निर्माणाधीन अपार्टमेंट की दीवार गिर गई। इस हादसे में चार साल के बच्चे सहित सात लोगों की मौत हो गई। मृतक प्रवासी श्रमिक थे जो ओडिशा और छत्तीसगढ़ के निवासी थे।

बचुपल्ली पुलिस के अनुसार, उनके शव बुधवार तड़के एक उत्खननकर्ता की मदद से मलबे के नीचे से बरामद किए गए। मंगलवार को हैदराबाद और तेलंगाना के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिससे कुछ हिस्सों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के अधिकारियों ने कहा कि डीआरएफ (आपदा राहत बल) की टीमें तैनात की गई हैं और शहर में विभिन्न स्थानों पर जमा पानी और गिरे हुए पेड़ों को हटा रही हैं। प्रमुख सचिव (नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास) दानकिशोर ने जीएचएमसी आयुक्त रोनाल्ड रोज के साथ शहर के विभिन्न जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा किया और जमीन पर डीआरएफ टीमों को निर्देश दिए।

तेलंगाना राज्य विकास योजना सोसायटी के अनुसार, ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के मुख्य कार्यालय में मंगलवार को सुबह 8.30 बजे से शाम 6 बजे के दौरान सबसे अधिक 84.5 मिमी बारिश हुई। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने वारंगल में स्थिति की समीक्षा की। बता दें कि यहां वह लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सड़कों पर पानी निकालने और बिजली आपूर्ति फिर से शुरू करने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया।

## डिवाइडर से टकराई कार, 2 युवकों की मौत

**बिलासपुर 8 मई।** जिले के तोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरीखुर्द जाने वाले मुख्य मार्ग में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ. सड़क में बने डिवाइडर से तेज रफ्तार कार टकरा कर डिवाइडर के बीच लगे पोल से जा भिड़ी. रफ्तार की वजह से टक्कर इतनी जबरदस्त और भयानक थी की कार माचिस की डिब्बी की तरह पिचक गई.

इस घटना में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है. घायलों को उपचार के लिए सिम्स ले जाया गया है. घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची तोरवा पुलिस मामले की जांच कर रही है.जानकारी के अनुसार देवरी खुर्द के रहने वाले राजेंद्र सिंह, भागीरथी यादव दो अन्य दोस्त कुल चार लोग सियाज कार में बीती रात करीब 12 बजे शहर से अपने घर की ओर जा रहे थे. तभी कार अनियंत्रित होकर सड़क में बने डिवाइडर से टकरा कर लोहे के बिजली पोल में जा घुसी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए.

कार के अंदर बैठे चारों युवक उसी कार में फंसे रह गए. इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बड़ी मशक्कत के बाद कार की बॉडी को काटकर युवकों को बाहर निकाला गया. जिनमें से दो की मौके पर ही मौत हो चुकी थी दो अन्य घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

### बस के पिछले चक्के में जा घुसा नाबालिग, मौत

शहर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक नाबालिग की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि नाबालिग बस को रॉंग साइड से ओवरटेक करने की कोशिश में गिर गया और बस की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. यह मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

जानकारी के अनुसार, मंगलवार की शाम सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत करबला निवासी 13 वर्षीय रिजवान हसन स्कूटी से गांधी चौक की तरफ जा रहा था. वह तेज रफ्तार में सामने चल रही बस को रॉंग साइड से ओवरटेक करने आगे बढ़ा और सामने सड़क किनारे चल रही एक महिला को अचानक देखकर उसने ब्रेक लगा दिया. जिससे उसका बैलेंस बिगड़ गया और नाबालिग सीधे बस के पिछले पहिये के नीचे आ गया. इस दुर्घटना में नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

### कार्रवाई नहीं



**रायपुर 8 मई। राजधानी में मख्य सड़क के सर्विस रोड को पार्किंग स्थल बना दिया गया है। केनाल रोड पर तो बड़ी संख्या में बसें खड़ी रहती है। इन वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।**

## भारतीयों को नौकरी का झांसा देकर रूस-यूक्रेन युद्ध में धकेल रहे थे तस्कर, 4 बंदी

**नई दिल्ली ,8 मई।** केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने रूस-यूक्रेन युद्ध में अवैध तरीके से युवाओं को भेजने के मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी ने मार्च में कुल कंसल्टेंसी और उनके मालिकों समेत कुछ लोगों पर मामला दर्ज किया। इसके बाद सात राज्यों में छापेमारी भी की। एजेंसी ने इस मामले में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और मानव तस्करी से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

दरअसल, रूस के कुछ इलाकों से कुछ वीडियो सामने आए थे, जिसमें कंसल्टेंसी के कुछ लोग भारतीयों को नौकरी के नाम पर रूस बुला रहे थे। ये लोग युवाओं को बुलाते तो नौकरी के नाम पर थे, लेकिन वहां पहुंचने पर वॉर जोन में धकेल देते थे। जैसी ही मामला संज्ञान में आया सीबीआई ने जांच शुरू की और अब पहली गिरफ्तारी की है। बताया जा रहा है कि सीबीआई ने आरोपियों को केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम से गिरफ्तार किया है। हालांकि, गिरफ्तार किए गए आरोपियों की अभी तक पहचान उजागर नहीं की गई है। माना जा रहा है कि सीबीआई जल्द ही इस मामले में कुछ और लोगों को गिरफ्तार कर सकती है। देश में फैली कई वीजा परामर्श कंपनियां, उनके मालिक और एजेंट सीबीआई के रडार पर हैं।

जानकारी के मुताबिक, ये लोग सोशल मीडिया और स्थानीय संपर्कों और एजेंटों के जरिए युवाओं तक पहुंचते थे और फिर उन्हें हाई सैलरी की लालच और नौकरियों के झूठे वादे कर रूस ले जाते थे। सीबीआई को ऐसे 35 उदाहरण मिले हैं जिनमें सोशल मीडिया चैनलों और स्थानीय संपर्कों और एजेंटों के माध्यम से उच्च वेतन वाली नौकरियों के झूठे वादे का लालच देकर युवाओं को रूस ले जाया गया था।

## भारतीय परिवारों की 'बचत' 5 साल के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली 8 मई।** भारतीय लोग सोना, रियल एस्टेट और शेयर बाजार में अपना निवेश तो बढ़ा रहे हैं, लेकिन जितना कर्ज वे ले रहे हैं, उससे उनकी वित्तीय जिम्मेदारियां भी बढ़ती जा रही हैं। अतः शुद्ध आर्थिक बचत में कमी देखी जा रही है। पिछले तीन वर्षों में परिवारों की वित्तीय जिम्मेदारी दोगुनी हो गई है। साथ ही उनकी शुद्ध वित्तीय बचत लगभग 40 प्रतिशत गिरकर 5 साल के निचले स्तर पर आ गई। यह तस्वीर स्ट्रैटजिक एंड प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन द्वारा जारी नेशनल अकाउंट स्टैटिस्टिक्स 2024 से सामने आई है। यह वित्त वर्ष 2021 में 40 हजार 505 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 63 हजार 397 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शेयर और डिबेंचर में निवेश लगभग दोगुना होकर 2.06 लाख करोड़ रुपये हो गया है। वहीं म्यूचुअल फंड में निवेश लगभग तीन गुना हो गया है।

वित्त वर्ष 2023 में यह बढ़कर 1 लाख 79 हजार करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2021 में 64 हजार 84 करोड़ रुपये था। इस दौरान छोटी बचत योजनाओं का निवेश 2 लाख 48 हजार करोड़ रुपये से घटकर 2 लाख 38 हजार करोड़ रुपये रह गया है। वित्तीय वर्ष 2022 में यह 2 लाख 41 हजार करोड़ रुपये था।

2018-19 में वित्तीय देनदारी 7,71,245 करोड़ रुपये थी। अगले वित्तीय वर्ष में यह 7,74,693 करोड़ रुपये, वित्तीय वर्ष 2020-21 में 7,37,350 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2022 में यह बढ़कर 8 लाख 99 हजार 271 करोड़ रुपये हो गया।

### भगवान केदारनाथ की चल विग्रह पंचमुखी डोली तीसरे पड़ाव के लिए रवाना

**गौरीकुंड फाटा ,8 मई।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 2024 शुरू होने में सिर्फ दो दिन बचे हैं। 10 मई को सुबह 7 बजे अक्षय तृतीया पर सबसे पहले केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। बुधवार सुबह बाबा की पंचमुखी डोली ने अपने तीसरे पड़ाव की ओर प्रस्थान किया। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली ने 8 मई बुधवार को प्रातः 8.45 बजे फाटा से तीसरे पड़ाव गौरामाई मंदिर गौरीकुंड के लिए प्रस्थान किया। फाटा से प्रस्थान होते समय जगह-जगह श्रद्वालु तथा स्कूली बच्चों ने बाबा केदार का जय घोष कर पुष्प वर्षा की। आपको बता दें कि भगवान केदारनाथ की चल विग्रह उत्सव पंचमुखी मूर्ति की देवडोली को श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के स्वयंसेवक एवं हक-हकूकधारी नंगे पैर पैदल चलकर शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से श्री केदारनाथ धाम तक पहुंचाते हैं।

## एयर इंडिया की 78 उड़ानें रद्द, सिक लीव पर गए 300 कर्मचारी

**नई दिल्ली 8 मई।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के 300 सीनियर कर्मचारी एक साथ सिक लीव पर चले गए हैं। इसके कारण एयर इंडिया एक्सप्रेस को 78 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उड़ाने रद्द करना पड़ा है। मंगलवार रात से बुधवार सुबह तक की 78 उड़ानों को रद्द किया गया है। बीमार होने की सूचना देने के बाद सभी कर्मचारियों ने अपने मोबाइल को बंद कर दिया है। 300 कर्मचारियों के एक साथ सिक लीव के पीछे कारण टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन में नए रोजगार टर्म को माना जा रहा है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि हमारे केबिन क्रू के कई सदस्य कल रात से आखिरी वक्त पर बीमार हो गए हैं और इस वजह से कई फ्लाइट्स को या तो कैंसिल कर दी गई हैं या फिर लेट हैं। जबकि हम इन घटनाओं के पीछे के कारणों को समझने के लिए चालक दल के साथ बातचीत कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप हमारे यात्रियों को होने वाली किसी भी असुविधा को कम करने के लिए हमारी टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। हम इस परेशानी के लिए अपने मेहमानों से ईमानदारी से माफी मांगते हैं और इस बात पर जोर देते हैं कि यह स्थिति हमारी सेवा के स्टैंडर्ड को नहीं दर्शाता है जिसे हम प्रदान करने का प्रयास करते हैं। एयरलाइन ने कहा, फ्लाइट कैंसिल किए जाने से प्रभावित मेहमानों को पूरा




रिफंड या किसी अन्य तारीख के लिए दूसरी फ्लाइट की पेशकश की जाएगी। सिविल एविएशन अथॉरिटीज इस मसले पर नजर बनाए हुए है। कई पैसेंजर्स काफी परेशान हुए हैं. उन्होंने एयर कैरियर के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का सहारा लिया है। पिछले महीने एअर इंडिया एक्सप्रेस के कर्मचारियों ने कुप्रबंधन का आरोप लगाया था और कहा था कि कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

एयरलाइन के केबिन क्रू के एक ग्रुप ने कल रात अंतिम समय में बीमार होने की सूचना दी है, जिसकी वजह से उड़ान में देरी होने के साथ फ्लाइट कैंसल करनी पड़ी हैं। जबकि हम इन घटनाओं के पीछे के कारणों को समझने के लिए क्रू के साथ बातचीत कर रहे हैं। एयरलाइन टीमें सक्रिय रूप से इस इश्यू को देख रही है और समस्या को हल करने का प्रयास कर रही है।

### ईवीएम में छेड़छाड़ के लिए मांगे 2.5 करोड़, सेना का जवान गिरफ्तार

**मुंबई ,8 मई ।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में पुलिस ने ईवीएम में छेड़छाड़ करने के लिए शिवसेना नेता अंबादास दानवे से 2.5 करोड़ रुपये मांगने के आरोप में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता दानवे ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज करायी थी कि आरोपी मारुती धाकने ने एक चिप के जरिए ईवीएम में छेड़छाड़ करने का दावा करके उनसे कथित तौर पर पैसे मांगे थे। दानवे ने अपनी शिकायत में कहा कि आरोपी ने दावा किया था कि इस चिप से किसी खास उम्मीदवार को अधिक वोट पाने में मदद मिल सकती है। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार शाम करीब 4 बजे आरोपी ने यहां एक बस स्टैंड के पास एक होटल में शिवसेना के नेता अंबादास के छोटे भाई राजेंद्र दानवे से मुलाकात की।

# पोलिंग बूथों पर मतदाताओं के दिखे अनेक रंग














## वरिष्ठ जन एवं दिव्यांगों को मिला मतदाता रथ का लाभ

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 मई ।** दुर्ग जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों में बड़ी संख्या में युवा मतदाताओं ने भाग लिया। इनमें से कई मतदाता ऐसे हैं जिन्होंने पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान कर युवाओं ने मतदान केंद्रों में बने सेल्फी प्वाइंट्स पर फोटो खिंचवाई एवं देश के प्रति अपनी इस जिम्मेदारी को पूरा करने की खुशी जाहिर की। परिवार के साथ वोट देने पहुंचे भिलाई के युवा नेता राहुल बृजजीवन राय ने बताया कि पोलिंग बूथों पर अच्छी व्यवस्था की गयी थी और स्वस्फूर्त लोग मतदान में हिस्सा लिए। वैशाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत पोलिंग बूथ पहुंचे ट्रांसपोर्ट असोसिएशन के महासचिव गोपी अरोरा ने सपरिवार मतदान किया वहीं वरिष्ठ ट्रांसपोर्टर एवं समाजसेवी राजपाल अरोरा ने अपनी धर्मपत्नी संगीता अरोरा के साथ मतदान में भाग लेकर सेल्फी ली और कहा कि हमारे एक महत्वपूर्ण वोट से ही मजबूत सरकार बनती है। यही भारतीय लोकतंत्र की खासियत है। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर दिव्यांग एवं 80 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए मतदाता रथ की सुविधा मुहैया कराई गई थी। वरिष्ठ मतदाताओं ने कहा कि भीषण गर्मी के मद्देनजर मतदान केन्द्रों में शीतल पेयजल, मेडिकल सुविधा व अन्य पेय पदार्थों की व्यवस्था की गई थी। उन्हें बहुत खुशी है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाए। निःशुल्क परिवहन के जरिए उन्हें आवास स्थल से मतदान केंद्र तथा मतदान के बाद घर तक छोड़ा गया। लोकतंत्र के महापर्व में युवा मतदाता बड़ी संख्या में शामिल हुए जिन्होंने मतदान में शामिल होकर अपनी जिम्मेदारी निभाई।

■ दुर्ग जिले की 6 विधानसभा सीट और बेमेतरा जिले की तीन विधानसभा सीटों के लिए मतदान किया गया सुबह 7ः00 बजे से लेकर शाम को 6ः00 बजे तक लगातार मतदान होता रहा। मतदान समाप्ति के बाद दुर्ग में लगभग 68त्न तक मतदान हुआ है जिसमें सबसे अधिक पाटन विधानसभा में मतदान का आंकड़ा 81 त्न 98 सामने आया है तो वही सबसे कम मतदान भिलाई नगर में दर्ज किया गया 64 त्न32 दर्ज मतदान वैशाली नगर विधानसभा 67त्न 91 दर्ज अहिवारा विधानसभा 75त्न 18 दर्ज किया गया। भिलाई के शंकराचार्य इंजीनियरिंग महाविद्यालय में स्ट्रांग रूम बनाया गया है जहां मतदान सामग्री और ईवीएम मशीन जमा की गयीं।

■ मंगलवार की शाम मतदान समाप्त होते ही अचानक हुयी आंधी-पानी ने स्ट्रांग रूम में बनाई गई तत्कालीन व्यवस्था को बिगाड़ के रख दिया और बारिश होने की वजह से देर शाम तक ईवीएम और मतदान सामग्री जमा नहीं की जा सकीं थीं। जिला प्रशासन और निर्वाचन आयोग व्यवस्था ठीक करने में जुटा रहा। यहाँ जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने बताया कि शाम को 5 के बाद आंधी तूफान के चलते थोड़ी सी अव्यवस्थाएं हुई, बिजली गुल होने की भी शिकायतें आई जिसे लगातार दुरुस्त किया जा रहा थे। बिजली की वजह से जो इश्यूज थे उनका निराकरण कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा। किसी तरह की दुर्घटना या घटना नहीं हुई और पूरा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ और मतदान दल सुरक्षित लौटे।

## एक नजर

### लूट का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 8 मई।** भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र जेवलरी शॉप से सोने की चेन लूट कर फरार होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाप पुलिस ने धारा 392 के तहत जुर्म दर्ज किया है दुर्ग सिटी कोतवाली महेश ध्रुव ने बताया कि गवली पारा जय श्री ऑयल मिल के सागर दुर्गवासी अजय कुमार जामा मस्जिद जवाहर चौक दुर्ग 9. पास ताराचंद प्रेमचंद ज्वेलर्स नाम से सोने चांदी की शॉप है 5 मई की दोपहर पिता ताराचंद जैन दुकान में बैठे थे दोपहर 3.15 के आस पास दुकान में अज्ञात युवक 20 से 30 साल का पहुंचा था पिता को 40 हजार रेंज तक की जेवरात दिखाने को कहा था युवक नशे की हालत में होने से उसे दुकान से जाने को कहा था लेकिन युवक ने सोने की चैन को हाथ से पकडकर झटके से लूटकर दुकान से फरार हो गया आसपास के लोगों युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम उत्कल नगर दुर्ग निवासी राजू सोनी होना बताया आरोपी अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचा था चैन 23 ग्राम करीब 1 लाख 60 हजार रुपए की आंकी गई।

### जिले में शांतिपूर्ण हुआ मतदान

**दुर्ग 8 मई ।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत आज दुर्ग लोकसभा के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। मतदान के प्रति शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का भारी उत्साह देखा गया। वे स्वस्फुर्त मतदान हेतु मतदान केन्द्रों में पहुंचे एक ओर जहां नये युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति ललक थी, वहीं वृद्धजन एवं महिलाएं भी पीछे नहीं थीं। शहरी क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया था। पुलिस अधिकारी, फोर्स लगातार गश्त कर रहे थे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदान दलों को पुलिस प्रशासन द्वारा बेहतर सुरक्षा मुहैय्या कराई गई थी।जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रारंभिक संकलित जानकारी अनुसार जिले में 67.34 प्रतिशत मतदान होने का अनुमान लगाया गया है। अंतिम समाचार लिखते तक जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा अंतिम जानकारी संकलित की जा रही है। दुर्ग लोकसभा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 62-पाटन में 71.23 प्रतिशत, 63-दुर्ग ग्रामीण में 69.49 प्रतिशत, 64-दुर्ग शहर में 63.78 प्रतिशत, 65-भिलाई नगर में 59.86, 66-वैशालीनगर में 63.84 प्रतिशत, 67 अहिवारा में 68.48, 68 साजा में 69.01 प्रतिशत, 69 बेमेतरा में 71.33 तथा 70 नवागढ़ में 69.06 प्रतिशत अंतिम 5 बजे तक की स्थिति में प्रतिशत प्राप्त हुई है। अंतिम रूप से मतदान का प्रतिशत सभी मतदान केन्द्रों से मतदान संकलित होने पर अधिकृत रूप से जारी किया जा सकेगा। मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदाताओं ने अपनी जागरूकता का परिचय देते हुऐ अपना निर्णय ई.व्ही.एम. एवं व्ही.व्ही. पैट में दर्ज किया।

### कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने मतदाताओं का जताया आभार

**कोरबा, 8 मई ।** कोरबा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने मतदान के समापन के पश्चात कोरबा लोकसभा क्षेत्र की मतदाता एवं वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ता भाइयों बहनों का धन्यवाद ज्ञापित किया है।कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने मतदान के दिन प्रातरू काल कोरबा में स्थित माता दुर्गा की पूजा अर्चना कर कोरबा शहर के विभिन्न बूथ में दौरा कार्यकर्ताओं से हाल-चाल जाना और वोटिंग के वर्तमान स्थिति के बारे में लगातार जानकारी लेती रही और उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करती रही। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने कहा कि टिकट की घोषणा के पश्चात से ही कोरबा पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं सहित भारतीय जनता पार्टी एवं समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का असीम स्नेह एवं समर्थन प्राप्त हुआ उन्होंने रात दिन कठिन परिश्रम कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान कराया और फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। सरोज पांडेय ने आगे कहा कि जनसंपर्क रैली एवं आम सभा के दौरान जनमानस से मिला स्नेह और समर्थन भी मेरी जीवन भर की कुंजी है मैं कोरबा लोकसभा क्षेत्र के समस्त मतदाता वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारी में कार्यकर्ताओं का ह्रदय से साधुवाद ज्ञापित करती है।

### लोकतंत्र के महापर्व में युवाओं ने मतदान कर निभाई अपनी जिम्मेदारी

**दुर्ग, 8 मई ।** जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों में बड़ी संख्या में युवा मतदाताओं ने भाग लिया। इनमें से कई मतदाता ऐसे हैं जिन्होंने पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान कर युवाओं ने मतदान केंद्रों में बने सेल्फी प्वाइंट्स पर फोटो खिचवाई एवं देश के प्रति अपनी इस जिम्मेदारी को पूरा करने की खुशी जाहिर की।


# बाइक चोरी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



भिलाई, 8 मई। भिलाई दोपहिया वाहन चुराने वाले चोर गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। दोनों चोर भिलाई-दुर्ग सहित रायपुर से 3 लाख की दोपहिया वाहन चुरा लिए थे वाहनों को शहर के विभिन्न साइकिल स्टैण्डों में छिपा दिया था। इनके पास से चोरी की 8 वाहन जब्त की गई है आरोपी नशे के आदी है और इसके लिए बाइक चुराकर बेचे देते थे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला के पास चोरी से संबंधित एक वीडियो आया था एसीसीयू ब्रांच ग्रुप में जारी कर तलाश के निर्देश दिए एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय एवं थाना प्रभारी सुपेला राजेश मिश्रा के नेतृत्व में एसीसीयू एवं थाना सुपेला की टीम वाहन चोर की सरगर्मी से तलाश में जुट गयी हुलिये के आधार पर खुर्सीपार क्षेत्र में एक 13 वर्षीय नाबालिग का पता चला पूछताछ करने पर बताया कि एक व्यक्ति राहुल महानंद (23 वर्ष) निवासी सर्वेन्ट क्वार्टर सेक्टर 09 के रहने वाले ने उसे गाड़ी चोरी करने भेजा था। उसके कहने पर आकाशगंगा सुपेला से 1 स्कूटी चोरी कर राहुल महानंद को देना स्वीकार किया इसके बाद राहुल को पकड़कर कड़ी पूछताछ करने पर अपने साथ नाबालिग के सहयोग से थाना छावनी थाना मोहन नगर, थाना सुपेला एवं गंज थाना थाना रायपुर क्षेत्र से कुल 8 दुपहिया वाहन चोरी कराना स्वीकार किया भिलाईनगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ करने पर चोरी किये गये वाहनों को विभिन्न मोटर साइकिल स्टैण्डों में रखने की जानकारी दी। आरोपी राहुल महानंद के निशादेही पर 8 वाहनों को सेक्टर 09 हॉस्पिटल मोटर साइकिल स्टैण्ड, सुपेला क्षेत्र अंतर्गत, जिला अस्पताल दुर्ग मोटर साइकिल स्टैण्ड एवं रायपुर रेल्वे मोटर साइकिल स्टैण्ड एवं रायपुर के अन्य स्थानों से बरामद किया गया।

आरोपी राहुल महानंद एवं नाबालिग शराब एवं सुलोशन जैसे नशे के आदी हैं और घूम-घूम कर दोनों साथ मिलकर वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं उक्त कार्यवाही में सउनि चंद्रशेखर सोनी, प्र.आर. मुरलीधर कश्यप, विजय शुक्ला, आरक्षक राकेश अन्ना, भावेश पटेल, अजय गहलोत, राकेश चौधरी, नरेन्द्र सहारे, मोहम्द फारूक, धीरेन्द्र यादव एवं थाना सुपेला से प्र.आर. अमर सिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही

# बारिश के बाद हवा में नमी, और गिरेगा पारा



भिलाई, 7 मई। मंगलवार की शाम मौसम ने करवट ली और अंधड़ के बीच घंटे भर जोरदार बारिश हुयी जिससे तापमान एकाएक नीचे चला गया और वातावरण शीतल हो गया। मंगलवार सुबह के बाद शाम को एकाएक घने बादल छा गए और छह बजते-बजते तेज हवाएं चलने लगीं और लगभग 7 बजे से वर्षा शुरू हो गयी जो नहीं भी तो 8 बजे तक चली। इससे शहर में जगह-जगह पानी भर गया। मतदान समाप्ति के बाद एकाएक बदले मौसम के तेवर से पोलिंग बूथों पर कार्य प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने आज बुधवार को भी कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना व्यक्त की है ।

उसके अनुसार एक द्रोणिका, उत्तरी आंतरिक उड़ीसा से, छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश होते हुए, दक्षिण-पूर्व राजस्थान तक औसत समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर स्थित है । इसके साथ ही एक द्रोणिका/वायु का असांतत्य पूर्वी विदर्भ से तेलंगाना और आंतरिक कर्नाटक होते हुए, उत्तरी तमिलनाडु तक, औसत समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। इसलिए चेतावनी जारी की गयी है कि आज प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने एवं अंधड़ चलने की संभावना है। आगामी 2 दिनों के लिए मौसम विभाग का दृष्टिकोण है कि प्रदेश में एक दो स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने की संभावना है । इस वजह से आगामी 3 दिनों में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक गिरावट होने की संभावना रहेगी। सोमवार को जहाँ अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गयी थी जो सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस अधिक थी, वहीं न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस रहा था जो कि सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वहीं मंगलवार को अधिकतम तापमान 36.4 -5 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गयी जो सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो की सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस कम रहा। सोमवार को सापेक्षिक आर्द्रता 52-22 प्रतिशत थी तो मंगलवार को 59-46 प्रतिशत दर्ज की गयी।

## फिल्म माई का लाल रूद्र प्रदर्शन के लिए तैयार



**भिलाई, 8 मई।** स्टार क्रीन प्रोडक्शन के बेनर तले एवं मुंबई के मशहूर डायरेक्टर सुभाष जायसवाल के निर्देशन एवं छॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर दीपक जिंदावनी, छॉलीवुड क्वीन हिरोइन हेमा शुक्ला, भूनेश साहू, विनय अम्बस्ट, उपासना वैष्णव, सलीम अंसारी, शमशीर सिवानी सहित छॉलीवुड के नामचीन अभिनेताओं द्वारा अभिनीत छत्तीसगढी फिल्म माई का लाल रूद्र जिसकी शूटिंग जले के पाटन विकासखण्ड के बेहद ही रमणीय स्थल कौही व उसके आस पास के क्षेत्रों में हुई थी वह बनकर पूरी तैयार है और आगामी 10 मई को पूरे छग में एक साथ रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म के माध्यम से पहली बार दीपक कुमार और भूनेश साहू की जोड़ी पर्दे पर दिखेगी। इस फिल्म में गौर करने वाली बात ये है की छत्तीसगढ़ी एवं भोजपुरी फिल्मों के सुप्रसिद्ध कलाकार इस फिल्म में साथ का काम कर रहे थे।

## सीईओ ने बच्चों को कैरियर के लिए मन लगाकर पढ़ने का कहा

**राजनांदगांव 8 मई ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह जेएमजे गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव में आयोजित नेशनल कैडेट कोर के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुई। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह बच्चों को कैरियर काऊंसलिंग के दौरान योजनाबद्ध तरीके से मन लगाकर पढने् के लिए कहा। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन दिया। इस दौरान युवाओं द्वारा किए गए प्रश्न एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस मौके पर कैरियर गाइडेंस के लिए व्याख्यान का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल श्री विवेक कुमार दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल, सूबेदार श्री रितेश आर नायर, लेफ्टिनेंट श्री डिकेश्वर निषाद, सचदेवा कॉलेज भिलाई के कैरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट श्री चिरंजीव जैन, सचदेवा कॉलेज भिलाई के करियर काउंसलिंग एक्सपर्ट श्रीमती गरिमा जैन, करियर काउंसलिंग एंकर श्रीमती दाक्षी साहू एवं कैडेट उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 38वीं छत्तीसगढ़ एनसीसी बटालियन राजनादगांव के तत्वावधान में जेएलएम गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव में 2 से 11 मई तक दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में राजनांदगांव, मानपुर-मोहला-चौकी एवं कवर्धा जिलों के 7 महाविद्यालय एवं 9 विद्यालय से लगभग 585 कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए भाग ले रहे हैं।

# खेती-किसानी के मौसम को ध्यान में रखते हुए खाद-बीज की रहे पर्याप्त उपलब्धता:कलेक्टर




**राजनांदगांव 8 मई ।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि खेती किसानी की तैयारी प्रारंभ हो गई है। इसके लिए खाद, बीज की पर्याप्त उपलब्धता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में भूमिगत जल के स्तर में कमी आती है। जिसे ध्यान में रखते हुए कम पानी की आवश्यकता वाले फसलों को लगाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करें। इसके साथ ही खरीफ फसल में भी धान की खेती के बदले कम जल की आवश्यकता वाले फसल मक्का, लघु धान्य फसल, रागी, कोदो, कुटकी एवं दलहन, तिलहन की फसल लगाने के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। इसके क्रियान्वयन के लिए बीज, उर्वरक, जैव उर्वरक, पौध संरक्षण औषधि एवं कृषि यंत्रों के संबंध में व्यवस्था करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि जिले में एजुकेशन हब के अंतर्गत 100 से 150 बच्चों का चिन्हांकन करते हुए उनका प्रवेश दिलाना है। जहां उन्हें आईआईटी, नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग दी जाएगी तथा आवासीय सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। एजुकेशन हब में 50 कमरे हैं। वहां विशेष तौर पर विद्यार्थियों को ध्यान में रखते हुए तैयारी करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जिले में पहली से पांचवीं तक के बच्चों को प्राथमिक शाला में संपर्क डिवाईज के माध्यम से पढ़ाया जा रहा है। जिसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं और बच्चों के सीखने की क्षमता में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग स्वप्रेरणा से संपर्क डिवाईज स्कूलों में देने के कार्य में अपना योगदान दें। इससे बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।


कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या दूर करने के लिए जनपद सीईओ एवं अन्य अधिकारियों द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर को व्यवस्थित करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए तथा योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जिले में बाल विवाह नहीं होना चाहिए। अक्ती तिहार को ध्यान में रखते हुए गांव में मुनादी कराते हुए बाल विवाह के दुष्परिणाम के बारे में जनसामान्य को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम विशेष रूप से कार्य करें। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने सभी विभागों से पेयजल, विद्युत, फसल विविधीकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी विभागों में विकास कार्य जारी रहे। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री अरूण विश्वकर्मा, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## भू-जल स्तर बनाये रखने के लिए फसल विविधीकरण की आवश्यकता

**राजनांदगांव 8 मई ।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने फसल विविधीकरण के लिए कार्ययोजना बनाकर किसानों को जानकारी देने कहा। उन्होंने कहा कि रबी फसलों में धान की फसल के स्थान पर गेहूं, मक्का, रागी एवं लघुधान्य फसलों को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रेरित करें। जिससे ग्रीष्मकाल में वाटर लेवल बना रहे। वर्तमान में सतही एवं भूमिगत जल का घटता हुआ जल स्तर एक गंभीर समस्या है। जिले की कृषि में प्रमुख फसल धान है, जिसके लिये सर्वाधिक जल की आवश्यकता होती है। वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार 1 किलो ग्राम चावल उत्पादन हेतु औसत 1432 लीटर जल की आवश्यकता होती है। फसलों में जल मांग के अनुसार धान में 140-150 सेमी हाईब्रिड मक्का को 50-60 सेमी, दलहन फसलों को 25-30 सेमी, सोयाबीन को 60-70 सेमी, तिल को 30 से 36 सेमी, गेहूं को 45-50 सेमी एवं गन्ना को 180-200 सेमी की आवश्यकता होती है। घटते हुए भूमिगत जल का प्रमुख कारण नलकूपों के माध्यम से अन्धाधुंध दोहन एवं सर्वाधिक जल आवश्यकता वाले धान की फसल है। जिले में कुल 29380 नलकूपों द्वारा फसलों की सिंचाई की जाती है। कलेक्टर के निर्देश पर भूमि की स्थलाकृति, प्रकार, संस्थापना को ध्यान में रखते हुए फसल चक्र परिवर्तन, फसल विविधीकरण के माध्यम से जल संरक्षण के प्रयास किये जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आगामी खरीफ फसल में धान की खेती के 176044 में से 171110 हेक्टेयर (4934 हेक्टेयर कम) कम जल आवश्यकता वाले फसलें मक्का, लघुधान्य-रागी, कोदो, कुटकी एवं दलहन, तिलहनी फसलों की कार्ययोजना तैयार की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन के लिये आवश्यक आदान सामग्री बीज, उर्वरक, जैव उर्वरक, पौध संरक्षण औषधि एवं कृषि यंत्रों की व्यवस्था की जा रही है।

## एक नजर

### परशुराम जयन्ती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम



**डोंगरगढ़ 8 मई।** भगवान् परशुराम जयन्ती के पावन अवसर पर ब्राम्हण समाज डोंगरगढ़ के तत्वाधान में 3 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। विप्र भवन काली मंदीर, केदारबाड़ी खैरागढ़ डोंगरगढ़ रोड स्थित भवन में 8 मई 2024 को महिलाओ द्वारा कार्यक्रम, 9 मई दिन गुरुवार शाम 4 बजे से महिलाओ के लिए रंगोली, थाल सजाओ, मोमबत्ती जलाना व भगवान परशुराम के जीवनी पर संक्षिप्त निबंध, चौपाई, दोहा व अन्य प्रतियोगिता का आयोजन व 10 मई 2024 शुक्रवार को शाम 4 बजे विप्र भवन से शोभा यात्रा प्रारंभ ( मोटर साईकिल ) से नगर भ्रमण करते कार्यक्रम स्थल तक। शाम 4 बजे से सुंदरकांड पाठ किया जायेगा। 7.30 बजे भगवान् परशुरामजी की पूजा अर्चना आरती के पश्चात सामाजिक प्रतियोगिता में शामिल महिलाओं एवं बच्चों को प्रोत्साहन, विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले विप्रवर को विप्र गौरव सम्मान व समाज के आशीर्वादक वरिष्ठजनो को सम्मान व 8.30 बजे से भोजन प्रसादी रखा गया है। इस अवसर पर डोंगरगढ़ ब्लॉक के स्वजातीय ब्राह्मण परिवारों से सविनय आग्रह किया गया है कि सभी आमन्त्रण स्वीकार कर भगवान् परशुराम जयन्ती कार्यक्रम में सहभागी बन पुण्य लाभ अर्जित करें।

### स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर अम्बेडकर अस्पताल में विभिन्न जाँच हो सकेंगी

**रायपुर 8 मई।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबध्द डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय में अपर मुख्य सचिव(एसीएस) श्री मनोज कुमार पिंगुआ के निर्देश पर मरीजों की विभिन्न बीमारियों के लिए आवश्यक खून संबंधी विभिन्न जाँच हो सकेंगी। हाल ही में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ ने मरीजों के हित में चिकित्सा महाविद्यालय तथा अस्पताल प्रबंधन की बैठक लेकर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल प्रबंधन को खून जाँच हेतु अतिशीघ्र व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए थे। एसीएस महोदय के निर्देशानुसार रिजेंट्स और दवाइयों की व्यवस्था कर ली गई है तथा रायपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में विभिन्न प्रकार के जाँच हो सकेंगे। विभाग मरीजों को सर्वश्रेष्ठ सेवा देने के लिए संकल्पित है। भविष्य में भी दवाइयों की और रिजेंट्स की कमी ना हो इसके लिए भी उच्च स्तर पर रणनीति बना ली गई है। स्थानीय स्तर पर तैयारियों के साथ-साथ सीजीएमएससी के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है। व्यवस्था में लगातार सुधार कार्य जारी रहेंगे।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विकासखंड मोहला में निशुल्क कोचिंग

**मोहला 8 मई ।** आगामी 9 जून 2024 को होने वाले प्रयास आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा की तैयारी के लिए मोहला विकासखंड के 07 केंद्रों में निशुल्क शिखर कोचिंग 8 मई 2024 से संचालित किया जाएगा। मोहला विकासखंड के सोमाटोला, डूमरटोला, गोटाटोला, आलकन्हार, वासडी, रेंगाकठेरा व मोहला इन सभी 07 जगह पर शिक्षकों की मदद से निशुल्क कोचिंग बच्चों को कराया जाएगा। परीक्षा की तैयारी कर रहे कोई भी विद्यार्थी अपने पालक से सहमति लेकर इस कोचिंग में निशुल्क प्रवेश ले सकते हैं। वर्तमान में कक्षा आठवीं उत्तीर्ण विद्यार्थी ही प्रयास चयन परीक्षा हेतु पात्र है। ज्ञात होगी प्रयास आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा हेतु ऑनलाइन फॉर्म भरने का कार्य 17 मई तक किया जा रहा है तथा इसकी परीक्षा 9 जून 2024 को होगी। प्रदेश कुल 15 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित है। जहां बालिकाओं के 855 व बालको के 1050 कुल 1905 के लिए सीट उपलब्ध है। प्रयास आवासीय विद्यालय एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है जहां चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9 से 12 तक निशुल्क शिक्षा तथा मेडिकल एवं इंजीनियरिंग फील्ड में जाने हेतु विशेष कोचिंग कराई जाती है। पूर्व वर्ष मोहला से 69 बच्चो का चयन प्रयास विद्यालय हेतु हुआ था।

### मनरेगा श्रमिकों को मिला 7 लाख 85 हजार मानव दिवस का रोजगार

**धमतरी 8 मई।** जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत विभिन्न रोजगार मुलक कार्य संचालित किये जा रहे है। इन कार्यो से जिले के 52 हजार 2 सौ 88 श्रमिकों को सीधे लाभ मिला रहा है। योजना के तहत वित्तीय वर्ष में प्रत्येक परिवार, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, उन्हें योजना अतर्गत कम से कम 100 दिनों का गारंटीशुदा रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान, रोजगार के लिए पजीकृत आवेदक को 15 दिवस में कार्य देने, अधिनियम के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में 100 दिवस के रोजगार के साथ ही ग्राम में जनोपयोगी एवं उत्पादकता बढ़ाने वाले संपत्तियों के सृजन का अवसर दिये जाने की जानकारी श्रमिकों को दी गई। तत्संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि नया तालाब निर्माण, डबरी निर्माण कार्य, सिंचाई नहर नाली निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य भूमि सुधार, डबरी निर्माण कार्य, व्यक्तिगत कुंआ निर्माण कार्य, पुराने जलाशय नाला सफाई एवं पुनरूद्धार कार्य, तालाब गहरीकरण एवं पचरी पींचिंग कार्य, तालाब में इनलेट आउटलेट निर्माण कार्य, जल निकासी कच्ची नाली निर्माण कार्य, मिट्टी सड़क निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य नाडेप टंकी निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य सोकपिट निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य बकरी शेड निर्माण कार्य, सामुदायिक कम्पोस्ट निर्माण कार्य, सामुदायिक नाडेप टैंक निर्माण कार्य, ठोस अपशिष्ट तरल प्रबंधन कार्य, प्रधानमंत्री आवास में 90 दिन मजदूरी कार्य कराये जा रहे हैं। योजना के तहत 28 लाख 43 हजार मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से श्रमिकों द्वारा 7 लाख 85 हजार मानव दिवस सृजित किया गया है। अप्रैल माह से श्रमिकों को प्रति दिवस 243 रूपये का मजदूरी भुगतान किया जा रहा है।

# नगरी ब्लाक के ग्राम पंडरीपानी में अवैध रूप से संचालित हैं दर्जन भर ईंटभट्ठे

## मुख्यमंत्री के फरमान का असर भी अधिकारियों पर नहीं हो रहा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 8 मई।** धमतरी जिले के आदिवासी विकास खंड नगरी क्षेत्र में इन दिनों बड़ी संख्या में अवैध तरीके से ईट भट्ठे संचालित कर लाल ईंट का निर्माण धड़ल्ले से किया जा रहा है। ईंटभट्ठे से निकलने वाले काले धुएं से पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है,इसके बावजूद जिम्मेदारों को इसकी कोई परवाह नहीं है। प्रशासन की अनदेखी के कारण नगरी एवं आसपास के गांवों में बड़े पैमाने पर ईंट भट्ठों का कारोबार लगातार बढ़ते ही जा रहा है।

इनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होने से ईंटभट्ठा संचालकों के हौसले बुलंद हैं,इन अवैध कारोबारियों ने नियमों के विरुद्ध बिना एनओसी के ईंटभट्ठों का संचालन कर सरकार के राजस्व को हानि पहुंचा रहे हैं। जबकि ईंटभट्ठे के लिए पहले खनिज विभाग व पर्यावरण से इसकी मंजूरी लेकर ईंट बनाने का कार्य किया जाना है, लेकिन इस क्षेत्र के ईंटभट्ठे संचालन करने वाले लोगों के द्वारा बिना स्वीकृति के ही ईंटभट्ठे का संचालन किया जा रहा है।



बता दें कि नगरी ब्लाक के ग्राम पंडरीपानी में कई ऐसे लोग हैं जो व्यापक रूप से ईंट निर्माण कर व्यवसाय किया जा रहा है जानकारी के मुताबिक ईट व्यवसाय करने वालों में, बीकेंद्र साहू, उमेंद्र साहू, हितेश साहू, अंकुश साहू, रामचरण साहू, रामकुमार साहू, सहित ऐसे दर्जन भर लोग हैं जो इस व्यवसाय से जुड़ कर इनके द्वारा लाल ईंट का व्यापार वर्षो से किया जा रहा है, इतना ही नहीं कृषि कार्य के नाम पर ट्रेक्टर का रजिस्ट्रेशन कराके उसका व्यवसाई करन करते हुए बिना पीट पास के ट्रेक्टर से सप्लाई किया जा रहा है,ओवरलोडिग पर रोक के लिए बनाए गए नियमों को भी ताख पर रख छोड़ा है। प्रत्येक दो हजार ईंटों को 6 से 7 हजार रूपये में बेचा जा रहा है। हर वर्ष लाखों का व्यापार होता है। वह भी बिना जीएसटी बिल के, जिसके चलते केंद्र और राज्य शासन को राजस्व की भारी क्षति हो रही है। ईंट बिक्री के लिए भट्ठा संचालकों के द्वारा जीएसटी बिल नहीं दिया जाता है। ज्यादातर सादा पर्चियों का उपयोग करते है। शिकायत पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले इतने बुलंद हैं कि यह लोग बड़े पैमाने पर शासकीय व निजी जमीन को खनन करने में लगे हुए हैं। इतना ही नहीं, उत्खनन व इनके परिवहन पर भी नियंत्रण नहीं है। नगरी ब्लाक के अंतर्गत कई ऐसे ईंटभठ्ठे संचालित किए जा रहे हैं जिनका मानक से दूर दूर तक कोई वास्ता नहीं है। इसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने जिला प्रशासन सतर्क

**बाल विवाह रोकने के लिए जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बनाई गई टीम**

**राजनांदगांव 8 मई ।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह होने की संभावना को रोकने के लिए सतर्क है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिले में बाल विवाह के रोकने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति गठित का गठन किया है। बाल विवाह रोकने के लिए जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर टीम बनाई गई है। टीम के सदस्य द्वारा संभावित बाल विवाह को रोकने अपने आसपास निगरानी की जा रही है। साथ ही बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से बाल विवाह रोकने के लिए बाल विवाह की सूचना मिलने पर दूरभाष क्रमांक 07744-220405 एवं चाईल्ड हेल्प लाईन टोल फ्री नंबर 1098 संपर्क करने का आग्रह किया है। कलेक्टर ने जिले के जनप्रनिधियों एवं स्वयंसेवी संगठनों और आम नागरिकों से बाल विवाह को रोकने में सहयोग की अपील की है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले स्तर से बाल संरक्षण समितियों, बाल विकास परियोजना अधिकारी सह बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारिओं को सतर्क रहकर बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अक्षय तृतीया के पर्व के दिन ग्राम एवं शहरों में अधिक संख्या में बाल विवाह होने की भी संभावना बनी रहती है, जो एक कानून अपराध है। जिसे रोकने के लिए विकासखण्ड स्तरीय बाल विवाह रोकथाम गठित समिति के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बाल विवाह रोकथाम समिति में ग्राम के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन, शिक्षक, पंच अन्य शामिल है। जिन्हें बाल विवाह होने की स्थिति में तत्काल सूचित किया जा सकता है। बाल विवाह कराये जाने पर बाल विवाह में शामिल परिजनों सहित विवाह करने वाले संस्थान, पुरोहित, टेन्ट हाऊस, प्रिटिंग प्रेस, नाई, बैंड बाजा बजाने वाले व्यक्ति से लेकर खाना बनाने वाले एवं सगे संबंधी के विरूद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधान अनुसार कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बाल विवाह हेतु वर के लिए निर्धारित आयु 21 वर्ष तथा वधु के लिए 18 वर्ष से कम उम्र में शादी करने एवं करवाने की स्थिति में सभी शामिल लोग अपराध की श्रेणी में आयेंगे। इस अपराध के लिए 2 वर्ष तक कठोर करावास अथवा जुर्माना जो एक लाख रूपए तक हो सकता है या दोनों से दण्डित किया जाने का प्रावधान है।



# आयुक्त ने गर्मी में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने व मौसमी बीमारी से बचाव के उपाय करने के दिये निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 मई।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने गत दिन अपने कक्ष में जल विभाग, अमृत मिशन के अधिकारी व मैदानी अमला की बैठक लेकर ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने एवं मौसमी बीमारी से बचने आवश्यक व्यवस्था करने निर्देशित किये। आयुक्त श्री गुप्ता ने जल विभाग के अधिकारियों से निकाय क्षेत्र के वार्ड में पेयजल संबंधित वार्डवार जानकरी ली तथा मौसमी बीमारी के बचाव के आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिये। उन्होंने शिवनाथ नदी में पानी की उपलब्धता की जानकारी लेते हुये कहा कि ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ हो चुकी है, जिसके कारण शहर में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करे। साथ ही जिन क्षेत्र में कम पानी आने,गंदा पानी आने की शिकायत व पार्षदों से प्राप्त पेयजल संबंधित समस्या का त्वरित निराकरण करे तथा सभी क्षेत्रों में प्रेशर के साथ सुचारू पेयजल सप्लाई हो सके, इसका विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंनें कहा कि पार्षदों से सम्पर्क कर घर कनेक्शन के संबंध में जानकारी लेकर शीघ्र कनेक्शन देवे, जिससे सुचारू पेयजल सप्लाई हो सके, इसके अलावा अनावश्यक पानी बहने की शिकायतों का निराकरण कर अतिरिक्त नल बंद करे एवं टोटी लगाये। जिन क्षेत्रों में अमृत मिशन के तहत बिछे पाईप लाईन से पेयजल आपूर्ति की जा रही है वहा पूर्व के पाईप लाईन को बंद किया जाये। शहर की सभी टंकिया पर्याप्त मात्रा में भरे, इसका विशेष ध्यान रखा जावे और टंकी भरने के पश्चात ही पेयजल सप्लाई करे। उन्होंने कहा कि हैण्ड पंपों का मरम्मत कर पाईप लाईन मरम्मत संबंधी समाग्री, पानी को शुद्ध करने में उपयोग मे लाये जाने वाले फिटकरी, ब्लीचिंग आदि सामाग्री का पर्याप्त भंडारण रखे, सभी उप अभियंतागण अपने अपने प्रभावित वार्ड की प्रतिदिन पेयजल संबंधित शिकायतो का त्वरित निराकरण करे।



आयुक्त श्री गुप्ता ने ग्रीष्म ऋतु में होने वाली मौसमी बीमारी के निपटन के आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारी से बचने के लिये दवा रखे तथा दवा एवं ओआरएस व ग्लूकोज आदि का कीट तैयार रखे, व्यापक प्रचार प्रसार करे। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत चल रहे चारों मोबाईल मेडिकल यूनिट का वार्डो में नियमित संचालन करे। लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण कार्य में प्रगति लावे, मौसमी बिमारी एवं लू से बचाव के संबंध में लोगों को जानकारी देवे व अनावश्यक घर से बाहर न निकले की समझाईस देवे। बैठक में कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके,सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम, उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे सहित उपअभियंतागण, जल विभाग एवं अमृत मिशन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### बृजमोहन अग्रवाल प्रदेश में सर्वाधिक मतों से विजयी होंगे: रमेश पटेल

**राजनांदगांव 8 मई।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल व कार्यालय प्रभारी रघुवीर वाधवा दूसरे चरण के चुनाव संपन्न होने के बाद पार्टी के उच्च पदाधिकारियों के निर्देश पर तीसरे चरण के प्रचार के लिये रायपुर लोकसभा क्षेत्र में पिछले 11 दिनों से प्रचार रत थे। इस दौरान श्री पटेल ने रायपुर लोकसभा क्षेत्र के रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में जबरदस्त चुनाव अभियान किया। वे उत्तर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों शक्ति केन्द्रों तथा मतदान केन्द्रों में जहॉ कार्यकर्ताओं की बैठके ली, वहीं जनसम्पर्क करते हुये अनेक चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुये कहा कि वर्तमान लोकसभा के चुनाव देश की दिशा को तय करने वाले है, एक तरफ वे शक्तियॉ चुनावी समर में मोदीजी को मात देने के लिये असफल कोशिश कर रहे है जिन्हे गरीबों का कल्याण देखा नहीं जा रहा है, मोदी जी ने अपने कार्यकाल में रोटी-कपड़ा और मकान की दुरूहता को खत्म किया, वहीं देश को विकास की उन ऊचांइयों तक पहुंचाया जिसकी कल्पना किसी को नही थी।

## समाचार संक्षेप

### सट्टा पर्ची और नगद के साथ पकड़ाए 2 सटोरिए



**डोंगरगांव 8 मई।** सट्टा पर्ची और 3940 रुपयों के साथ 2 सटोरियों को डोंगरगांव पुलिस ने रंगे हाथो पकड़ा।पकडे गए सटोरियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। डोंगरगांव थाना प्रभारी उपेंद्र शाह के नेतृत्व में टीम को खबर मिली की डोंगरगांव से करीब लगे अर्जुनी मे 2 युवक रुपया पैसो में अंको का दाव लगा सट्टा लिख रहे है जिसकी सुचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गयी जहा इंद्रा लाल पांडे पिता सुरेश पांडे उम्र 25 वर्ष निवासी अर्जुनी और रविंद्र कुमार सिन्हा पिता स्व. गया राम उम्र 49 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 05 अर्जुनी को लोगो को 10 का 90 का लालच देकर सट्टा नम्बर लिख रहा था जिसे पुलिस ने घेरा बंदी कर पकड़ लिया। मौके पर युवक इंद्रा पांडे के पास से 2 नग सट्टा पट्टी एवं 1900 रूपये नगद और रविंद्र कुमार के पास से 1 नग सट्टा पर्ची और नगद 2040 रूपये बरामद हुए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### मोदी की गारंटी और साय के सुशासन का नतीजा है कि जनता भाजपा के साथ है: बृजमोहन अग्रवाल



**रायपुर 8 मई।** भगवान और माता-पिता के आशीर्वाद तथा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बदौलत ही पिछले लगभग 35 साल से ज्यादा समय से जनता की सेवा कर रहा हूं। आगे भी जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरूं यही कोशिश रहेगी। यह कहना है रायपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का, जिन्होंने ने मंगलवार को बूढ़ा तालाब स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय महोदापारा में सपरिवार वोट डाला। वोट डालने के पश्चात बृजमोहन अग्रवाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि , मैने अपना वोट प्रभु श्री राम के चरणों में समर्पित किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें लोकसभा का टिकट देकर इस बार दिल्ली में रायपुर का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया। बृजमोहन अग्रवाल अपनी जीत के लिए पूरी तरीके से आशावान दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही नतीजा है कि वह आठ बार से लगातार विधायक चुने गए हैं। इस बार भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरी लगन और मेहनत के साथ कार्य किया है। साथी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन का नतीजा है की जनता भाजपा के साथ है। ऐसे में उनकी जीत पर किसी भी प्रकार का संशय नहीं रह जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह लोकसभा चुनाव एक नए भारत के निर्माण का चुनाव है। रायपुर और छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश भर में 4 जून को कमल का फूल खिलने जा रहा है और मोदी जी एक बार फिर से प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान किया है: किरण सिंह देव

**रायपुर 8 मई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने छत्तीसगढ़ में मंगलवार को तीसरे चरण के पूर्ण हुए मतदान के बाद भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि बस्तर, काँकेर, राजनांदगाँव और महासमुंद में पहले और दूसरे चरण के मतदान में भाजपा को अपना भरपूर आशीर्वाद देने के बाद अब दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चाँपा और सरगुजा लोकसभा की जनता-जनार्दन ने पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में स्वस्फूर्त मतदान किया है। तीसरे चरण चुनाव में मतदाताओं में भारी उत्साह दिखा और 7 लोकसभा सीटों में हुए मतदान लगभग 75 प्रतिशत रहा। श्री देव ने कहा कि शुक्रवार को मतदान के दूसरे चरण में मतदान का भारी प्रतिशत भाजपा के लिए काफी उत्साहजनक हैं और भाजपा का यह विश्वास फलीभूत होने जा रहा है कि प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो रहा है।

# आयुक्त ने निगम क्षेत्र की सफाई की जानकारी लोगों से ली

**राजनांदगांव 8 मई।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज प्रातः वार्ड निरीक्षण की कडी में जलतरंग कालोनी, निलगिरी पार्क व इंदिरा नगर का पैदल भ्रमण कर लोगों से रूबरू हो कर सफाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। आयुक्त श्री गुप्ता ने सफाई निरीक्षण के दौरान जलतरंग कालोनी व निलगिरी पार्क के लोगो से रूबरू हो सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने वार्ड प्रभारी से सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी लेते हुये कहा कि सभी सफाई कर्मी समय में आवे, तथा अपनी उपस्थिति निष्ठा में दर्ज किया जाना सुनिश्चत करे, अनुपस्थित कर्मचारी का गैर लाल स्याही से करे, वार्ड की सभी सड़को व नालियों की निर्धारित समय तक सफाई कराकर कचरा प्रतिदिन उठाने के निर्देश दिये। इसके अलावा वार्ड ही वार्ड नं. 45 के वार्ड प्रभारी द्वारा उपस्थिति पंजी में कर्मचारियों का फोटो न चिपकाने व अनुपस्थित कर्मचारी की हाजरी लाल स्याही के अंकित करने पर संबंधित को नोटिस जारी करने के निर्र्देश स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल को दिये। आयुक्त श्री गुप्ता ने इंदिरा नगर क्षेत्र के सफाई कार्य का जायजा लेकर सिधी भवन के पीछे जाम नाली को खोलावाकर गंदे पानी की निकासी करवाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा कि बारिश के पूर्व सभी बड़े नाला नालियों की सफाई करावे, कीटनाशक दवाईयों, चुना आदि का छिडकाव करे। साथ ही घर के सामने व खुली जगह पर मलमा रखने वालों को समझाईस देवें, अपालन पर मलमा मण्डप शुल्क वसूले। निरीक्षण के दौरान वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा,स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू उपस्थित थे।



# जुआ-सट्टा के खिलाफ की गई ताबड़तोड कार्रवाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 मई।** श्री मोहित गर्ग के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम, एसडीओपी डोंगरगांव श्री दिलीप सिसोदिया के पर्यवेक्षण में जिले में चलाये जा रहे अवैध जुआ/सट्टा के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 07.05.2024 को थाना प्रभारियों को सट्टा खाइवालों सहित अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर विशेष अभियान के अंतर्गत पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने तथा सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है।

जिसके तहत् थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 2630/- रूपये व 09 नग सट्टा पट्टी जप्त, बसंतपुर पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 1380/-रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी जप्त। थाना सोमनी पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 2230/-रूपये जप्त कर 02 नग सट्टा पट्टी जप्त। थाना छुरिया पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से नगदी रकम 650/- रूपये व 01 नग सट्टा पट्टी जप्त। डोंगरगांव पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 3940/- रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी जप्त, डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास नगदी रकम 1430/-रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी जप्त, घुमका पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 4000/-रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी, ओपी चिखली पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 2075/-रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी, तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 अरोपी के पास से नगदी रकम 450/-रूपये व 01 नग सट्टा पट्टी जप्त, सुकुलदैहान पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी से नगदी रकम 450/-रूपये जप्त किया गया । इस प्रकार जिले में आज दिनांक 07.05.2024 को कुल 17 प्रकरणों में 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 19255/- रूपये नगद एवं लाखों का सटा-पट्टी बरामद कर सभी आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत की गई कार्यवाही।



## एनडीए को चार सौ प्लस सीटें कैसे मिलेंगी ?

संपादकीय

पीएम मोदी अक्सर चौंकाने वाले फैसले करते हैं, वह कोइ भी फैसला करते हैं तो किसी को पता नहीं रहता है कि वह क्या करने वाले हैं। जब वह फैसला करते हैं तो लोग चकित होकर कहते हैं कि हमने तो सोचा तक नहीं था कि पीएम मोदी ऐसा फैसला कर सकते हैं।पीएम मोदी ने आमतौर पर कोई भविष्यवाणी करने से बचते हैं, वह ऐसा नहीं कहते हैं कि ऐसा होगा ही। वह कोई आंकड़ा भी नहीं बताते हैं। इस बार पीएम मोदी ने चुनाव की तारीखों की घोषणा के पहले ही आंकड़ों में बता दिया कि भाजपा को 370 सीटें मिल रही हैं और एनडीए को चार सौ प्लस सीटें मिल रही हैं। पीएम मोदी ने पूरे विश्वास से कहा कि ऐसा होगा लेकिन कांग्रस सहित विपक्ष को यकीन ही नहीं हुआ कि भाजपा ऐसा कैसे कर सकती है। कई दिनों तक सब माथापच्ची करते रहे कि भाजपा को आखिर 370 और एनडीए तो चार सौ प्लस सीटें कैसे मिल सकती है। सभी ने अपना जोड़ भाग, गुणा सब कर लिया और पाया कि भाजपा के लिए 370 सीटें और एनडीए के लिए चार सौ प्लस सीटें पाना संभव नहीं है। कांग्रेस सहित विपक्ष का मानना था कि इस बार भाजपा की सीटें तो राज्यों में घटने वाली है इसलिए भाजपा को 370 और एनडीए को चार सौ प्लस सीटें तो मिल ही नहीं सकती। विपक्ष को बाद में समझ में आया कि पीएम मोदी व भाजपा ने ऐसा क्यों किया। हकीकत में पीएम मोदी व भाजपा ने जब 370 औक 400 सीटों की बात की तो हर कोई इसी चर्चा मं लग गया कि भाजपा तो जीत रही है। पूरे देश में माहौल बन गया कि जीत तो भाजपा रही है, भले ही उसको 370 सीटें न मिले, चार सौ प्लस न मिले लेकिन तीसरी बार तो बहुमत आसानी से मिल रहा है। तीसरी बार पीएम मोदी बन रहे हैं.यह पीएम मोदी की लोकसभा चुनाव में शुरू से बढ़त बनाने की कोशिश की और चुनाव की तारीख की घोषणा होने के बाद तक बढ़त बनाए रखी। इसका मकसद देश के लोगों को यह संदेश देना था कि भाजपा जीत रही है, विपक्ष हार रहा है। यह संदेश देश भर के लोंगों तक पहुंच गया। इस संदेश को भाजपा ने जितना लोगों तक पहुंचाया उससे ज्यादा विपक्ष ने पहुंचाया कि भाजपा को इतती सीटें नहीं मिल रही , लेकिन विपक्ष यह बताना भूल गया कि भाजपा को बहुमत नहीं मिल रहा है, भाजपा की सरकार नहीं बने रही है। पीएम मोदी चाहते थे कि विपक्ष 370 व 400 प्लस में उलझा रहे। उसका ध्यान भाजपा को बहुमत मिल रहा है या नहीं इस ओर न जाए। यही हुआ भी। दो चरण का चुनाव होने के बाद राहुल गांधी को यह कहना याद आया कि भाजपा को ईवीएम में गड़बडी नहीं की गई तो 180 सीटें मिल सकती है, उसके बाद उन्होंने कहा कि अब लगता है कि भाजपा को 150 सीटें मिल सकती हैं। तब तक देरी हो चुकी थी, पीएम मोदी व भाजपा जो चाहते थे वह हो चुका था। दूसरे चरण के चुनाव तक किसी को पता नहीं थी कि मोदी ने भाजपा 370 व एनडीए 400 सीटें कैसे मिलेंगी। इसका खुलासा भी खुद पीएए ने चुनाव के दौरान दिए इंटरव्यू में किया। क्योंकि इंटरव्यू करनेवालों ने भी उनसे जब यह सवाल किया कि कांग्रेस कह रही है कि भाजपा चार सौ प्लस सीटें इसलिए चाहती है कि वह संविधान बदलना चाहती है, आरक्षण समाप्त करना चाहती है तो पीएम मोदी ने खुलासा किया कांग्रेस झूठ बोल रही है, भाजपा को तो 2014 व 2019 में भी लगभग 400 सीटें मिली थी, वह चाहती तो यह काम तो वह पहले भी कर सकती थी। उसने नहीं किया। जहां तक एनडीए को चार सौ सीट मिलने का सवाल है तो यह कोई बड़ी बात नहीं है क्योंकि यह तो भाजपा पहले भी हासिल कर चुकी है। एनडीए के लिए चार सौ प्लस कोई नई बात नहीं है। पीएम मोदी ने एनडीए के नाम पर उन दलों की सीट को भी जोड़ दिया जो संसद में भाजपा का सहयोग करते रहे हैं, जैसे बीजद. वायएसआर कांग्रेस सहित पूवोत्तर के दल। मोदी ने खुलासा किया उनके एनडीए को चार सौ प्लस का मतलब जो दल कांग्रेस व भाजपा के साथ नहीं हैं वे दल भी एनडीए में न होकर भी एनडीए में है, क्योंकि वह संसद में सहयोग तो एनडीए का ही करते हैं। इस बात को कोई समझ नहीं रहा था कि मोदी एनडीए कौ चार सौ प्लस कहते हैं तो उसका मतलब क्या है। अब मोदी ने सबको समझा दिया है।

लोकसभा चुनाव-24

निर्मल रानी

# संकुचित व षड्यंत्रकारी चुनावी विमर्श अत्यंत चिंतनीय





विगत चार दशकों से भारतीय जनता पार्टी भगवान राम के नाम पर राजनीति कर स्वयं को स्थापित करने की कोशिश करती रही है। आख़िरकार धार्मिक ध्रुवीकरण व राम मंदिर की राजनीति ने उसे केंद्रीय सत्ता में आने में मदद की और यह भाजपा का लोकप्रिय मुद्दा बन गया। अब वही भाजपा इससे भी दो क़दम आगे बढ़कर जहाँ सर्वव्यापी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम को अपना निजी %भगवान % समझने लगी है वहीँ अपने विरोधी दलों को राम विरोधी तो राम द्रोही आदि प्रचारित कर रही है। इसी दल की एक सांसद यहाँ तक कह चुकी है कि जो हमारे साथ हैं वह रामज़ादे हैं और जो ख़िलाफ़ हैं वह %हराम ज़ादे % हैं। इसके साथ ही स्वयं बहुसंख्यकवाद की राजनीति करने वाली यही भाजपा अपने विरोधी दलों को अल्पसंख्यक परस्त व मुस्लिम तुष्टीकरण करने वाले दलों के रूप में पूरे ज़ोर शोर से प्रचारित कर रही है। अपने इस %अनैतिक% अभियान में वह वर्तमान चुनावी बेला में सार्वजनिक मंचों से जिन शब्दों व वाक्यों का इस्तेमाल कर रही है वह भारतीय राजनीति के इतिहास का अब तक का सबसे गिरा व निम्नस्तरीय चुनाव अभियान है। यह इस बात का भी परिचायक है कि अबकी बार चार सौ पार का हवाई नारा देने वाली भाजपा व इसके शीर्ष नेता समझ चुके हैं कि जनता अब उनके विघटनकारी मंसूबों को समझ चुकी है। और 400 पार की बात तो दूर इस बार तो उनकी सत्ता में वापसी पर भी प्रश्न चिन्ह लग चुका है।

ग़ौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर अयोध्या स्थित विवादित मंदिर मस्जिद मुक़ददमे का निर्णय सुनाया गया। इसी फ़ैसले में केंद्र सरकार से एक ट्रस्ट बनाकर मंदिर निर्माण करने को कहा गया। यहाँ यह भी क़ाबिल-ए-ग़ौर है कि मंदिर-मस्जिद अदालती वाद परिवाद में मुद्दई के रूप में न तो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ था न विश्व हिन्दू परिषद् न ही भाजपा। परन्तु केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एन डी ए सरकार होने के नाते बड़ी ही चतुराई से ट्रस्ट के गठन से लेकर मंदिर निर्माण व उद्घाटन तक के इस पूरे प्रकरण का भाजपा द्वारा %निजीकरण % कर लिया गया। यहाँ तक कि 22 जनवरी 2024 को हुये मंदिर उद्घाटन के दौरान इसके प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक विधि विधान सम्बन्धी तौर तरीक़ों व समय को लेकर देश के चारों शंकराचार्यों सहित तमाम संतों महंतों द्वारा इसका कितना तार्किक विरोध किया गया। परन्तु उन सब की अनसुनी कर दी गयी। और मंदिर ट्रस्ट से लेकर इसके उद्घाटन तक को पूर्णतः भाजपाई इवेंट के रूप में पेश किया गया। और अब उसी आधार पर यह कहकर वोट माँगा जा रहा है कि %जो राम को लाये हैं हम उनको लाएंगे%।

देश के चारों शंकराचार्य ही नहीं बल्कि हज़ारों वरिष्ठ संतों ने तथा भाजपा विरोधी दलों ने यह बख़ूबी समझ लिया था कि ट्रस्ट गठन से लेकर प्राणप्रतिष्ठा तक का पूरा कार्यक्रम पूरी तरह राजनैतिक व अनैतिक है। इसी लिये जहां शंकराचार्यों ने इस आयोजन में शिरकत नहीं की वहीँ विपक्षी दलों के नेताओं ने भी 22 जनवरी के इस %राजनैतिक आयोजन % से दूरी बनाये रखी। इतना ही नहीं बल्कि कई प्रमुख केंद्रीय मंत्री व भाजपाई मुख्यमंत्री भी अभी तक अयोध्या के नवनिर्मित मंदिर दर्शन करने नहीं गए हैं। परन्तु भाजपा के निशाने पर केवल कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के नेता हैं। भाजपा इसे लेकर ऐसे ऐसे दुष्प्रचार कर रही है ताकि वह किसी तरह कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के अन्य दलों व उनके नेताओं को राम विरोधी साबित कर सके। अफ़सोस की बात तो यह है कि कल के धर्मनिर्पेक्षतावादी जो आज भगवा रंग में रंग रहे हैं उनसे भी भाजपा यही कहलवा रही है कि कांग्रेस राम विरोधी है। और कांग्रेस अयोध्या मंदिर दर्शन करने का विरोध करती है।

जबकि सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है। कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेट अयोध्या दर्शन करने जा चुकी हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय रॉय पूरी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ राम मंदिर जा चुके। सांसद दीपेंद्र हुडा , छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जेसे तमाम कांग्रेस नेता 22 जनवरी के बाद अयोध्या जा चुके हैं। परन्तु कांग्रेस आला कमान ने किसी नेता से इस विषय पर कोई सवाल नहीं किया। क्योंकि कांग्रेस शुरू से यही मानती आ रही है कि धर्म व धर्म पालना किसी भी व्यक्ति का आस्था सम्बन्धी अत्यंत निजी विषय है। इसकी पालना करने या न करने का प्रत्येक व्यक्ति का अपना निजी अधिकार है। कांग्रेस ने न तो कभी राम के नाम पर वोट माँगा न ही राम के विरोध के नाम पर। परन्तु दुष्प्रचार की इंतेहा यह कि नरेंद्र मोदी स्वयं यह कह रहे हैं कि मैं %लोकसभा चुनाव में 400 सीट इसलिए जीतना चाहता हूं कि ताकि कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर पर बाबरी ताला ना लगा दे। कांग्रेस की चली तो कांग्रेस कहेगी कि भारत में जीने का पहला हक भी उसके वोट बैंक (मुसलमानों) का है। लेकिन जब तक मोदी ज़िंदा है, नक़ली सेक्युलरिज़्म के नाम पर भारत की पहचान मिटाने की कोई भी कोशिश मोदी सफल नहीं होने देगा, और ये हज़ारों वर्ष पुराने भारत को, उसकी इस संतान की गारंटी है। %% देश के प्रधानमंत्री के मुंह से निकला हुआ यह वाक्यविपक्षी दलों के लिये कितनी कुंठा से भरा व हताशा से परिपूर्ण प्रतीत होता है ?

आज देश मंहगाई,बेरोज़गारी,शिक्षा,स्वास्थ्य,अमेरिकी डालर के मुक़ाबले भारतीय मुद्रा में आ रही अभूतपूर्व गिरावट, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, (पीएसयू) के चंद निजी हाथों में सौंपे जाने जैसे अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों से जूझ रहा है। परन्तु सरकार के पास इनका न तो कोई जवाब है न ही इनके समाधान की कोई नीति। 2019 का चुनाव इसी मोदी सरकार ने मुफ़्त राशन पाने वाले लाभार्थी मतदाताओं के दम पर जीत लिया था । इसबार वही लाभार्थी श्रेणी भी यह समझ चुकी है कि यह तो राशन पर उन्हें आश्रित बनाये रखने की सत्ता की एक गहरी चाल है। लिहाज़ा इसबार बड़ी ही बेशर्मी के साथ हिन्दू मुसलमान,राम मंदिर,मंगल सूत्र,भैंस,मछली,गाय,जिहाद जैसे मुद्दों को चुनावी विमर्श के बीच लाकर लड़ा जा रहा है। आश्चर्य की बात तो यह है कि यह बातें भाजपा के किसी दूसरे व तीसरे दर्जे के नेता द्वारा नहीं बल्कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की जा रही हैं। जोकि देश के प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च गरिमामयी पद पर बैठे किसी भी व्यक्ति की मान व प्रतिष्ठा के विरुद्ध है। और यह देश की बदनामी का भी कारक है। मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की इस तरह का संकुचित व षड्यंत्रकारी चुनावी विमर्श अत्यंत चिंतनीय है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। माता-पिता आज अपने बच्चों के लिए समय निकालेंगे और उनके साथ गेम खेलेंगे। सिंगर्स को आज किसी बड़े एल्बम में गाने का मौका मिल सकता है। आज ऑफिस के काम को समय से पूरा करने में आपको सफलता मिलेगी। आज जल्दबाजी में कोई जरूरी सामान आप घर पर भूल सकते हैं, इसलिए अपने काम के प्रति सचेत रहें। आज आपका स्वास्थ फिट रहेगा। काम में आपका मन लगेगा। सिविल इंजिनियर आज किसी नए प्रोजेक्ट की शुरुआत करेंगे।

वृष राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आप किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। राजकीय क्षेत्र में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना कर रखें, लोग आपका समर्थन करेंगे। आज आय वृद्धि के एकानेक स्रोत मिलेंगे। आज आपका स्वास्थ चुस्त दुरुस्त बना रहेगा। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन उमंग भरा रहेगा। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आज घरवालों के साथ खुशी का वातावरण रहेगा। आज जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करें। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं । रुके हुये कार्यों को नए सिरे से फिर कोशिश करें, आप अवश्य ही सफल होंगे। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा। आज किसी बात पर अधिक गौर न करें अन्यथा आपको उलझने होंगी। लवमेट से आज उपहार मिलेगा, इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज अनावश्यक सोचने से बचें, नहीं तो आपकी उलझने बढ़ सकती हैं। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बिताएंगे। साथ ही आपको दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। उनसे कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। जीवनसाथी से मन की बात शेयर कर सकते हैं। परिवार से दूर रहकर जॉब कर रहे लोगों को घरवालों से मुलाकात करने का मौका मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे । आज आप मेहनत, धैर्य और समझदारी से जरूरी काम निपटा लेंगे । आज आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं । आज परिवार में सुख-समृद्धि का माहौल रहेगा। किसी नए भवन के निर्माण के लिए आज आप अपने भाईयों से विचार-विमर्श करेंगे। जीवनसाथी आज आपके कार्यों में सहयोग करेंगे।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप अपने दोस्त के साथ शाम को पार्टी करेंगे। आज कार्य स्थल पर आप उत्साह के साथ काम करेंगे, कलीग्स आपको फॉलो करेंगे। लेखकों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी कविता या कहानी के लिये आपको सम्मानित किया जा सकता है। आज आप नया वाहन लेने का प्लान बना सकते है। बच्चे आज किसी खिलौने की डिमांड कर सकते है। आज आप पूरे परिवार के साथ अलग- अलग पकवानों का आनंद उठाएंगे।

**तुला राशि-:**आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आप जीवनसाथी के साथ घूमने जायेंगे, जिससे रिश्ते में और मजबूती आएगी। आप एक-दूसरे की भावनाओं को समझने के साथ ही जीवन की हर परिस्थिति में साथ देने का वादा भी करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स आज किसी विशेष टॉपिक को समझने के लिए अपने सीनियर्स की मदद लेंगे। काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। बिना किसी अनुभवी शख्स की सलाह के आज ऐसा कोई भी काम ना करें, जिसमें आपको कॉन्फिडेंस न हो।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिये लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। लोग आज आपके स्वभाव की तारीफ करेंगे। संतान पक्ष से आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। आज आप कोई प्रॉपर्टी लेने का मन बनाएंगे।

**धनु राशि-:** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके विचारों को अहमियत मिलेगी, आपका सम्मान बढेगा। आज आप माता-पिता के साथ बैठकर भविष्य की योजनाओं पर बात करेंगे। आज आप किसी व्यक्ति को कोई काम करने के लिए साहस देंगे ऐसा करके आपको अच्छा फील होगा। आज किसी पुरानी बात को सोचकर मुस्कुराते नज़र आयेंगे। आज आप लवमेट के साथ घूमने जाएंगे। साथ में डिनर करने का प्लान भी बनाएंगे।

**मकर राशि-**आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके करियर में कोई नया मोड़ आने वाला है यह आपके लिए बढ़िया साबित होगा। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे आगे चलकर आपकी गहरी दोस्ती हो सकती है। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। आज आप शाम का समय अपने दादी-दादा के साथ बिताएंगे, आपकी बचपन की यादें ताज़ा होंगी। आज घर के जरूरत का सामान खरीदने मार्केट जाएंगे।

**कुंभ राशि-:** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आप किसी व्यक्ति की बातों से प्रभावित होंगे। आज समस्याओं से घबराने के बजाय उनको शांत मन से सुलझाने की कोशिश करें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें । जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको खुशी होगी। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी आज आपको कोई बेहतरीन सरप्राइस दे सकते हैं।

**मीन राशि-:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। दोस्त शाम के लिए कोई बढ़िया योजना बनाकर आपकी शाम खुशनुमा कर देंगे। आज आप अपने आप में काफी अच्छा महसूस करेंगे। आज अच्छे काम के कारण लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। नए कार्य की शुरूआत करें सफलता मिलेगी। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, काम करने में मन लगा रहेगा। छात्रों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। थोड़ी और मेहनत कराने की जरूरत है।

## क्या राधिका खेड़ा मामले की बड़ी कीमत कांग्रेस को चुकानी पड़ेगी?

अनिल पुरोहित

छह दिनों तक अपमान और अपने साथ हुई बदसलूकी के मामले में न्याय नहीं मिलने से मर्माहत कांग्रेस और राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से त्यागपत्र देने के दो दिन बाद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो चुकीं सुश्री राधिका खेड़ा ने जो खुलासे भाजपा प्रवेश से एक दिन पूर्व सोमवार को दिल्ली में आहूत अपनी पत्रकार वार्ता में किए हैं, उसके बाद यह कहने में कतई ऐतराज नहीं किया जा सकता कि कांग्रेस कार्यालय महिलाओं के लिए किसी भी रूप में सुरक्षित जगह नहीं रह गया है। सुश्री खेड़ा द्वारा किए गए खुलासों के बाद तो कांग्रेस के लोगों को शर्म से गड़ जाना चाहिए और अपने मुँह से नारी सुरक्षा, सम्मान और न्याय की बातें बिल्कुल नहीं करनी चाहिए।

कांग्रेस में महिलाओं के हर तरह के शोषण का यह इतिहास बहुत पुराना है और सुश्री राधिका खेड़ा ने कांग्रेस की इस निकृष्ट मानसिकता के खिलाफ जो आवाज बुलंद की है, उसकी गूंज से कांग्रेस का समूचा राजनीतिक वजूद भरभरा जाने के आसार बढ़ गए हैं। कांग्रेस में महिलाओं के अपमान की यह कोई पहली घटना नहीं हैं। कांग्रेस का तो इतिहास ऐसी शर्मनाक हरकतों की गवाही दे रहा है। फिल्म जगत से कांग्रेस में आईं नगमा के साथ कांग्रेस दफ्तर में ही हुए अपमानजनक व्यवहार को छत्तीसगढ़ भूला नहीं है। रायपुर में लगभग सालभर पहले हुए कांग्रेस के जिस राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रियंका वाड्रा ने गुलाब की पंखुड़ियों के लगभग दो किलोमीटर लंबे कालीन पर कदमताल की थी, उसी अधिवेशन के दौरान कांग्रेस के कैम्प कार्यालय (होटल) में कांग्रेस की उसी दलित महिला नेत्री अर्चना गौतम के साथ प्रियंका वाड्रा के ही निज सचिव ने अशिष्टता की सारी हदें पार कर दी थी, जो प्रियंका वाड्रा के जुमले %लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ% की पोस्टर गर्ल थीं। नैना साहनी को तंदूर में भून डालने, भँवरीदेवी कांड रचने और अपनी ही एक वरिष्ठ महिला नेत्री को भरी सभा में %सौ टका टंच माल% बताने की राजनीतिक संस्कृति की पोषक कांग्रेस में अपने प्रति ऐसे ही अशिष्ट आचरण से क्षुब्ध होकर ही प्रियंका चतुर्वेदी ने कांग्रेस को बाय-बाय किया था और महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए सुष्मिता देव ने कांग्रेस को छोड़ा था।

राधिका खेड़ा के मामले में कांग्रेस जाँच करने का दिखावा कर मामले की लीपापोती करने में लगी थी, यह सुश्री खेड़ा के त्यागपत्र से स्पष्ट प्रतीत हो रहा है। कांग्रेस के डीएनए में ही राम-द्रोह और महिलाओं का तिरस्कार रचा-बसा है। अयोध्या जाकर प्रभु श्रीरामलला का दर्शन करने पर जो दुर्व्यवहार सुश्री खेड़ा के साथ कांग्रेस में किया गया, क्या उसकी बड़ी कीमत कांग्रेस को चुकानी नहीं पड़ेगी? प्रभु श्रीरामलला के दर्शन करके टारगेट बनने वालीं सुश्री खेड़ा कांग्रेस में पहली नेता नहीं हैं। जिस-जिसने भी प्रभु श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा के न्योते को ठुकराने के कांग्रेस आलाकमान के फैसले से असहमति दर्ज की थी, जिस-जिसने भी अपनी आस्था के वशीभूत होकर अयोध्या जाकर भगवान रामलला के दर्शन किए, उन सबको या तो कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया या फिर उन्हें कांग्रेस छोड़ने के लिए विवश कर दिया गया। आचार्य प्रमोद कृष्णम के निष्कासन से लेकर सुश्री खेड़ा के इस्तीफे तक का यह दौर कांग्रेस के उस दावे की बखिया उधेड़ रहा है जिसमें कांग्रेस के लोकतंत्र में विश्वास और पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र की डींगें हाँकते कांग्रेसी देशभर में अपना रामद्रोही व महिला-विरोधी राजनीतिक चरित्र लिए फिर रहे हैं। सुश्री खेड़ा के साथ जिस कांग्रेस में बदसलूकी हुए 6 दिन बीतने के बाद भी जब न्याय नहीं मिल सका और उनका आत्म-सम्मान सुरक्षित नहीं रहा तो उस कांग्रेस से देश की महिलाओं के सम्मान की रक्षा और उनके साथ न्याय की क्या उम्मीद रखी जाए? अगर कांग्रेस महिला न्याय के ढोल पीट रही है, तब सवाल यह भी उठता है कि सुश्री खेड़ा को न्याय के लिए इतना लंबा इंतजार क्यों पड़ा? जबकि, इस घटना के ठीक दूसरे दिन कांग्रेस के नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर पवन खेड़ा तो रायपुर में थे। छत्तीसगढ़ आकर दिल्ली लौटने के बाद पवन खेड़ा को इस मामले की सुध लेना याद आया! अगर वह चाहते कि सचमुच राधिका खेड़ा को न्याय मिले तो वहीं आमने-सामने सारी बात सुनकर मामले का पटाक्षेप कर देते और सुश्री खेड़ा को न्याय दिलवा देते। इसी बीच कांग्रेस नेत्री प्रियंका वाड्रा छत्तीसगढ़ आकर दो सभाएँ लेकर लौट गईं पर इस मामले में उनके मुँह से दो बोल तक नहीं फूटे और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तो इस मुद्दे पर सवालों से बचने के लिए यहाँ आयोजित अपनी पत्रकार वार्ता ही रद्द करके दिल्ली लौट गए। इसके बाद अपनी राष्ट्रीय प्रवक्ता का आत्म-सम्मान महफूज रखकर उन्हें न्याय के लिए 6 दिन का इंतजार कराया गया। सवाल यह है कि राधिका खेड़ा के मामले में कांग्रेस जाँच करने का दिखावा कर मामले की लीपापोती क्यों कर रही थी? क्या नेतृत्व इस ऊहापोह में था कि अगर राधिका खेड़ा को न्याय दिलाने पर उसे अर्चना गौतम को भी न्याय दिलाना पड़ता? हैरत की बात तो यह है कि जिस कांग्रेस के एकमात्र मालिक गांधी परिवार के तीन में से दो मुखिया महिलाएँ हैं, उस कांग्रेस में महिलाओं की यह स्थिति है। इस मामले में पीड़ित पक्ष कोई साधारण महिला नहीं है, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता थीं और वह खुलेआम कह रही थीं, सोशल मीडिया पर लिख रही थीं कि उनसे दुर्व्यवहार हुआ। सुश्री खेड़ा ने यह भी कहा था- ÷दुशील को लेकर कका का मोह एक लड़की की इज्जत से बढ़कर है।÷ पूर्व मुख्यमंत्री बघेल आखिर क्यों अपनी ही पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता के अपमान की कीमत पर किसी के प्रति मोहग्रस्त नजर आए? क्या भूपेश बघेल %भेंट-मुलाकात% कार्यक्रम में एक महिला को %ए लड़की% कहकर अपमानित की तर्ज पर ही अब सुश्री खेड़ा को भी उसी भाषा में नसीहत देने की फिराक में थे कि %ए लड़की, ज्यादा राजनीति मत कर।% सवाल तो और भी हैं। प्रदेश कांग्रेस नेताओं के रवैए और राष्ट्रीय नेतृत्व की ढिलाई ने अंततः सुश्री खेड़ा को कांग्रेस से अपना 22 साल पुराना नाता तोड़ने के लिए विवश किया, क्या इस बात के लिए कांग्रेस के नेता कभी खुद को माफ कर पाएंगे? कांग्रेस में न्याय मांगने के लिए राष्ट्रीय प्रवक्ता को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के पास सुरक्षा के लिहाज से अपनी माँ को साथ लेकर जाना पड़े, क्या कांग्रेस नेताओं को इस बात पर कभी शर्म महसूस होगी? विशाखा एक्ट तक यह कहता है कि कार्यस्थल पर हुई ऐसी हरकतों की शिकायत पर संस्था प्रमुख को तुरंत ध्यान देते हुए एक जाँच कमेटी बनानी चाहिए और उस कमेटी में महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य रूप से हो। ऐसा नहीं होने पर संस्था प्रमुख भी दोषी माने जाएंगे। सुश्री खेड़ा के मामले में कांग्रेस नेतृत्व की ओर से चूँकि ऐसा कुछ नहीं किया गया है, इसलिए कांग्रेस प्रमुख भी इस पूरे मामले में क्या बराबर के दोषी नहीं माने जाएंगे?

गंभीर मुद्दा

ललित गर्ग

# मिलावट का कहर, स्वास्थ्य के लिये जहर





भारतीय मसालों की गुणवत्ता की साख जब दुनिया में धुंधली हुई है, मिलावटी मसालों पर देश से दुनिया तक बहस छिड़ी हुई है, तब दिल्ली में मिलावट के एक बड़े मामले का पर्दापाश होना न केवल चिंताजनक है बल्कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये शर्मनाक है। भारत में मिलावट का मामला मसालों तक ही सीमित नहीं है। मिलावटखोरों ने दवाइयों, तेल, घी, दूध, मिठाइयों से लेकर अनाज तक किसी चीज को नहीं छोड़ा है। हर साल त्योहारों पर देशभर से मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों की खबरे आती हैं। प्रश्न है कि आखिर मिलावट का बाजार इतना धडल्ले से क्यों पनप रहा है, क्यों सिस्टम लाचार है, मिलावटखोरी का अंत क्यों नहीं हो पा रहा है? लोकसभा चुनाव के दौरान मिलावट की त्रासद एवं जानलेवा घटनाओं का उजागर होना, क्यों नहीं चुनावी मुद्दा बनता?

कह तो सभी यही रहे हैं--÷बाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है।÷ लेकिन इस बड़े सच रोटी यानी पेट भरने की खाद्य-सामग्री को मिलावट के कारण दूषित एवं जानलेवा कर दिया गया है। देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट मुनाफाखोरी का सबसे आसान जरिया बन गई है। खाने-पीने की चीजें बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। किसी भी वस्तु की शुद्धता के विषय में हमारे संदेह एवं शंकाएं बहुत गहरा गयी हैं। मिलावट का धंधा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी फैला हुआ है और इसकी जड़ें काफी मजबूत हो चुकी हैं। जीवन कितना विषम और विषभरा बन गया है कि सभी कुछ मिलावटी है। सब नकली, धोखा, गोलमाल ऊपर से सरकार एवं संबंधित विभाग कुंभकरणी निद्रा में है। मिलावटी खाद्य पदार्थ धीमे जहर की तरह हैं। ये दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों, अल्सर, कैंसर वगैरह की वजह बन सकते हैं। खाने वालों को आभास भी नहीं होता कि वे धीरे-धीरे किसी गंभीर बीमारी की ओर जा रहे हैं। वे किसी पर भरोसा कर कुछ खरीदते हैं और मिलावटखोर तमाम कानून बने होने एवं प्रशासन की सक्रियता के बावजूद इस भरोसे को तोड़ रहे हैं। उनकी वजह से दूसरे देशों का भी भरोसा भारतीय उत्पादों पर कम होने की स्थितियां बनती जा रही है। कुछ दिनों पहले ही हांगकांग और सिंगापुर ने लिमिट से ज्यादा पेस्टिसाइड का आरोप लगाकर दो भारतीय ब्रैंड के कुछ मसालों को बैन किया था। अगर ऐसा हुआ तो इनके निर्यात से करोड़ों डॉलर की आमदनी पर आंच आएगी।

मिलावट करने वालों को न तो कानून का भय है और न आम आदमी की जान की परवाह है। दुखद एवं विडम्बनापूर्ण तो ये स्थितियां हैं जिनमें खाद्य वस्तुओं में मिलावट धडल्ले से हो रही है और सरकारी एजेन्सियां इसके लाइसैंस भी आंख मूंदकर बांट रही है। जिन सरकारी विभागों पर खाद्य पदार्थों की क्वॉलिटी बनाए रखने की जिम्मेदारी है वे किस तरह से लापरवाही बरत रही है, इसका परिणाम आये दिन होने वाले फूड प्वाइजनिंग की घटनाओं से देखने को मिल रहे हैं। मिलावट के बहुरुपिया रावणों ने खाद्य बाजार जकड़ रखा है। मिलावट का कारोबार अगर फल-फूल रहा है, तो जाहिर है कि इसके खिलाफ जंग उस पैमाने पर नहीं हो रही है, जैसी होनी चाहिए। इस मामले में भारत अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश से कुछ सबक ले सकता है, जिसने हल्दी में लेड की मिलावट पर काबू पा लिया। मिलावटखोर हल्दी की चमक बढ़ाने के लिए लेड का इस्तेमाल करते हैं और यह समस्या पूरे दक्षिण एशिया की है।

मिलावट सबसे बड़ा खतरा है। मारने वाला कितनों को मारेगा? एक आतंकवादी स्वचालित हथियार से या बम ब्लास्ट कर अधिक से अधिक सौ दो सौ को मार देता है। लेकिन खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाला हिंसक एवं दरिंदा तो न जाने कितनों को मृत्यु की नींद सुलाता है, कितनों को अपंग और अपाहिज बनाता है। इन हिंसक, क्रूर एवं मुलाफाखोरों पर लगाम न लगने की एक वजह यह भी है कि ऐसा करने वालों को लगता है, इससे होने वाले मुनाफे की तुलना में मिलने वाली सजा बहुत कम है। जाहिर है, सजा कड़ी करने के साथ ही यह भी पक्का करना होगा कि दोषी किसी तरह से बच न निकलें। यही नहीं, लोगों को पता होना चाहिए कि मिलावट की शिकायत कहां करनी है। हमारे प्रयासों में कमी न रहे, तभी यह काला धंधा रुक सकेगा।

कारोबार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण मिलावट हर जगह देखने को मिलती है। कहीं दूध में पानी की मिलावट होती है, तो कहीं मसालों में रंगों की। दूध, चाय, चीनी, दाल, अनाज, हल्दी, फल, आटा, तेल, घी आदि ऐसी तमाम तरह की घरेलू उपयोग की वस्तुओं में मिलावट की जा रही है। यानी, पूरे पैसे खर्च करके भी हमें शुद्ध खाने का सामान नहीं मिल पाता है। मिलावट इतनी सफाई से होती है कि असली खाद्य पदार्थ और मिलावटी खाद्य पदार्थ में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। जीवन मूल्यहीन और दिशाहीन हो रहा है। हमारी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता और अविश्वास के चक्रव्यूह में जीवन मानो कैद हो गया है। घी के नाम पर चर्बी, मक्खन की जगह मार्गरीन, आटे में सेलखड़ी का पाउडर, हल्दी में पीली मिट्टी, काली मिर्च में पपीते के बीज, कटी हुई सुपारी में कटे हुए छुहारे की गुठलियां मिलाकर बेची जा रही हैं। दूध में मिलावट का कोई अंत नहीं। नकली मावा बिकना तो आम बात है। राजस्थान और गुजरात में चल रहा नकली जीरे का कारोबार अब दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सो तक पहुंच गया है। दिल्ली में पहली बार पकड़ी गई नकली जीरे की खेप ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत के लोगों को न शुद्ध हवा मिल रही है और न शुद्ध पानी और न ही शुद्ध खाने का निवाला, कैसी अराजक शासन व्यवस्था है?

मिलावट के कारण हम एक बीमार समाज का निर्माण कर रहे हैं। शरीर से रुग्ण, जीर्ण-शीर्ण मनुष्य क्या सोच सकता है और क्या कर सकता है? क्या मिलावटखोर परोक्ष रूप से जनजीवन की सामूहिक हत्या का षड्यंत्र नहीं कर रहे? हत्यारों की तरह उन्हें भी अपराधी मानकर दंड देना अनिवार्य होना चाहिए। मिलावट एक ऐसा खलनायक है, हत्यारी प्रवृत्ति है, जिसकी अनदेखी जानलेवा साबित हो रही है। चाहे प्रचलित खाद्य सामग्रियों की निम्न गुणवत्ता या उनके जहरीले होने का मतलब इंसानों की मौत भले ही हो, पर कुछ व्यापारियों एवं सरकारी अधिकारियों के लिए शायद यह अपनी थैली भर लेने का एक मौका भर है। त्यौहारों पर मिलावटी मिठाइयां खाने से अपच, उलटी, दस्त, सिरदर्द, कमजोरी और बेचैनी की शिकायते सुनने में आती रही है। इससे किडनी पर बुरा असर पड़ता है। पेट और खाने की नली में कैंसर की आशंका भी रहती है। खाद्य उत्पाद विनियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने 2006 के खाद्य सुरक्षा और मानक कानून में कड़े प्रावधान की सिफारिश की थी। कानून को सिंगापुर के सेल्स आफ फूड एक्ट कानून की तर्ज पर बनाया गया जो मिलावट को गम्भीर अपराध मानता है। फूड?इंस्पैक्टरों का दायित्व है कि वह बाजार में समय-समय पर सैम्पल एकत्रित कर जांच करवाएं लेकिन जब सबकी 'मंथली इन्कम' तय हो तो फिर जांच कौन करे? हालत यह है कि बाजारों में धूल-धक्कड़ के बीच घोर अस्वास्थ्यकर माहौल में खाद्य सामग्रियां बेची जा रही है। सीएजी ऑडिट के दौरान जो तथ्य उजागर हुए हैं, वे भ्रष्टाचार को तो सामने लाते ही है साथ-ही-साथ प्रशासनिक लापरवाही को भी प्रस्तुत करते हैं। देश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने का काम करने वाली सरकारी एजेन्सी की दशा कितनी दयनीय है और वहां कितनी लापरवाही बरती जा रही है, सहज अनुमान लगाया जा सकता है। हमें सोचना चाहिए कि शुद्ध खाद्य पदार्थ हासिल करना हमारा मौलिक हक है और यह सरकार का फर्ज है कि वह इसे उपलब्ध कराने में बरती जा रही कोताही को सख्ती से ले।

## एक नजर

### अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकृत करने के निर्देश

**जगदलपुर, 8 मई ।** कमिश्नर बस्तर श्री श्याम धावड़े ने बस्तर संभाग के सभी कलेक्टर्स को परिपत्र जारी कर राज्य शासन के निर्देशानुसार अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर समयबद्ध रूप से निराकृत किये जाने के निर्देश दिए हैं। उक्त सम्बन्ध में जारी परिपत्र के अनुसार शासन द्वारा शासकीय सेवकों के सेवाकाल में मृत्यु होने पर अनुकंपा नियुक्ति हेतु जारी एकजाई पुनरीक्षित निर्देश 2013 के बिंदु क्रमांक 15 (11) में आंशिक संशोधन करते हुए अधिसूचित क्षेत्र के लिए अनुकंपा नियुक्ति हेतु निर्धारित 10 प्रतिशत की सीमा को बढ़ाकर 25 प्रतिशत सीमा में पद आरक्षित करते हुए कलेक्टर एवं संभागायुक्त को निराकरण करने हेतु प्राधिकृत किया गया है।कमिश्नर ने अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण में तत्परता के साथ कार्यवाही किये जाने निर्देशित किया है कि पूर्व में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का जिला स्तर पर निराकरण नहीं होने की स्थिति में विभागाध्यक्ष को अग्रेषित करने का प्रावधान था। शासन के निर्देश के अनुक्रम में संदर्भित पत्र-2 के तहत् लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके अनुक्रम में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा विभागाध्यक्ष को प्रेषित किये गये अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को तत्काल वापस मंगाया जाकर परीक्षण उपरांत जिला स्तर पर निराकरण की स्थिति में निराकृत कर शेष सभी प्रकरणों को संभागायुक्त कार्यालय को अग्रेषित करना सुनिश्चित किया जाए।

### अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के लिए 9 मई को होगी समीक्षा बैठक

**जगदलपुर, 8 मई ।** बस्तर संभाग के अंतर्गत अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण हेतु कमिश्नर बस्तर श्री श्याम धावड़े की अध्यक्षता में 9 मई 2024 को प्रातः 11 बजे संभागायुक्त कार्यालय बस्तर के सभागार में समीक्षा बैठक आहूत की गई है। इस सम्बंध में संभाग के सभी कलेक्टर्स को जारी परिपत्र में कहा गया है कि उक्त बैठक में अपर कलेक्टर एवं संबंधित शाखा प्रभारी को निर्धारित प्रपत्र में जिले समस्त विभागों की संकलित जानकारी के साथ उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया जाए।कमिश्नर द्वारा इस बैठक में मुख्य अभियंता लोक निर्माण,छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कम्पनी एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जगदलपुर सहित लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,जल संसाधन एवं अक्षय उर्जा विकास अभिकरण के अधीक्षण अभियंता,सयुंक्त संचालक चिकित्सा महाविद्यालय जगदलपुर एवं कांकेर,सयुंक्त संचालक कृषि,स्वास्थ्य,शिक्षा,पशु चिकित्सा और नगरीय प्रशासन तथा कार्यपालन अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग,सेतु निर्माण एवं सीजीएमएससी व सयुंक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं को अनुकंपा नियुक्ति सम्बन्धी जिलेवार निर्धारित प्रपत्र में अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### मुख्यमंत्री के सचिव ने किया मतदान

**कांकेर, 8 मई ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तीसरे चरण के मतदान के दौरान 07 मई को मुख्यमंत्री के सचिव एवं जनसंपर्क सचिव श्री पी. दयानंद ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती शैलजा के साथ देवेंद्र नगर ऑफिसर्स कॉलोनी रायपुर के आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 52 में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी नागरिकों को निर्भीक, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

### इग्नू सत्रांत परीक्षा के लिए असाईनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई तक

**जगदलपुर, 8 मई ।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) सत्रांत परीक्षा जून 2024 के लिए ओडीएल एवं ऑनलाइन के लिए असाईनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई 2024 तक निर्धारित किया गया है।

इस हेतु अध्ययन केंद्र 1509 शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर में प्रवेशित छात्र-छात्राएं ओडीएल के अंतर्गत असाईनमेंट की हार्ड कॉपी अध्ययन केंद्र में निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से जमा करें।

# प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी सेंटर तिल्दा में बच्चों का समर कैंप 10 मई से



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 8 मई।** स्कूल जाने वाले बच्चों की गर्मी की छुट्टियाँ चल रही हैं। ऐसे समय पर बच्चों को पढ़ाई लिखाई के अलावा जीवन के जरूरी सूत्र सिखाने के लिए प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी तिल्दा शाखा द्वारा विशेष समर कैंप अयोजित किया जा रहा है। क्या शिविर में बच्चों को साकारात्मक विचार करने के लिए आध्यात्मिक ज्ञान और ध्यान सिखाया जाएगा, जो मन को शांत या एकाग्र करने में बहुत कारगर है। इसके अलावा बच्चों को अलग-अलग पेशे के लोगों से बातचीत करने, उनके अनुभव और उस पेशे तक पहुंचने के रास्ते जानने का मौका मिलेगा। उनके बीच कुछ दिलचस्प प्रतियोगिताएं भी होंगी

जिससे बच्चों को उनके व्यक्तित्व विकास में मदद मिलेगी। आज कल के समय अनुसर क्या सावधानियां बच्चों को रखनी चाहिए उन्हें भी अवगत करवाया जाएगा। कैम्प में सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी होंगी तथा विभिन्न स्कूलों के छात्रों को एक-दूसरे के साथ भाग लेने का मौका मिलेगा। उन्हें अपनी तरह का अनोखा दिलचस्प होमवर्क मिलेगा। वे अच्छे स्वास्थ्य और सुखी जीवन के रहस्य जान सकेंगे। हम सब जानते हैं कि बच्चों के बाल मन में अनेको प्रश्न होते हैं जिसे वह समर कैंप के प्रश्न उत्तर सत्र में पुछ सकेंगें या अपनी समस्याओं या जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर सकेंगे।

जीवन में किसी भी क्षेत्र में सफल होने में मेहनत के साथ साथ दुआओं का भी बहुत बड़ा योगदान होता है, इस कैंप में बच्चे जानेंगे कि कैसे हम रोजमर्रा की जिंदगी में दुआएं कमा सकते हैं। अपनी आंतरिक सुंदरता का महत्व, आत्मविश्वास को बढाने के तरिके भी बताएँगे।

इस शिविर में 10 साल के बच्चों से लेकर 16 साल के बच्चे भाग ले सकेंगे, यह शिविर 10 मई से शुरू होकर 16 मई तक चलेगा। इसका समय प्रातः 8 बजे से लेकर प्रातः 10 बजे तक चलेगा।जो विद्यार्थी सभी दिन शिविर में शामिल होंगे उन्हें आकर्षक प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। इस शिविर में भाग लेने के लिए इक्षुक छात्र रजिस्ट्रेशन हेतु इस मोबाइल नंबर 7773012684 पर व्हाट्सएप के माध्यम से अपना नाम, जन्म तिथि कक्षा स्कूल का नाम व मोबाईल नम्बर भेजना होगा। पूर्व रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है,तथा यह पूर्णतः निःशुल्क है।

# महिला मतदान कर्मी की सड़क हादसे में मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 8 मई।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र फ्लाई ओवर में सड़क हादसे में एक महिला मतदान कर्मी की मौत हो गई महिला कर्मी अपनी इलेक्शन ड्यूटी खत्म कर रायपुर जा रही थी इसी दौरान वह कुम्हारी ब्रिज में सड़क हादसे का शिकार हो गई और उसकी मौत हो गई पुलिस ने बताया कि फ्लाई ओवर में हुआ हादसा महिला मतदान कर्मी की शिनाख्त मधु बंजारे के रूप में हुई है आज सुबह 4 बजे वह दुर्ग से स्कूटी के जरिए रायपुर अपने घर के लिए निकली थी लेकिन जैसे ही कुम्हारी फ्लाई ओवर ब्रिज के ऊपर चढ़ी, अज्ञात वाहन ने स्कूटी को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दिया और फरार हो गया चुनाव ड्यूटी कर घर लौट रही थी महिलाकर्मी मधु बंजारे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरहोला (अहिवारा) में व्याख्याता ई (एलबी) के पद पर कार्यरत थी. महिलाकर्मी की चुनाव ड्यूटी वैशाली नगर विधानसभा में लगी थी. 7 मई की शाम मतदान कार्य पूरा कराने के बाद मधु ने अपने सह कर्मियों के साथ ईवीएम को स्ट्रांग रूम में जमा कराया. जिसके बाद वह रायपुर के लिए निकली, लेकिन वह कुम्हारी में हादसे का शिकार हो गई इस घटना में महिला कर्मी बुरी तरह घायल हो गई दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी पुलिस इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. अज्ञात वाहन का पता लगाने के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर उनकी पतासाजी में जुटी।

## बस्तर के बाल कलाकार चेंदरू पर हुई किताब प्रकाशित




**जगदलपुर,8 मई।** स्थानीय विधायक तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की पहल पर बस्तर के पहले हॉलीवुड बाल कलाकार तथा बस्तर टाइगर के नाम से प्रसिद्ध अबूझमाड़ के चेंदरू पर हिंदी में किताब प्रकाशित की गई है, 100 से अधिक आकर्षक तस्वीरों वाली इस किताब में बस्तर के मोगली चेंदरू के जीवन इतिहास का बखूबी चित्रण किया गया है। बस्तर के लोक साहित्यकार रुद्रनारायण पाणिग्राही ने स्वीडिश किताब चेंदरू दी ब्वाय एंड दी टाईगर का हिंदी अनुवाद किया है। चेंदरू के पुत्र जयराम मंडावी द्वारा उपलब्ध कराए गए तस्वीरों को लेकर यह किताब प्रकाशित की गई है। जिसमें चेंदरू और उसके पालतू बाघ टेंबू को खेलते हुए से लेकर चेंदरू के पूरे जीवन वृत्त को बखूबी दर्शाया गया है।विदित हो कि वर्ष 1960 के दशक में स्वीडिश फिल्मकार ने चेंदरू और उसके पालतू बाघ तेंबू को लेकर फिल्म बनाई थी। यह फिल्म नौ भाषाओं में रिलीज की गई थी। बस्तर केपहले हॉलीवुड़ बाल कलाकार और बाघ के साथ खेलने वाले चेंदरू के साहसपूर्ण इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए लंबे अंतराल के बाद पहली बार चेंदरू के जीवन वृत्त पर हिंदी में सचित्र किताब प्रकाशित की गई है। यह भी विदित हो कि बस्तर टाइगर चेंदरू के जीवन वृत्त को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग उठती रही है, किंतु शासन स्तर पर इस दिशा में अब तक कोई पहल नहीं हुई, हालांकि नारायणपुर विधायक व मंत्री केदार कश्यप की पहल पर नया रायपुर और नारायणपुर में चेंदरू की प्रतिमा स्थापित की गई है।

# मृतक को मुआवजा नहीं देने पर न्यायालय के आदेश पर डीएफओ कार्यालय किया गया सील

**जगदलपुर,8 मई।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय के द्वारा बस्तर वन मंडल अधिकारी का कार्यालय सील कर दिया गया हैं। दरअसल वर्ष 2021 में भानपुरी इलाके में कमल कश्यप नामक एक ग्रामीण की वन विभाग कि वहान से दुर्घटना हो गई थी, इस दुर्घटना में कमल कश्यप की मौत हुई थी। मृतक पत्नी दो बच्चों और माता-पिता का अकेला वारिश था। वर्ष 2023 में न्यायालय ने छत्तीसगढ़ शासन और बस्तर वन मंडल अधिकारी को एक करोड़ 84 लाख रुपए राशि भुगतान करने का आदेश किया, लेकिन विभाग के द्वारा शासन को पत्र लिखने व उच्च न्यायालय में जाने का हवाला देकर मुआवजा राशि नहीं दी जा रही थी।



अंत में 6 मई 2024 को जगदलपुर न्यायालय ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए डीएफओ कार्यालय को सील कर कुर्क करने का आदेश जारी कर दिया, सोमवार देर शाम न्यायालय के कर्मचारी डीएफओ कार्यालय पहुंचे और मुख्य कामकाजी दफ्तरों को सील कर दिया गया।

पीड़ित पक्ष के वकील नितिन जैन के अनुसार लगातार वन विभाग राशि देने में आनाकानी तथा विभागीय चर्चा करता रहा लेकिन राशि देने में टाल मटोल करता रहा। कभी आचार संहिता का बहाना बनाया जाता तो कभी हाईकोर्ट जाने की दलील दी जा रही थी। जगदलपुर न्यायालय ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यालय सील कर दिया। अब कार्यालय की सामग्री को बेचकर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलवाया जाएगा।

डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता का कहना है कि न्यायालय ने 9 मई तक का समय दिया था, लेकिन 3 दिन पूर्व कार्यालय सील कर दिया गया। हमारे द्वारा शासन को पत्र लिखा गया है, क्योंकि आचार संहिता 4 जून तक प्रभावशील रहेगा तब तक प्रकरण में कुछ किया नहीं जा सकता हालांकि हमारे द्वारा शासन को राशि आवंटित करने हेतु पत्राचार किया गया है।

# बैशाखी की चाह ले आई बुजुर्ग को बूथ तक

## सरकारी दफ्तरों में अनेक बार मांग की पर नही हुई पूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 8 मई।** दिव्यांग बुजुर्ग अपने पैरो का सहारा बैशाखी की चाह लिए दिन मंगलवार को वोट डालने बूथ पर पहुंच गया। एक तरफ शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों द्वारा वोट डालने की लगातार अपिल की जा रही थी,परंतु उस अपिल से दूर 90 साल का बुजुर्ग सिर्फ बैशाखी मिलने की चाह लेकर अपना वोट देने पहुंचा था। दोनो पांव से दिव्यांग बुद्धराम तिग्गा की उम्र लगभग 90 साल हो चुकी है,उसके दोनो पैर पिछले एक दशक से खराब हो गये है,जिसके कारण वह चलने फिरने मे एकदम से असमर्थ है,वह अब पेड की सुखी टहनी हाथ मे थामकर किसी तरह एक दो कदम ही आगे चल पाता है,परंतु उसके बाद भी उसने हिम्मत नही छोडी वह अब भी अपने दिव्यांग पैरो के लिए बैशाखी की चाह मन मे संजो कर रखा है,यही कारण है कि वह बैशाखी लेने के लिए बूथ तक पहुंचकर अपना मतदान किया। मतदान से पूर्व वह अपिल करके गया कि शायद वोट डालने आने के बाद उसकी फरियाद किसी समाजसेवी या जिम्मेदार अधिकारी के कानो तक पहुंच जाये और उसके दिव्यांग पैरो को बैशाखी का सहारा मिल जाये। दिन मंगलवार को अपने दोनो पैर से लाचार यह बुजुर्ग



अपनी बुजुर्ग पत्नी के साथ स्वयं के खर्च पर ऑटो रिक्शा कर मतदान करने पहुंचा था,अपनी पत्नी के साथ मतदान केन्द्र मे उतरते ही उसने मीडिया को देखकर उनके सामने अपनी बेबसी बयान की,90 साल के बुजुर्ग बुद्धराम तिग्गा नगर पंचायत के वार्ड चटटानपारा मे निवास करते है।।

**बैशाखी की चाह ले आयी बूथ तक-** बुद्धराम के दोनो पैरो ने लगभग 10 सालो से काम करना बंद कर दिया। गुजर बसर के लिए भी उसके पास कोई स्थायी काम नही है,किसी तरह परिवार के अन्य लोगो की दया पर दोनो पति पत्नी अपना पेट भरते है। बुद्धराम का कहना था कि मतदान केन्द्र मे वोट डालने वह सिर्फपैरो का सहारा बनाने के लिए दो बैशाखी की चाह लेकर आया है। उसकी आवाज किसी के जरिये यदि जिम्मेदार तक पहुंचती हो तो बुढे पैरो को दो बैशाखी का सहारा मिल जायेगा।।

**सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटकर हारा-** वोट देने बूथ तक आये बुद्धराम तिग्गा ने बताया कि वह बैशाखी की चाह लेकर यहा के कई शासकीय दफ्तरो के चक्कर काट चुका है,उसने बताया कि लोगो के कहने पर वह तीन से चार बार जनपद कार्यालय भी गया था,परंतु उसे वहा उलझनो मे फंसाकर हर बार वापस लौटा दिया गया। बुद्धराम का कहना था कि देश के साथ अब छत्तीसगढ भी काफी उच्चाईयों की ओर बढ रहा है,परंतु शायद यह उसका ही दुर्भाग्य है कि विकसित भारत में उसे आज तक दो बैशाखी का सहारा भी नही मिल पाया।।

### 16 मई से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन


**जगदलपुर, 8 मई।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 16 मई से शहर के विभिन्न खेल मैदान पर आयोजित किया जा रहा है। उक्त 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रति वर्ष ग्रीष्म अवकाश पर किया जाता है। प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य अवकाश के समय बालक-बालिकाओं को अधिक से अधिक खेल मैदान की ओर आकर्षित कर उनमें खेल के प्रति रुचि जागृत करना है। शिविर के दौरान खिलाडियों को स्थानीय खेल संघों के वरिष्ठ खिलाड़ी एवं व्यायाम शिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जिसमें आगंतुक खिलाडियों को खेल की बारिकियों से अवगत कराया जाएगा। हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र पंडरीपानी एवं चोंडीमेटावाड़ा में, वालीबाल मारडूम, प्रियदर्शनी स्टेडियम एवं माड़पाल, बास्केटबाल, हेण्डबाल, फुटबाल, बेडमिंटन, जूडो-कराते प्रियदर्शनी स्टेडियम में, फुटबाल सिटी ग्राउंड, स्टेडियम,स्केटिंग निर्मल विद्यालय के समीप और कबड्डी व एथलेटिक्स खेल विधाओं का प्रशिक्षण शिविर लोहण्डीगुड़ा में आयोजित किया जाएगा।

## विवाह मुहूर्त ना होने से सगाई कर चुके नवयुगल में निराशा

# अक्षय तृतीया पर इस बार नहीं बंध सकेंगे परिणय सूत्र में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 8 मई।** इस बार अक्षय तृतीया पर विवाह के मुहूर्त ना रहने से सगाई कर चुके नवयुगलो को काफी निराशा होगी। अक्षय तृतीया स्वयं मे एक अबूझ मुहूर्त है,परंतु 61 साल बाद ऐसा संयोग बना है जब अक्षय तृतीया के दिन कोई भी नवयुगल परिणय सूत्र मे नही बंध सकेंगे। बताया जा रहा है कि शुक्र ग्रह का अस्त होने के कारण अक्षय तृतीया पर विवाह के कोई मुहूर्त नही है। ज्योतिषो की माने तो विवाह के लिए 28 जून को शुक्र ग्रह उदय होगा,जिसके बाद विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्य शुरू हो सकेंगे। विद्वान ज्योतिषाचार्य पं.आनंद शर्मा ने बताया कि यह संयोग 61 साल बाद बना है,जिसके कारण परिणय सूत्र मे बंधने वाले युवक युवतियों के बीच काफी निराशा है। उनका कहना था कि 18 अप्रैल से 26 अप्रैल तक ही विवाह के मुहूर्त थे,1 मई से शुक्र ग्रह अस्त हो चुका है अब वह 2 जुलाई को पश्चिम दिशा मे उदय होगा,इसी तरह 7 मई को गुरू ग्रह अस्त हो रहा है जो कि 1 जून को उदय होगा। उनका कहना था कि गुरू और शुक्र ग्रह दाम्पत्य जीवन के आधार माने गये है। शास्त्रो के अनुसार विवाह या अन्य मांगलिक कार्यो के लिए इन दोनो ग्रहो





का उदयमान होना बेहद जरूरी है,जबकि अक्षय तृतीया 10 मई को मनायी जा रही है परंतु इस दिन गुरू एवं शुक्र ग्रह दोनो ही अस्त है।।

जुलाई मे भी तीन मुहूर्त-पंडित आनंद शर्मा ने बताया कि अक्षय तृतीया पर विवाह के मुहूर्त नही है,देव पंचाग के अनुसार विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य के लिए जुलाई मे 9,11 और 12 तारीख को शुभ मुहूर्त है। इन तिथियों मे विवाह किये जा सकेगे,इसके बाद विवाह के लिए फिर से लोगो को तीन माह का इंतजार करना होगा।

नवंबर मे 22,23 और 27 तारीख को विवाह के लिए शुभ मुहूर्त है,इसके बाद दिसंबर महीने से विवाह के लिए कई शुभ मुहूर्त बन रहे है।

# ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करने पर बल

**जगदलपुर, 8 मई ।** जिले में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए व्यापक पहल किया जाए। इस दिशा में सोलर ड्यूल पम्पों तथा हैण्डपम्पों का समुचित संधारण करने सहित जल प्रदाय योजनाओं का सुचारू संचालन करें। साथ ही जरूरत के अनुरूप सोलर ड्यूल पम्पों तथा हैण्डपम्पों का सुधार किया जाए। वहीं आगामी शिक्षा सत्र शुरू होने के पूर्व 31 मई तक मरम्मतयोग्य स्कूल, आश्रम-छात्रावास तथा आवासीय विद्यालयों का अनिवार्य रूप से मरम्मत करवाया जाए। जिले में आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत आयुष्मान कार्ड प्रदान करने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर महाअभियान चलाया जाएगा। जिसमें छूटे हुए लक्षित हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा। उक्त निर्देश सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे ने मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए।

सीईओ जिला पंचायत ने आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत लक्षित हितग्राहियों में अब तक छूटे हुए हितग्राहियों का पंजीयन के लिए लक्ष्य निर्धारित कर महाअभियान संचालित करने पर जोर देते कहा कि लक्ष्य अनुरूप शत-प्रतिशत हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किये जाने अन्तर्विभागीय समन्वय से अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत ग्रामीण स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता,पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, राशन दुकान सेल्समैन एवं बैंक सखियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने पंजीयन किया जाएगा। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,सहायिकाएं और मितानिनों द्वारा ग्रामीण इलाकों में प्रचार-प्रसार कर हितग्राहियों को पंजीयन शिविर स्थल तक लाने का कार्य किया जाएगा। इसी तरह नगरीय क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा राशन दुकान सेल्समैन द्वारा पंजीयन करने की कार्यवाही की जाएगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों को प्रचार-प्रसार कर हितग्राहियों को पंजीयन शिविर स्थल लाने का दायित्व सौंपा गया है। इस महाअभियान को सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए चयनित कार्यकर्ताओं को ब्लॉक स्तर पर 12 जून तक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

सीईओ जिला पंचायत ने बैठक के दौरान वर्तमान में संचालित निर्माण कार्यों को निरंतर द्रुत गति से चलाए जाने सहित मॉनिटरिंग कर नियत समयावधि में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र भवन तथा उचित मूल्य दुकान सह गोदाम निर्माण कार्यों को 31 मई तक पूर्ण करने कहा। बैठक में खरीफ फसल कार्यक्रम के तहत बीज-खाद भंडारण एवं वितरण, कृषि और उद्यानिकी, मत्स्यपालन एवं पशुपालन सम्बन्धी आर्थिक गतिविधियों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय, वनाधिकार पट्टेधारकों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय, उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न एवं जरूरी सामग्रियों का भंडारण, राशन कार्डों का नवीनीकरण, मोतियाबिंद सघन जांच एवं उपचार अभियान इत्यादि की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, आयुक्त नगर निगम श्री हरेश मण्डावी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 2 परिवारों के लिए 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**जगदलपुर, 8 मई ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 02 परिवारों को 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

जिसके तहत् तहसील तोकापाल ग्राम रायकोट निवासी बुटकी सोढ़ी की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्र श्री मुन्ना सोढ़ी और तहसील भानपुरी ग्राम गुमगा निवासी श्रीमती बुदरी बघेल की मृत्यु पानी में डूबने से पति फूलचंद बघेल प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

**एक नजर**

## राष्ट्र सेविका समिति कोरबा विभाग का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

**कोरबा, 8 मई** । राष्ट्र सेविका समिति कोरबा विभाग का 5 दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण वर्ग अरदा बांकीमोंगरा में संपन्न हुआ। जिसमें जिला कोरबा, जांजगीर-चांपा एवं शक्ति की 189 सेविकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण वर्ग को सफ्ल बनाने में 6 शिक्षिकाओं की मु य सहभागिता रही। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति के अनुरूप दिनचर्या का पालन करते हुए सेविकाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के विभिन्न कार्यक्रम कराये गये। जिसमें मातृशक्ति को दण्ड एवं यष्ठी के अ यास, योगा, आदि का शारीरिक प्रशिक्षण कराया गया एवं विभिन्न विषयों पर प्रतिदिन विभिन्न वक्ताओं के द्वारा बौद्धिक का विषय रखा गया। राष्ट्र सेविका समिति कोरबा- विभाग का यह प्रशिक्षण वर्ग 1 मई को प्रारंभ हुआ। जिसका समापन 5 मई को हुआ। इस वर्ग में वर्गाधिकारी राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत सह सेवा प्रमुख मंजू अजय दुबे थीं। जबकि वर्ग कार्यवाहिका सरस्वती गबेल एवं बौद्धिक विभाग की प्रमुख भगवती पाल थीं। उद्घाटन सत्र में बांकीमोंगरा के समाजसेवी प्रमोद अग्रवाल मु य अतिथि थे। जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे ऐसे पुण्य कार्य के लिए सदैव खड़े रहेंगे। जबकि समापन सत्र के दिन डॉ. अंजू सिन्हा कार्यक्रम की मु य अतिथि थीं। उन्होंने कहा कि वे सौभाग्य शाली हैं, जिन्हें ऐसे कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समापन सत्र में मु य वक्ता राष्ट्र सेविका समिति की सह प्रांत कार्यवाहिका अजिता गनोदवाले गोडवले थीं। जिन्होंने राष्ट्र सेविका समिति के उद्देश्य एवं राष्ट्र निर्माण में मातृशक्ति एवं सेविकाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सेविकाएं सदैव भारतीय संस्कृति की रक्षा एवं समाज के कल्याण के लिए तत्पर रहती हैं। वर्ग को सफ्ल बनाने में बांकीमोंगरा,अरदा, कुसमुंडा, गेवरा एवं कोरबा के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## आबकारी अमले ने जब्त की 20 लीटर महुआ शराब

धमतरी 7 मई 2024/ कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी श्री प्रभाकर शर्मा ने बताया कि नगरी के ग्राम सियादेही जंगल में आबकारी अमला द्वारा कार्यवाही करते हुए 20 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया। इसी तरह लगभग 500 किलो महुआ लाहन जप्त कर नष्ट किया गया। साथ ही अज्ञात आरोपी के ख़िलाफ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 34(1) च के तहत कार्यवाही की गयी। इस अवसर पर आबकारी उप निरीक्षक निशांत साधु, अजय मारकण्डे, आबकरी प्रधान आरक्षक अनिल सिंह, आबकारी आरक्षक मुरली सोनी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## कम्प्यूटर टैली प्रशिक्षण के लिए आवेदन 14 मई तक

धमतरी 8 मई । बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी द्वारा 30 दिवसीय टैली प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण युवक, युवतियों से आगामी 14 मई तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी सुश्री अनिता टुडू ने बताया कि पूरी तरह निःशुल्क एवं आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। राशन कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड की फोटोकॉपी और 5 पासपोर्ट साईज फोटो के साथ आवेदन कम्पोजिट भवन के पीछे स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में जमा करना होगा।

# रायगढ़ संसदीय सीट के इतिहास में इस बार हुआ सर्वाधिक मतदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 8 मई।** इस बार का लोकसभा चुनाव सर्वथा अलग रहा है। दोनों प्रमुख पार्टियां अलग-अलग लक्ष्य लेकर चुनाव में उतरी हैं। मतदान के आंकड़े देखकर भाजपा-कांग्रेस दोनों खुश होंगे। रायगढ़ लोकसभा सीट पर मतदाताओं ने रिकॉर्ड कायम किया है। तीसरे चरण में प्रदेश की सात सीटों पर सबसे ज्यादा मतदान सरगुजा सीट पर होने का अनुमान है। इलेक्शन कमीशन के एप के अनुसार रायगढ़ सीट दूसरे स्थान पर है। 2019 की तुलना में करीब एक प्रश वोटिंग ज्यादा हुई लेकिन 2023 विस चुनाव से पीछे ही रहे। लोकतंत्र के महापर्व में जनता ने मतदान से सबको चौंकाया है। राजनीतिक पंडित उम्मीद कर रहे थे कि रायगढ़ सीट पर वोटिंग कम हो सकती है। वोटर बहुत ज्यादा वोकल नहीं था।

मंगलवार को मतदान प्रारंभ हुआ तो सुबह सात बजे से बूथों में भीड़ लग गई। प्रचंड गर्मी की वजह से लोग दोपहर के बजाय सुबह ही वोट डालकर जिम्मेदारी पूरी करने पहुंच गए। यही वजह है कि दोपहर 12 बजे तक 90 प्रश बूथों में करीब 60 प्रश मतदान हो गया था। दोपहर में सारे मतदान केंद्रों में सन्नाटा पसरा रहा। इक्का-दुक्का लोग ही वोट डालने पहुंचते रहे। इसके बाद शाम चार बजे के बाद भीड़ फिर से बढ़ी। एक बार फिर रायगढ़ लोकसभा सीट मतदान प्रश में दूसरे स्थान पर रहा। हालांकि खरसिया, लैलूंगा और धरमजयगढ़ विस क्षेत्रों में ताबड़तोड़ वोट डाले गए। 2019 लोकसभा चुनावों की तुलना में 0.65 प्रश वोटिंग बढ़ी है जबकि नवंबर 2023 के विस चुनावों से करीब 3.07 प्रश कम मतदान हुआ। अभी आंकड़ों में कुछ बदलाव होने की संभावना है।

### रायगढ़-सारंगढ़ विधानसभा ने दिया धोखा

निर्वाचन आयोग ने इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत तरह-तरह के अभियान चलाए। लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता तो प्रेरित हो भी गए लेकिन शहरी लोग पिछड़ गए। रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र में तकरीबन 76 प्रश मतदान हुआ है जो धरमजयगढ़, खरसिया और लैलूंगा की तुलना में बहुत कम है। सारंगढ़ में भी करीब 74 प्रश मतदान ही हो सका। इस वजह से रायगढ़ लोकसभा में वोटिंग प्रश कम हो गया।

### पहले चुनाव से दे रहे वोट

कई लोग चुनाव में मतदान करने को समय बर्बाद करना समझते हैं। वहीं कुछ मतदाता ऐसे भी हैं जो लोकतंत्र के इस महापर्व की महत्ता जानते हैं। सतीगुड़ी चौक के इंदिरा गांधी प्राथमिक विद्यालय में मतदान करने पहुंचे बद्रीशंकर मुखर्जी 1952 में पहले लोकसभा चुनाव से वोट डाल रहे हैं। उनका जन्म 1933 में हुआ था। अब भी वे उतनी ही गंभीरता से मतदान कर रहे हैं।

### पहली बार वोट देने पर चेहरे पर मुस्कान

मतदाताओं में कई चेहरे ऐसे थे जो पहली बात वोट डालने पहुंचे थे। हाल ही में 18 साल के हुए हरीश साहू महापल्ली के बूथ में पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज वोट डालकर बेहद गर्व हो रहा है। पहले से मतदान को लेकर उत्साह था। वहीं सकरबोगा की कविता खड़िया भी पहली बार ही वोट डालने पहुंची। 12 वीं की परीक्षा देने वाली कविता ने कहा कि मतदान को लेकर वह कई दिनों से उत्साहित थी। लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भागीदारी से बेहद खुशी हो रही है।

## अशक्तों की मतदान में पुलिस जवानों ने की मदद, एएसपी ने सीनियर सिटीजन को व्हील चेयर पर बिठाकर पहुंचाया बूथ तक



**रायगढ़ 8 मई** । मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न कराने जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम है । मतदान केन्द्रों पर काफी संख्या में वरिष्ठ नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग करने पहुंचे । इनमें कई वरिष्ठ नागरिकों को शारीरिक समस्या होते हुए भी मतदान केन्द्र तक पहुंचे । ऐसे मतदाताओं को सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे पुलिसकर्मियों द्वारा बूथ तक पहुंचाने में मदद किये । आज सुबह मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए एडिशनल एसपी आकाश मरकाम और निरीक्षक प्रशांत राव आहेर जतन मतदान केन्द्र पहुंचे । जहां वॉकर के सहारे बूथ तक मतदान के लिए पहुंची वृद्ध महिला को देखकर एडिशनल एसपी आकाश मरकाम ने उसे व्हील चेयर पर बिठाकर बूथ तक पहुंचाया । इसी तरह मतदान केन्द्र 59 प्राथमिक शाला चक्रधरनगर में मतदान करने पहुंचा वृद्ध व्यक्ति को खड़े होने मे समस्या थी जिसे पुलिस जवान ने बूथ तक पहुंचाया और चुनावकर्मी को वृद्ध की समस्या से अवगत कराया ।

## भाजपा नेता बद्री अग्रवाल ने आदर्श आचार संहिता का किया उल्लंघन

**कोरबा, 8 मई ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बद्री अग्रवाल द्वारा आदर्श आचार संहिता उलंघन का मामला सामने आया है। उक्त नेता द्वारा भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय को वोट देते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर कुछ लोगों के साथ शेयर किया गया।लोक सभा चुनाव में भाजपा नेताओं द्वारा आचार संहिता उल्लघन का दूसरा मामला जिले में सामने आया है। जहाँ पहले ही भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय द्वारा धार्मिक कार्यक्रम के बैनर पर अपना फेटो लगाकर प्रचार करने की शिकायत पहले ही की जा चुकी है, वहीं मतदान के दिन उनकी पार्टी के युवा नेता बद्री अग्रवाल द्वारा मतदान करते हुए अपना वीडियो बना एक बार फिर नियमों को अंगूठा दिखाया गया है।सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में युवा नेता स्वयं नजर नहीं आ रहे, बल्कि वीडियो मतदान करते समय ईवीएम मशीन का है जिसमें भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय को वोट दिया गया है। ।

# जिले में लोकतंत्र को मजबूत बनाने मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

**कोरबा, 8 मई ।** कोरबा जिले में संपन्न हुये लोकसभा चुनाव के मतदान में मतदाताओं में उत्साह देखा गया। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में मतदाता सुबह से कतारबद्ध होकर मतदान हेतु अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिये। मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए छाया, पेयजल की व्यवस्था, मेडिकल टीम, सेल्फी बूथ, व्हील चेयर, इत्यादि व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेम सिंह मीणा एवं व्यय प्रेक्षक श्री मुकेश कुमार मतदान की प्रक्रिया का जायजा लेते रहे वहीं कलेक्टर श्री अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी सहित सभी जोनल अधिकारी मतदान केंद्रों का भ्रमण करते रहे। कोरबा जिले में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। पहली बार कोरबा विधानसभा के सभी मतदान केंद्रों में महिला मतदान दलों द्वारा भागीदारी दी गई,जो कि सफ्लतापूर्वक मतदान प्रक्रिया के साथ स पन्न हुई।कोरबा जिले में मतदान करने लोगों में अभूतपूर्व उत्साह नजर आया। युवा मतदाता, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं सहित विषेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर जनजाति के मतदाताओं ने भी मतदान किया।

### महिला मतदान दलों में उत्साह, देर रात तक लौटे सब

कोरबा विधानसभा की 249 मतदान केंद्रों में मतदान की स पूर्ण जि मेदारी स हालने वाली महिला अधिकारियों ने मतदान कार्य की सराहना की। मतदान के पश्चात सामग्री लेकर महिलाएं रात्रि 9.×0 बजे से ही लौटने लगी। सामग्री लेकर लौटी रूप कुर्रे ने बताया कि मतदान कराना अ'छा अनुभव रहा। सामग्री के साथ लौटी महिला मतदान दलों ने अपनी भागीदारी निर्वाचन कार्य में होने पर खुद को गौरवान्वित महसूस करने जैसा बताया। मतदान कराकर लौटती महिला मतदान दलों में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा था। पीठासीन अधिकारी श्रीमती रंजना दास और मतदान अधिकारी, रजनी पाटिल जोशी, सुशीला ने बताया कि गाँव वाले का भी बहुत सहयोग मिला। मतदान कराकर बहुत खुशी हो रही है। रामपुर सहित कटघोरा, पाली-तानाखार विधानसभा के मतदान दलों का भी सामग्री वापसी के लिए स्ट्रांग रूम आना प्रार भ हो गया था। ईवीएम को सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रखा गया।मतदाता मित्रों ने मतदान कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई -'मतदान केंद्रों में वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को मतदान कराने स्कूली विद्यार्थियों, मतदाता सहायक, स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।। उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंचाने, पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग तथा वरिष्ठ नागरिक मतदाता के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी

मतदान में दिव्यांग मतदाताओं ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। व्हील चेयर, ट्रायसायकल आदि के सहारे मतदान केन्द्र पहुँचकर दिव्यांग अपने पसंद के उ मीदवार को वोट डाला।

### प्रेक्षकों सहित कलेक्टर ने लिया मतदान केंद्र का जायजा'

मतदान दिवस पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों में जाकर मतदान की स्थिति तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदाताओं से भी चर्चा की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने शहर के मतदान केंद्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री वसंत ने कोरबा विधानसभा के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पीठासीन अधिकारी से मतदान की तैयारियों संबंधी जानकारी ली।

### संगवारी मतदान केंद्र सहित युवा, दिव्यांग मतदान केंद्रों में दिखा उत्साह

जिले में संगवारी, आदर्श, दिव्यांग तथा युवा मतदान केंद्र बनाए गए थे। इन सभी केंद्रों में मतदान करने उत्साह का माहौल नजर आया। महिला मतदाताओं ने संगवारी बूथों में बढ़-चढ़ कर मतदान किया। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से दिव्यांग मतदान केन्द्रों में आकर्षक चित्रण व सजावट की गई है। मु य द्वार के साथ मतदान केन्द्रों को रंगीन कपड़ो व कारपेट का उपयोग किया गया है। बूथ को फूलो व गुब्बारो से सजाया गया है। साथ ही सभी दिव्यांग मतदान केंद्रों में सेल्फी जोन भी बनाया गया है। इस मतदान केन्द्र की खासियत यह रही है कि इसके संचालनकर्त्ता सभी मतदान अधिकारी दिव्यांग है।

मतदान के बाद सेल्फी भी लेते रहे मतदाता - 'मतदान केंद्रों में अनेक स्थानों पर सेल्फी जोन बनाया गया था। मतदान करने के पश्चात् अनेक मतदाताओं ने सेल्फी लेकर अपनी फोटो जगह-जगह शेयर की और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी देने का प्रमाण प्रस्तुत किया।

### वेबकास्टिंग से मतदान केंद्रों की होती रही निगरानी

जिले में कुल 1087 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इन मतदान केंद्रों में सुरक्षा के पु ता प्रबंध किए गए थे। मतदान केंद्रों की लाइव स्थिति जानने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई थी। कोरबा जिले के चिन्हित 544 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग किया गया है। कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष से टीम द्वारा निगरानी रखी गई।

### पीवीटीजी मतदाताओं ने किया बढ़चढ़ कर मतदान

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आज लोकतंत्र के महापर्व में कोरबा जिले की पहचान विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के मतदाताओं में अपने नजदीकी मतदान केंद्रों में जाकर मतदान किया। जिले के ग्राम सतरेंगा, माखुरपानी, अजगरबहार, आमाखोखरा, बांझीवन, मदनपुर, गुडरूमुड़ा, डोंगानाला सहित अन्य मतदान केंद्रों में पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर जनजाति के पीवीटीजी मतदाताओं ने मतदान में बढ़चढ़ कर भाग लिया।

### हाथी प्रभावित क्षेत्रों में मतदाताओं को मतदान केंद्र ले जाने की गई थी व्यवस्था'

कटघोरा वनमंडल अंतर्गत हाथी प्रभावित ग्राम भूडूपानी एवं कोदवारी में जंगल के रास्ते वोट देने जाने वालों को 4 कि.मी. दूर मड़ई मतदान केंद्र तक सुरक्षित पहुंचाया गया। कटघोरा डीएफ्ओ श्री निशांत कुमार के निर्देशन में प्रभावित क्षेत्र पर नजर रखी जा रही थी। ग्राम लालडीह व ग्राम खोरंगा पारा के ग्रामीणों को एक लोनर हाथी से सतर्क कर मतदान करने हेतु समझाइश दिया गया।

### खिलौनों से बहलाया मन'

मतदान केंद्रों में महिलाओं की लंबी कतार नजर आई। इस दौरान अपने छोटे ब'चों को साथ लेकर आने वाली महिला मतदाताओं का विशेष याल रखा गया है। मतदान केंद्र में ब'चों के मनोरंजन के लिए खिलौनों की भी व्यवस्था की गई थी। जिन्हें छोटे ब'चे मनोरंजन के रूप में उपयोग किया गया। यहाँ एक तरफब'चों का मन बहल रहा था वहीं दूसरी तरफ माताएं लोकतंत्र को मजबूत बनाने में भागीदार बन मतदान कर रही थी।

मतदान करने युवाओं में दिखा खासा उत्साह - 'कोरबा विधानसभा अंतर्गत जेलगांव के सरस्वती शिशु मंदिर में निर्मित युवा मतदान केंद्र में युवा महिला मतदान दल द्वारा अपनी कार्य कुशलता का परिचय देते हुए सुगमतापूर्वक मतदान कराया गया। पहली बार मतदान कर रही सुश्री किरण चैहान काफी उत्साहित नजर आई, उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि मतदान करना हमारा मौलिक अधिकार एवं नैतिक कर्तव्य है।

### भालू, बन्दर, लोमड़ी, खरगोश मतदाताओं को वोट डालने दे रहे थे संदेश

वनों और वन्यजीवों के संरक्षण को परिलक्षित करता कोरबा के आदर्श मतदान केंद्र सोनपुरी में वन विभाग ने वनवासियों की झलक के साथ ही वन्यजीवों के रूप में भालू,बंदर, लोमड़ी, खरगोश की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत की थी। यहाँ मतदाताओं को जंगल बचाने, आग न लगाने, वन्य जीवों का शिकार न करने और वनों का संरक्षण के संदेश के साथ ही मतदाताओं को वोट डालने का संदेश भी दिया जा रहा था। वन विभाग की यह पहल आकर्षण का केंद्र बनने के साथ ही मतदाताओं को जागरूक भी कर रही थी।

84 वर्षीय धूप बाई ने किया मतदान-वन्य जीव, पेड़ पौधे, रंगोली, पोस्टर, रंगीन गुब्बारों से सुस'जित सोनपुरी मतदान केंद्र वन्य प्राणियों एवं वनों की संरक्षण का महत्व को परिलक्षित कर रहा था। वन्य जीव प्राणियों एवं प्रकृति की सुंदरता को प्रदर्शित करने वाले कोरबा विधानसभा के सोनपुरी में निर्मित वन आदर्श मतदान केंद्र में 77 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता धूप बाई यादव ने मतदान कर अपने मताधिकार का उपयोग किया।सोनपुरी मतदान केंद्र में 74 वर्षीय बुधराम, 84 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता श्री रामचन्द्र तथा 85 वर्षीय वयोवृद्ध मतदाता पोरा बाई ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया एवं आमजनों से मतदान की अपील करती नजर आई। उन्होंने कहा कि उन्हें केंद्र में मतदान के लिए किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई, केंद्र में दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं की सहायता के लिए वालिंटियर्स भी लगे थे।

## आयुक्त निकले प्रातः शहर भ्रमण में

**राजनांदगांव 8 मई।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज प्रातः वार्ड निरीक्षण की कडी में जलतरंग कालोनी, निलगिरी पार्क व इंदिरा नगर का पैदल भ्रमण कर लोगों से रूबरू हो कर सफाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।आयुक्त श्री गुप्ता ने सफाई निरीक्षण के दौरान जलतरंग कालोनी व निलगिरी पार्क के लोगो से रूबरू हो सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने वार्ड प्रभारी से सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी लेते हुये कहा कि सभी सफाई कर्मी समय में आवे, तथा अपनी उपस्थिति निष्ठा में दर्ज किया जाना सुनिश्चत करे, अनुपस्थित कर्मचारी का गैर लाल स्याही से करे, वार्ड की सभी सड़को व नालियों की निर्धारित समय तक सफाई कराकर कचरा प्रतिदिन उठाने के निर्देश दिये। इसके अलावा वार्ड ही वार्ड नं. 45 के वार्ड प्रभारी द्वारा उपस्थिति पंजी में कर्मचारियों का फोटो न चिपकाने व अनुपस्थित कर्मचारी की हाजरी लाल स्याही के अंकित करने पर संबंधित को नोटिस जारी करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल को दिये।आयुक्त श्री गुप्ता ने इंदिरा नगर क्षेत्र के सफाई कार्य का जायजा लेकर सिधी भवन के पीछे जाम नाली को खोलावाकर गंदे पानी की निकासी करवाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा कि बारिश के पूर्व सभी बड़े नाला नालियों की सफाई करावे, कीटनाशक दवाईयों, चुना आदि का छिडकाव करे।

साथ ही घर के सामने व खुली जगह पर मलमा रखने वालों को समझाईस देवें, अपालन पर मलमा मण्डप शुल्क वसूले। निरीक्षण के दौरान वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा,स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू उपस्थित थे।

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत् स्थानीय बच्चों को शिक्षा समाग्री का वितरण



**बीजापुर, 8 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कोबरा द्वारा पालनार गांव तथा आस-पास के बच्चों को शिविर में ही निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है, जिसकी शुरुआत 1 मई 2024 को की गई। इस पहल को ले कर गांव के सरपंच, आम लोगों तथा बच्चों ने खासा उत्साह दिखाया। इसके अंतर्गत उन बच्चों को मुफ्त नोटबुक, कलम, पेंसिल जैसे अन्य कई सामग्रियां वितरित की जा रही हैं। महज 4 दिनों में ही 29 बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज़ कराई है, इस पहल में एफ 202 कोबरा के कंपनी कमांडर श्री हरि सिंह, उप कमांडेंट , श्री अजय नेगी, सहायक कमांडेंट, श्री विवेक रजवार, सहायक कमांडेंट तथा बल के अन्य सदस्यों का अहम योगदान है। नक्सल पीड़ित परिवारों को विभिन्न प्रकार की सहायता दी जा रही है । इस पहल के अंतर्गत नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के मंसूबे से लगाई गई ढ्ढश्वष्ठ से 4 जनवरी 2024 को चोटिल 11 साल की मासूम बच्ची सुनीता और उसके परिवार को कपड़े, राशन एवं पढ़ाई-लिखाई की सामग्री प्रदान किया गया । ऐसे ही पहलों का नतीजा है कि इस क्षेत्र के लोग नक्सलियों के प्रभाव से स्वयं को मुक्त कर रहे हैं और किसी भी छोटी-बड़ी सहायता के लिए सुरक्षा बल से संपर्क कर रहे हैं। क्षेत्र में सुरक्षा बलों के प्रयासों से ही पालनार आरपीसी के समस्त सदस्यों के द्वारा दिनांक 30/04/2024 को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा से जुड़कर शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओ का लाभ ले रहे है ।

## बारिश व तेज अंधड़ से फूंडरी सीआरपीएफ कैंप के बैरक पर गिरा पेड़





**बीजापुर, 8 मई(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के भैरमगढ़ क्षेत्र में शाम 6-7 बजे के लगभग भारी बारिश व आंधी तूफान होने से सीआरपीएफ 165 (एन्एच-63) पर फूंडरी बैरक पर एक पेड़ गिरने से जवान तो बाल बाल बचे, लेकिन जवानों के इलैक्ट्रोनिक सामान तथा बैरक को नुकसान हुआ है। सीआरपीएफ कैंप के टीन के छत उड़ गए हैं। सूत्रों ने बताया कि फूंडरी व आस पास क्षेत्र में बिजली गुल हुई है। जवानों के द्वारा पेड़ को हटाने की कोशिश जारी हैं।

## भोपालपटनम में बिजली की आंख मिचौनी से लोग परेशान

**बीजापुर, 8 मई(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले के भैरमगढ़, बीजापुर के कुछ क्षेत्रों में बारिश होने से तेज गर्मी से राहत मिली है। इस साल जिले में 43-44 डिग्री गर्मी से जिले वासी हालकान रहे। बीजापुर से ज्यादा भोपालपटनम में गर्मी ने परेशान कर दिया। मंगलवार दोपहर के बाद बीजापुर में तेज बारिश तो नही हुई, लेकिन आस-पास के इलाकों में बारिश से बीजापुर में मौसम खुशनुमा बना दिया लोगों को तेज गर्मी व उमस से राहत मिली है। जिले से कही से भी आंधी तूफान व तेज अंधड़ की व जन हानि की खबरे नही मिली है।

भोपालपटनम के इलाकों में बिजली गुल से लोग परेशान- मिली जानकारी अनुसार भोपालपटनम के गुल्लापेटा, गोल्लागुडा, तिमेड व आसपास के क्षेत्रों में लगातार विद्युत की अधोषित कटौती से आम उपभोक्ता परेशान है। क्षेत्र में लगातार बिजली बंद हो रही है। विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों का उदासीन रवैया से लोगों में आक्रोश है। जानकारी अनुसार विभाग के लोगों को इस तरह की परेशानियों से अवगत कराने के बाद भी समस्या का हल नही हुआ।

## भारतीय नौसेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मई से

**सुकमा, 8 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय नौसेना में अविवाहित युवक और युवतियों के लिए अग्निवीर भर्ती (एम आर)-02/2024 बैच के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यार्थी अग्निवीर भर्ती के लिए वेबसाइट https://agniveernavy.cdac.in पर 13 मई से 27 मई 2024 तक केवल ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। भर्ती हेतु शैक्षणिक योग्यताएं, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन द्वारा न्यूनतम 50त्न अंको के साथ मैट्रिक कक्षा उतीर्ण एवं आयु सीमा अभ्यर्थी 01 नवम्बर 2003 से 30 अप्रैल 2007 (दोनो तिथियों को मिलकर) के बीच जन्म हुआ हो।ऑनलाइन आवेदन पत्र सर्विस सेंटर (सी.एस.सी.) या जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सुकमा में भी आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये नौसेना की आधिकारिक वेबसाईट का अवलोकन कर सकते है।

## साप्ताहिक बाजार के पास मिला शव



**सुकमा, 8 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय के साप्ताहिक बाजार स्थल के पास मिला शव। मौके पर पहुँची पुलिस, कर रही है जांच। शव जिला मुख्यालय के पावरास या कुम्हररास के ग्रामीण का। अभी तक पहचान नही हो पाई, उक्त ग्रामीम ने शराब का ज्यादा सेवन किया।




**सुकमा। बस स्टैंड कोंटा में झाड़ की बड़ी टहनी केबल वैर पर गिरने से बसों का बस स्टैंड के अंदर आना हुआ मुश्किल**

लोकसभा निर्वाचन: लोकतंत्र में सहभागिता निभाने हर आयु वर्ग के मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

# जिले में 65.24 रहा मतदान का प्रतिशत

- जिला प्रशासन ने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए की थी चाक-चौबंद व्यवस्था, बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं का स्काउट-गाइड, एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में किया सहयोग
- सेल्फी जोन में मतदाताओं ने फोटो खींच कर खुशी की जाहिर, सुबह से ही सोशल मीडिया में छाया रहा जिले का आदर्श मतदान केंद्र, जिले में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 8 मई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मंगलवार 7 मई को जिले के हर आयु वर्ग के मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव में अपनी सहभागिता निभाने उत्साह दिखाया। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की कतार लग गई थी। सभी मतदाताओं ने कतार में लगकर बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया और यह क्रम मतदान समाप्ति तक चलता रहा। प्राप्त अनंतिम आंकड़े अनुसार शाम 5 बजे तक जिले का मतदान बिलाईगढ़ विधानसभा सहित प्रतिशत 65.24 रहा। शाम 5 बजे के बाद भी जो मतदाता मतदान केंद्र परिसर के अंदर पहुंच गए वे कतार में मतदान के लिए खड़े हुए है।अनंतिम आंकड़े के अनुसार जांजगीर चांपा क्षेत्र अंतर्गत कसडोल विधानसभा क्षेत्र में 62.16 प्रतिशत, इसके साथ ही विधानसभा बिलाईगढ में 64.23 प्रतिशत रहा। इसी तरह रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 68.66 प्रतिशत तथा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में 65.91 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों के लिए स्कॉउट गाईड, एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में तथा पुलिस के जवानों ने सेवा भावना के साथ मदद की। उनके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। सेल्फी जोन में फोटो खींचाकर मतदाताओं ने अपनी खुशी जाहिर की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्था का लगातार निरीक्षण करते रहे।

निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने जिले में 34 आदर्श एवं 239 संगवारी मतदान केन्द्र केन्द्र बनाए गए थे। संगवारी मतदान केंद्रों में मतदान दल संपूर्ण रूप से महिला अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। इन मतदान केन्द्रों में महिलाओं ने बड़ी संख्या में मतदान किया और उन्होंने संगवारी मतदान केन्द्र की प्रशंसा की। इसी तरह प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 1-1 दिव्यांग एवं में 1-1 युवा मतदान केन्द्र बनाए गए थे। जिसमें युवा मतदान केंद्रों का संचालन युवा कर्मचारी द्वारा तथा दिव्यांग मतदान केंद्र का संचालन दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी द्वारा किया जाता है। मतदान करने में दिव्यांग व बुजुर्ग भी नहीं रहे आगे- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे मतदाता जो मतदान केन्द्रों तक पहुंचने में असमर्थ थे, उन्हें चिन्हांकित कर होम वोटिंग की सुविधा दी गई। इसके बाद भी मतदान केन्द्रों पर बड़ी संख्या में बुजुर्ग मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। आयोग द्वारा ऐसे बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गई थी और स्कॉउट-गाईड, एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में, तो कहीं पुलिस के जवानों ने सेवा भावना के साथ उनकी मदद भी की। इसी तरह दिव्यांग मतदाताओं ने भी कठिनाईयों को दरकिनार कर मतदान केन्द्रों में पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नये मतदाताओं ने पहली बार किया मतदान-18 वर्ष के ऐसे युवा जिन्होंने मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाया था जिनमे अधिकांश कॉलेज के छात्रों ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। पहली बार मतदान करने पर उन युवाओं के चेहरे पर खुशियां दिखी।

'विशेष थींम पर बने मतदान केंद्र रहे आकर्षण का केंद्र- इस बार आदर्श मतदान केंद्रों को विशेष थींम पर सजाया गया था जो मतदाताओ के लिए आकर्षण का केंद्र रहा जहां सेल्फी पॉइंट में मतदाता उत्साह के साथ फोटो खिंचाए।महिला मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बनाए गए संगवारी मतदान केन्द्रों में बड़ी संख्या में महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंची। संगवारी मतदान केन्द्रों के महिला मतदान दलों द्वारा मतदान कराया गया। इन मतदान केन्द्रों में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक मतदान किया और संगवारी मतदान केन्द्र की प्रशंसा की।

## कलेक्टर स्वयं मतदान रथ चलाकर बुजुर्ग को लेने पहुंचे घर

**बलौदाबाजार।** लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। इसी कड़ी में बुजुर्ग एवं



दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान केंद्र तक लाने एवं पुनः घर पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा मतदान रथ की सुविधा उपलब्ध कराई गई। ऐसी सुविधा से बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को बड़ी राहत मिली। इसके साथ ही मतदान केंद्र में व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गई थी थी। कलेक्टर के. एल. चौहान ने मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान वहां रखे मतदान रथ (ऑटो) को स्वयं चलाकर मतदाता को लेने बलौदाबाजार स्थित उसके घर पहुंचे। उन्होंने मतदाता सुलक्षणा तलान को पुष्प गुच्छ भेंटकर बलौदाबाजार मतदान केंद्र क्रमांक 120 में मतदान हेतु मतदान रथ में बैठाकर अपने साथ लाए। इसके साथ ही उन्होंने मतदाता को व्हील चेयर पर मतदान के लिए जाने में भी मदद की। मतदान करने के बाद मतदाता सुलक्षणा तालान को पुनः मतदान रथ से वापस घर पहुंचाया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी साथ रहे।उन्होंने भी बुजुर्ग का हालचाल लेकर उनका अभिनंदन किया।




**बैकोनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में अपनी मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्साहित जिले के ग्राम पंचायत बैकोनी की वृहस्पति बंजारे, उम्र 21 वर्ष (दुल्हन) ने स्वयं की शादी के पारंपरिक कार्यक्रम से समय निकाल कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## मतदान दलों की सकुशल वापसी



**बलौदाबाजार।** निर्वाचन कार्य में लगे मतदान दलों की देर रात सकुशल वापसी हुई। कलेक्टर के एल चौहान ने टीम की गुलाल लगाकर, पुष्प गुच्छ भेंटकर एवं मुंह मीठाकर आत्मीय स्वागत किया। ग्राम रसेडी मतदान केंद्र क्रमांक 103, 104 एवं 105 सबसे पहले स्ट्रांग रूम टीम पहुंची। स्टैण्ड से लेकर स्ट्रांग रूम तक वापसी के लिए पहली ऑटो की व्यवस्थाबार की गई थी। मतदान दलों को किसी भी प्रकार की तकलीफ नहीं हुई।

# राजस्व मंत्री ने परिवार सहित तुलसी नेवरा में किया मतदान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 7 मई।** राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा सुबह लगभग 9 बजे तुलसी स्कुल अपने परिवार सहित पहुंचे और लाइन में लग करके मतदान किया और कहा कि इस बार भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरी लगन और मेहनत के साथ कार्य किया है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन का नतीजा है की जनता भाजपा के साथ है। ऐसे में उनकी जीत पर किसी भी प्रकार का संशय नहीं रह जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह लोकसभा चुनाव एक नए भारत के निर्माण का चुनाव है। रायपुर और छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश भर में 4 जून को कमल का फूल खिलने जा रहा है और मोदी जी एक बार फिर से प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं।

# निपनिया में मतदान केन्द्र को मडवा थीम पर सजाया गया




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 7 मई।** लोक सभा निर्वाचन 2024 आदर्श ग्राम पंचायत निपनिया में मतदान केन्द्र को मड़वा थीम में सजाया गया मतदान को सरलीकरण बनाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी, कलेक्टर, जिला सीईओ,भाटापारा सीईओ सर इंजीनियर के दिशा निर्देशो के अनुसार, शांति पूर्ण मतदान कराने विशेष सहयोग सीआरपीएफ जवान रविन्द्र, पुलिस सहायता केंद्र निपनिया प्रभारी किशुन कुंभकार सरपंच कामता प्रसाद रावत, सचिव शंभूनाथ ध्रुव, पंच गन एवं ग्रामीण जनो का सहयोग भरपूर मिला जिसके तहत मतदान शांति पूर्ण रूप से कराया जिसमे बूथ क्र. 130 में 932 वोटर में 675 वोट पड़े बूथ क्र. 132 में वोटर 823 में 564 पड़े।

लोकसभा निर्वाचन-2024

# आदर्श एवं संगवारी मतदान केंद्र बने विशेष आकर्षण का केन्द्र

- नवयुवक, बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के साथ-साथ नवदम्पत्ति तथा बहू, पोता-पोतियों के संग किया मतदान
- सेल्फी जोन का रहा विशेष क्रेज, थीम बेस मतदान केंद्र ने मोहा सब का मन, व्यवस्थाओं से मतदाता हुए गदगद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 8 मई।** बलौदाबाजार भाटापारा जिला प्रशासन द्वारा मतदान केंद्र में मतदाताओं को आवश्यक सुविधा एवं परिवेश उपलब्ध कराने हेतु स्थापित किए गए आदर्श मतदान केंद्र एवं संगवारी मतदान केंद्र मतदाताओं एवं आम लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उल्लेखनीय है कि आदर्श मतदान केंद्रों में इस बार भीषण गर्मी को देखते हुए राहत देने के उद्देश्य से समुचित व्यवस्था की गई है। इन मतदान केंद्रों में बच्चों के मनोरंजन, विशेष आकर्षक सेल्फी जोन, विश्राम, ओआरएस सेंटर, ठंडी पेयजल आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन मतदान केंद्रों में पहुंचे मतदाताओं ने जिला प्रशासन की इस नवाचार की सराहना की है। इसी तरह आदर्श मतदान केंद्रों में आकर्षक साज-सज्जा के साथ-साथ मतदाताओं के बैठने के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले, एलरैम्प, दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, दिव्यांग रथ, टेंट, शुद्ध पेयजल आदि की व्यवस्था के अलावा मतदाताओं की सहायता के लिए बूथ लेवल अधिकारियों की तैनाती की गई है। जांजगीर चांपा लोक सभा क्षेत्र में वन विभाग द्वारा कसडोल के ग्राम लाहौद, नगर पंचायत कसडोल एवं बार नवापारा अभ्यारण्य थीम पर थीम पर मतदान केंद्र का साज-सज्जा वन विभाग के दौरा किया गया था। साथ ही ग्राम पंचायत अमेरा एवं कटगी में मड़वा आधारित थीम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसी तरह रायपुर लोकसभा अंतर्गत बलौदाबाजार के ग्राम कुकुरदी में छतरी, ग्राम रवान में झंडे में राजस्व एवं पंचायत विभाग द्वारा मतदान केंद्र को थीम पर सजाया गया था। जो लोगों के लिए खासा आकर्षण का केंद्र रहा। ग्राम अर्जुनी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हिट स्ट्रोक मैनेजमेंट, वैक्सिनेशन पर, सिमगा अंतर्गत ग्राम सुहेला में पेपर कार्फ्ट आधारित मतदान केंद्र बनाया गया। इसी तरह महिला बाल विकास विभाग द्वारा शहर के मतदान कन्या स्कूल को विशेष थीम मे सजाया गया। आज हुए मतदान में 18 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं के अलावा 80 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं ने अपने बेटा-बहु, पोता-पोती एवं परपोतियों के साथ एवं दिव्यांग मतदाताओं के साथ-साथ नवदम्पत्ति तथा बहु, पोता-पोतियों के संग एक साथ किया मतदान किया। कसडोल विधानसभा में ग्राम बल्दाकछार के विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के कमार मतदाताओं ने मतदान किया। इसी तरह जिला मुख्यालय निवासी विद्या देवी पंजवानी उम्र 88 वर्ष ने मतदान केन्द्र क्रमांक 128 में तथा 90 वर्षीय ग्राम करही बाजार निवासी सेहतरीन बाई ने अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं की सराहना की। साथ ही कसडोल के ग्राम छांछी मतदान केंद्र104 छांछी में दिव्यांग मतदाता 60 वर्षीय छोटेलाल ध्रुव, 50 वर्षीय देवलाल वर्मा एवं 50 वर्षीय मीना कुमारी ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह फर्स्ट टाइम वोटर बलौदाबाजार निवासी निधि साहू ने पहली बार वोट किया। उन्होंने व्यवस्थाओं को देखकर काफी प्रशंसा की साथ ही आकर्षक सजावट की भी तारीफ की है। इसी तरह युवा मतदान केंद्र हथबंद में आंचल सोनी ने भी पहली बार लोकसभा इलेक्शन में अपना मतदान किया। इसी तरह ग्राम पंचायत हथबंद के ही नवविवाहित जोड़े 22 वर्षीय योगेश सोनी एवं 20 वर्षीय मंजू सोनी ने मतदान किया। एलउन्होंने भी सभी जिलेवासियों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है।

**खदान में मतदान ने भाटापारा वासियों का जीता दिल, देखने के लिए उमड़ी भीड़:** खनिज विभाग द्वारा भाटापारा नगर के मतदान केंद्र क्रमांक 143 में में खदान में मतदान के थीम पर सजाया गया है। जो की काफी आकर्षक एवं विशाल रहा.लोग सुबह से शाम तक फोटो खिंचवाने के लिए उमड़े रहे। भाटापारा निवासी मतदाता राधेश्याम साहू ने कहा मैं चौथी बार लोकसभा चुनाव में मतदान कर रहा हूं. जिंदगी में पहली बार मतदान केंद्र में इस तरह की साज सज्जा देखने को मिला मानो हम मतदान केंद्र नहीं बल्कि कोई झांकी देखने के लिए आए हो।यहां पर बैठने की व्यवस्था के साथ पीने के लिए ठंडा पानी की भी समुचित व्यवस्था की प्रशासन द्वारा की गई है। निश्चित ही इस व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। यह चुनाव निश्चित ही मतदाताओं को सुविधा मुहैया कराने में मील का पत्थर साबित होगा। इसके साथ ही खदान में होने वाले गतिविधियों पर आधारित जीवंत सेल्फी जोन भी बनाया गया था। तृतीय लिंग के मतदाताओं ने भी किया मतदान जिले के तृतीय लिंग के मतदाताओ ने भी बड़े उत्साह से लोकतंत्र के इस पर्व में सहभागी हुए. इस दौरान तृतीय लिंग के मतदाताओ ने भाटापारा नगर स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 186 में अपने मत का प्रयोग किया।

**जज्बे को सलाम कोई हॉस्पिटल से तो बैंगलोर से आया पहुंचा वोट देने :** लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदान केंद्र क्रमांक 196 ढाबाडीह भाटापारा में दिव्यांग मतदाता प्रेम दास पिता ढेल सिंग उम्र 45 वर्ष द्वारा मतदान किया गया। जिसकी बाइक दुर्घटना मे पैर चोट होने के कारण ,ष्ट्रु सर्जरी किया गया है जिसके बाद भी मतदान केन्द्र में पहुंच कर मतदान किया एवं सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक किया। इसी तरह ग्राम कामता निवासी 57 वर्षीय अदली दास मानिकपुरी ने लकवा ग्रस्त होने के बाद भी मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# इलाज में लापरवाही बरतने पर आस्था डेंटल केयर को नोटिस जारी

**बलौदाबाजार, 8 मई।** जिला मुख्यालय के विप्र वाटिका गार्डन चौक के समीप डॉ. एल. एस. पटेल द्वारा आस्था डेंटल केयर के नाम से अस्पताल का संचालन किया जा रहा है जिन्हें ईलाज में लापरवाही बरतने के संबंध में नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता सतीशचंद्र श्रीवास्तव ने दिनाँक 04/05/2024 को अपने पक्षकारा दीया गनशानी निवासी बलौदाबाजार द्वारा अधिकृत होकर कई तथ्यो सहित अवगत कराते हुए नोटिस प्रेषित किया गया है द्य वरिष्ठ अधिवक्ता सतीशचंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मेरे पक्षकारा के दांतों में परेशानी आने पर पिछले वर्ष जुलाई 2023 में संबधित डॉ. एल. एस. पटेल से मिलकर अपने दांत का ईलाज करवायी थी। यह कि, पक्षकारा के मुंह के दांए तरफ के उपरी भाग का दांत में तकलीफहोने से ईलाज करवाने हेतु उक्त डॉक्टर के पास गयी थी तब डॉक्टर द्वारा पक्षकारा का उक्त भाग के दांतो का जांच कर एक दांत खराब (सड़) हो जाना बताते हुए उसे निकालकर उसके स्थान पर नकली दांत लगाने की सलाह दिये थे। नकली दांत लगाने हेतु मसूड़े में चीरा लगाकर उसमें एक बोल्ट डालकर टांका लगाना गया था तथा जब चीरा लगाये गये मसूड़े का घाव पूरी तरह से सूख गया तब उसमें नकली दांत को स्कू से कसकर लगाया गया। उक्त ईलाज हेतु डॉक्टर द्वारा 25, 000/- रूपये खर्च आना बताया गया था। जुलाई 2023 में डॉक्टर द्वारा अपने आस्था डेंटल केयर क्लिनिक में पहले चीरा लगाकर पक्षकारा का सड़ा हुआ दांत निकाला गया जिसके पश्चात् पुनः चीरा लगाकर एक बोल्ट लगाकर टांका लगाया गया तथा टांका पूरे तरह सुखने के पश्चात् मार्च 2024 में मेरे पक्षकारा के मुंह में स्थायी नकली दांत लगाया गया। तब डॉक्टर द्वारा पक्षकारा को बताया गया था कि नकली दांत को स्कू से कड़ा कर स्थायी रूप से फिट कर दिया गया है परंतु उसके दूसरे दिन से ही पक्षकारा को लगाया गया नकली दांत हिलने लगा तब उसकी शिकायत पक्षकारा द्वारा उक्त डॉक्टर से किये जाने पर पहले डॉक्टर ने वह धीरे-धीरे कुछ दिनों में अपने आप सेट हो जाना बताया गया परंतु जब लंबे समय के बाद भी उक्त नकली दांत सेट नही हुआ तब उक्त डॉक्टर द्वारा पक्षकारा के ऊपर ही दोषारोपण करते हुए कोई कड़ी चीज का सेवन जोर से चबाकर करने के कारण हिल जाना बताया गया। जिसे पक्षकारा द्वारा किसी कड़ी चीज का सेवन नहीं करना बताकर उक्त डॉक्टर के निर्देशों का पूरा पालन करना बताते हुए यह बताया गया कि नकली दांत लगाने के दिन से ही वह हिल रहा था जिसकी शिकायत पूर्व में ही आपको की जा चुकी है। तब उक्त डॉक्टर ने पक्षकारा को रायपुर जाकर फिर से चीरा लगाकर दूसरा बोल्ट लगवाने हेतु सलाह दिया गया जबकि पूर्व में उक्त डॉक्टर द्वारा बताये गये संपूर्ण शुल्क 25, 000/- रूपये को मेरे पक्षकारा द्वारा 2 किश्तों में प्रथम किश्त में 5, 000/- नकद एवं 10, 000 /- रूपये फोन पे के माध्यम से 25 जुलाई 2023 को किसी डॉ. राघव अग्रवाल राम डेंटल के एकांउट में ट्रांसफर करने हेतु कहा गया।

# कलेक्टर ने पत्नी संग किया मतदान

**बलौदाबाजार, 8 मई।** कलेक्टर के एल चौहान ने अपने पत्नी उर्मिला चौहान के साथ आज सुबह जिला मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 119 स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम पंडित चक्रपाणि शुक्ल स्कूल पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान उन्होंने समस्त जिले वासियों से लोकतंत्र के इस उत्सव में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। सभी लोग घरों से निकल मतदान करने अवश्य पहुंचे, हमने सभी मतदान केंद्रों अच्छी से अच्छी व्यवस्था करने की पूरी कोशिश किए है। जिससे आम मतदाताओ को किसी भी प्रकार की कोई तकलीफना हो। इस मौके पर कलेक्टर ने सहज सरल लाइन में लगकर अपने बारी का इंतजार किया। इस दौरान उन्होने आम नागरिकों एवं ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों से मुलाकात कर व्यस्थाओ के बारे भी जायजा लिया। वोट देने के पश्चात बनाएं गए आकर्षक सेल्फी जोन में आकर अपने फोटो लिए.कलेक्टर को अपने बीच देखकर मतदान करने आएं फर्स्ट टाइम वोटर ने भी सेल्फी लिए। एसपी ने भी सहज लाइन में लगाकर किया मतदान वरिष्ठ




पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने भी सुबह जिला मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 119 स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम पंडित चक्रपाणि शुक्ल स्कूल में ही पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होने भी सभी जिला वासियों से अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की बात की है। उन्होने कहा कि मत देने हमारा अधिकारी ही नही बल्कि हमारा कर्तव्य है। आप सभी बिना किसी भय लालच निर्भीक निष्पक्ष होकर अपने मतों का प्रयोग करे।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202405092200020**

विषय:- अ-74
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्- 2023-2024

बधियाटोला प.ह.न. 00023 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-ओंकार शेंडे,
अनावेदक पक्षकार- राजेश उर्फ रज्जी,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओंकार शेंडे पिता चमरू शेंडे जाति लोधी उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 07 रेल्वे कॉलोनी बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक ओंकार शेंडे ने अनावेदक राजेश उर्फ रज्जी पिता नारायण लाल शर्मा जाति ब्राम्हण उम्र 44 वर्ष निवासी संजय लक्ष्मन सिंह गुजर भामटीपुरा वर्धा जिला- वर्धा (महाराष्ट्र) के कब्जे की आबादी भूमि ग्राम बधियाटोला प.ह.न. 23 तहसील डोंगरगढ़ स्थित ख.न. 172 रकबा 0.2790 हे. में से 363 वर्गफुट को पंजीकृत बयनामा के माध्यम से दिनांक 11.03.2024 को कुल 2,10,000/- रूपये में क्रय किया है तथा विक्रेता से कब्जा प्राप्त किया है। वर्तमान में उक्त सम्पत्ति पर आवेदक का कब्जा है। अतः आवेदक ओंकार शेंडे उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख के कैफियत के कॉलम से अनावेदक का नाम विलोपित करवाकर अपना नाम दर्ज करवाना चाहता है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 24.05.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202405092200019**

विषय:- अ-74
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः- 2023-2024

बधियाटोला (प.ह.नं. 00023),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-ओंकार शेंडे,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओंकार शेंडे पिता चमरू शेंडे जाति लोधी उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 07 रेल्वे कॉलोनी बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक ओंकार शेंडे ने अनावेदक महेश पिता नारायण लाल शर्मा जाति ब्राम्हण उम्र 43 वर्ष निवासी संजय लक्ष्मन सिंह गुजर भामटीपुरा वर्धा जिला- वर्धा (महाराष्ट्र) के कब्जे की आबादी भूमि ग्राम बधियाटोला प.ह.न. 23 तहसील डोंगरगढ़ स्थित ख.न. 172 रकबा 0.2790 हे. में से 774 वर्गफुट को पंजीकृत बयनामा के माध्यम से दिनांक 11.03.2024 को कुल 4, 47,000/- रूपये में क्रय किया है तथा विक्रेता से कब्जा प्राप्त किया है। वर्तमान में उक्त सम्पत्ति पर आवेदक का कब्जा है। अतः आवेदक ओंकार शेंडे उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख के कैफियत के कॉलम से अनावेदक का नाम विलोपित करवाकर अपना नाम दर्ज करवाना चाहता है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 24.05.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202405092200022**

विषय:- अ-74
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः- 2023-2024

बधियाटोला प.ह.न. 00023 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- भारती अग्रवाल,
अनावेदक पक्षकार- दिनेश,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका भारती अग्रवाल पति रुपेश अग्रवाल जाति अग्रवाल उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर ।। सावरिया होटल, संजय नगर डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदिका भारती अग्रवाल ने अनावेदक दिनेश पिता नारायण लाल शर्मा जाति ब्राम्हण उम्र 41 वर्ष निवासी संजय लक्ष्मन सिंह गुजर भामटीपुरा वर्धा जिला-वर्धा (महाराष्ट्र) के कब्जे की आबादी भूमि ग्राम बधियाटोला प.ह.न. 23 तहसील डोंगरगढ़ स्थित ख.न. 172 रकबा 0.2790 हे. में से 907 वर्गफुट को पंजीकृत बयनामा के माध्यम से दिनांक 11.03.2024 को कुल 5,56,000/- रूपये में क्रय किया है तथा विक्रेता से कब्जा प्राप्त किया है। वर्तमान में उक्त सम्पत्ति पर आवेदिका का कब्जा है। अतः आवेदिका भारती अग्रवाल उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख के कैफियत के कॉलम से अनावेदक का नाम विलोपित करवाकर अपना नाम दर्ज करवाना चाहता है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 24.05.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202405092200021**

विषय:- अ-74
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः- 2023-2024

बधियाटोला (प.ह.नं. 00023),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- भारती अग्रवाल,
अनावेदक पक्षकार- राजेश उर्फ रज्जी,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका भारती अग्रवाल पति रुपेश अग्रवाल जाति अग्रवाल उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 11 सावरिया होटल, संजय नगर डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदिका भारती अग्रवाल ने अनावेदक राजेश उर्फ रज्जी पिता नारायण लाल शर्मा जाति ब्राम्हण उम्र 44 वर्ष निवासी संजय लक्ष्मन सिंह गुजर भामटीपुरा वर्धा जिला-वर्धा (महाराष्ट्र) के कब्जे की आबादी भूमि ग्राम बधियाटोला प.ह.न. 23 तहसील डोंगरगढ़ स्थित ख.न. 172 रकबा 0.2790 हे. में से 907 वर्गफुट को पंजीकृत बयनामा के माध्यम से दिनांक 11.03.2024 को कुल 3,12,000/- रूपये में क्रय किया है तथा विक्रेता से कब्जा प्राप्त किया है। वर्तमान में उक्त सम्पत्ति पर आवेदिका का कब्जा है। अतः आवेदिका भारती अग्रवाल उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख के कैफियत के कॉलम से अनावेदक का नाम विलोपित करवाकर अपना नाम दर्ज करवाना चाहता है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 24.05.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार छुरा, जिला - गरियाबंद (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202401220600008
/अ-21/वर्ष 2023-24

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/दानकर्ती सुनीति बाई पति जीवन लाल बोदले निवासी छुरा तहसील छुरा द्वारा ग्राम पण्डरीपानीडीह में स्थित आवासीय प्रयोजनार्थ परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 91/2 रकबा 0.20 हे. भूमि को अपने सुपुत्र अर्थात अनावेदक सुधाकर बोदले तथा नाती सुविज्ञ बोदले व सार्थक बोदले के पक्ष में दान/अंतरण की अनुमति हेतु न्यायालय कलेक्टर जिला गरियाबंद के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किये हैं।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/शासकीय/अर्द्धशासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 28.05.2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
छुरा (छ.ग.)

# ईवीएम-वीवीपैट स्ट्रांग रूम में सील

## केंद्रीय पुलिस बल सुरक्षा के लिए तैनात

■ मुख्य नगरसंवाददाता



**रायपुर, 8 मई।** प्रदेश में सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर में मतदान के पश्चात ईवीएम-वीवीपैट को स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। सभी जिलों के कलेक्टर, एसपी एवं राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया है। पूरे देश में लोकसभा के लिए मतों की गणना का काम 4 जून को होगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार छत्तीसगढ़ के सात लोकसभा क्षेत्रों में मतदान के पश्चात ईवीएम, वीवीपैट को स्ट्रांग रूम में जमा करने का सिलसिला रातभर चलता रहा। रायपुर के सेजबहार इंजीनियरिंग कालेज में रायपुर, जिले की दक्षिण, पश्चिम, उत्तर तथा ग्रामीण क्षेत्र के अलावा आरंग, अभनपुर, धरसींवा, बलौदाबाजार, भाटापारा के ईवीएम को जमा किया गया। शासकीय प्रवक्ता के अनुसार रायपुर के सेजबहार इंजीनियरिंग कालेज में साढ़े 11 बजे स्ट्रांग रूम सील करने की कार्रवाई की गई। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसपी संतोष सिंह एवं राजनीतिक दलों के एजेंट व सुरक्षा अधिकारी उपस्थित थे। यहां सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। यहां केंद्र शासन की सीएफ की टुकड़ी तैनात की गई है। बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बिलासपुर, तखतपुर, कोटा, पंडरिया की ईवीएम को कोनी स्थित इंजीनियरिंग कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में जमा कर दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अविनीश शरण एवं एसपी रजनीश सिंह उपस्थित थे। मुंगेली जिला के अंतर्गत आने वाले मुंगेली तथा बिल्हा क्षेत्र के पथरिया की ईवीएम व वीवीपैट को मुंगेली में जमा किया गया है।

**रायगढ़ में सर्वाधिक मतदान:** रायगढ़ जिले में सर्वाधिक मतदान होने का रिकार्ड कायम किया गया है। यहां 78 प्रतिशत मतदान हुआ है। केआईटी में रायगढ़, घरघोड़ा, खरसिया एवं सारंगढ़ जिले के अंतर्गत आने वाले 65 मतदान केंद्रों की मशीन केआईटी में निर्मित स्ट्रांग रूम में जमा कर दी गई है। इस अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेय गोयल एवं एसपी दिनेश पटेल उपस्थित थे। जशपुर जिले के अंतर्गत पत्थलगांव, जशपुर, कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र आते हैं। जशपुर स्थित महाविद्यालय में इन पेटियों को जमा किया गया है। कोरबा में ईवीएम-वीवीपैट में स्ट्रांग रूम में जमा करने की कार्रवाई चल रही है। कोरबा लोकसभा क्षेत्र चार जिलों में बंटा हुआ है। इसलिए अलग-अलग क्षेत्रों से आ रही मशीनों को जमा कराने में समय लग रहा है। कोरबा इस समय हाईप्रोफाइल सीट है। यहां से भाजपा की सरोज पांडेय और कांग्रेस की श्रीमती ज्योत्सना महंत के बीच सीधा मुकाबला है। चांपा-जांजगीर, सरगुजा और दुर्ग में भी ईवीएम-वीवीपैट को स्ट्रांग रूम में जमा करने की कार्रवाई कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से स्ट्रांगरूम में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। ईवीएम को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र अनुसार मतदान केंद्रों के हिसाब से रखा गया है ताकि गणना करते वक्त इसे लाया ले जाया जा सके।

## छग में 71.05 प्रतिशत मतदान

■ मुख्य नगरसंवाददाता

- ■ देश के अन्य राज्यों के मुकाबले मतदान का प्रतिशत ज्यादा
- ■ रायगढ़ में रिकार्ड 78 प्रतिशत मतदान

**रायपुर, 8 मई।** प्रदेश के सात लोकसभा क्षेत्रों में कुल 71.05 प्रतिशत मतदान हुआ है जो कि देश के अन्य राज्यों की अपेक्षा ज्यादा है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सात मई को देश के कुल 93 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ। भीषण गर्मी के चलते मतदान का प्रतिशत अन्य राज्यों में कम है। जबकि छत्तीसगढ़ में मतदान को लेकर भारी उत्साह मतदाताओं में देखा गया है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार मोदी मैजिक के अलावा विष्णुदेव सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखा गया। शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान ज्यादा हुआ है। रायपुर लोकसभा में 2019 के चुनाव में 6 लाख मतदाताओं ने वोट नहीं डाले थे। अब यह आंकड़ा और भी बढ़ गया है। रायगढ़ जिले में मुख्यमंत्री की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई थी। इसलिए यहां पर कार्यकर्ताओं ने मतदान कराने के लिए मेहनत की है। भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को भारी मतों से जीत मिलने की संभावना व्यक्त की जा रही है। बिलासपुर में चुनावी कोलाहल नहीं था। यह लोकसभा क्षेत्र तीन जिलों में विभाजित है। भाजपा प्रत्याशी की एकतरफा जीत को लेकर कार्यकर्ता आश्वस्त हैं इसलिए यहां पर भी मतों का प्रतिशत ज्यादा नहीं बढ़ पाया। चांपा जांजगीर जिले में परंपरागत बीएसपी के वोट किस दल में गए हैं यह तो पता नहीं लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में बीएसपी के वोट कांग्रेस में चले गए थे जिसके कारण पामगढ़ और जैजैपुर में कांग्रेस को सफलता मिली थी। कांग्रेस सरकार ने किसानों को कर्ज माफ करने का वायदा किया था लेकिन सत्ता में नहीं आ सकी। किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। किसानों को बोनस एवं दाम बढ़ाए जाने पर भाजपा को जीत मिलने की उम्मीद है।

दुर्ग सरगुजा एवं कोरबा में भी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने दलों के प्रत्याशियों को जिताने के लिए मेहनत की है। प्रत्येक जिले का डाटा आने में अभी समय लगेगा लेकिन इस सभी क्षेत्रों में 65 से 70 प्रतिशत तक मतदान होने की संभावना है। सीईओ कार्यालय के अनुसार बीती रात तक सात लोकसभा क्षेत्रों में मतों का प्रतिशत 66.04 था जो अब बढ़कर 71.05 हो गया है। भाजपा के रणनीतिकारों ने इसकी जानकारी भाजपा हाईकमान को प्रेषित कर दी है। दिल्ली स्थित कंट्रोल रूम में इसका विश्लेषण किया जा रहा है। देश के गुजरात, असम, झारखंड एवं ओडिशा में हुए मतदान का प्रतिशत काफी कम है। मतदान के प्रति उदासीनता को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। अब 13 मई को चौथे चरण का चुनाव होगा।

## पूरे देश में भाजपा 150 सीट तक नहीं पहुंचेगी : दीपक बैज

### तीसरे चरण के बाद कांग्रेस ने मतदाताओं का आभार जताया



**रायपुर, 8 मई।** तीसरे चरण के मतदान के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने भीषण गर्मी की परवाह नहीं करते हुये अपने लोकतांत्रिक कर्तव्य को मतदान करके निभाया यह छत्तीसगढ़ के मतदाताओं की अपने प्रजातांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूकता को दिखाता है। कांग्रेस पार्टी सभी मतदाताओं का अभिनंदन करती है। तीसरे चरण के साथ ही राज्य के सभी 11 लोकसभा सीटों पर मतदान पूरा हो गया है। सभी 11 सीटों पर कांग्रेस के जीत की संभावनायें प्रबल है। कांग्रेस भाजपा से ज्यादा सीटें जीत रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने बदलाव के लिये मतदान किया है। जनता ने महंगाई, बेरोजगारी, वादाखिलाफी के विरोध मतदान किया। आज मतदान हुये सभी 7 लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के पक्ष में रूझान साफ दिख रहा था। लोग मोदी सरकार की विदाई के लिये भीषण गर्मी में अपने घरों से निकलकर मतदान केन्द्रों तक आये और कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया। पहले दो चरणों से ही साफहो गया था प्रदेश की जनता में मोदी सरकार के लिये आक्रोश है। तीसरे और अंतिम चरण में मतदाताओं के रूख ने पुख्ता कर दिया कि राज्य की जनता मोदी सरकार के 10 साल के कुशासन और वादाखिलाफी से परेशान है। जनता ने अपने मतदान की शक्ति से देश के हालात को बदलने का मन बना लिया था और मतदान केंद्र पहुंचकर भाजपा सरकार के खिलाफ वोट किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ के समान ही पूरे देश में मोदी सरकार के खिलाफवातावरण है। भारतीय जनता पार्टी के 400 पार का नारा खोखला साबित हो गया। जनता समझ गयी कि भाजपा 400 पार का नारा संविधान बदलने के लिये दे रही है। तीन चरणों के मतदान के बाद तस्वीर बहुत हद तक साफहो गयी। 400 का नारा देने वाली भाजपा 150 तक पहुंचने के पहले ही हांफने लगी है।

## फांसी पर लटकती मिली युवक की लाश

रायपुर, 8 मई। नवापारा के रहने एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि मृतक काफी दिनों से पेट दर्द से परेशान था, संभवतः इसी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया गया। घटना की सूचना के पुलिस मौके पर पहुंची। मामला मगरलोड थाना क्षेत्र अंतर्गत करेली चौकी का है। मिली जानकारी के अनुसार, महानदी किनारे लगे ग्राम नवागांव के नर्सरी में मंगलवार तड़के सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सुबह नहाने गए लोगों ने युवक का शव पेड़ पर गमछे के सहारे लटके हुए देखी। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की खबर शहर में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान नवापारा निवासी मोहन चक्रधारी पिता प्रेम चक्रधारी (32 वर्ष) के रूप में हुई है। मृतक परिजनों ने बताया कि मोहन शराब का आदि था, जिसके चलते उसके पेट में बीमारी था।

## एक नजर

### तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो की मौत

**रायपुर, 8 मई।** तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। जिसमें एक ही हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार अभनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उल्बा के नर्सरी के पास रात्रि 10 :30 बजे तेज रफ्तार पिकअप और बाइक के बीच टक्कर हो गई। मिली जानकारी अनुसार बाइक सवार लाकेश धीवर, छबि धीवर और बिश्राम धीवर बाइक में सवार होकर भटगांव से उल्बा आ रहे थे। वहीं उल्बा से भटगांव जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दूर जा गिरे। हादसे में बाइक में सवार बिश्राम धीवर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि छबिराम, लाकेश और पिकअप में सवार हुलास धीवर और यशवंत पाल घायल हो गए। घटना की सूचना लोगों ने डायल 112 दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अभनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने छबिराम धीवर को मृत घोषित कर दिया। वहीं लाकेश धीवर की हालत गंभीर है। हुलास एवं यशवंत को मामूली चोटें आई। घायलों का उपचार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पिकअप छट्टी कार्यक्रम पहुंचे लोगों को लाने के लिए जा रहा था। वहीं बाइक सवार भी इन्हीं के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 8 मई।** सामुदायिक भवन के पास कुकुरबेड़ा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपक पांडे 27 वर्ष सामुदायिक भवन के पास कुकुरबेड़ा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी शंकर साहू ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

### अवैध शराब बेचते युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 8 मई।** गोबरानवापारा पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 360 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोबरानवापारा पुलिस को सूचना मिली कि सतनामीपारा में एक युवक अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी प्रहलाद कोसले 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 10 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 360 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### गांजा के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर, 8 मई।** गुढ़ियारी पुलिस ने रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 7 में गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 17 किलो 508 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 के पास दबिश देकर आरोपी वृंदावन लूरनाटा 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास रखे ट्रॉली बैग से 17 किलो 508 ग्राम गांजा जब्त किया है।

### रायपुर में एडमिशन फेयर 9 से

**रायपुर, 8 मई।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित साया जी होटल में 9 और 10 मई को 19 वां एडमिशन फेयर 2024 का आयोजन किया जा रहा है। अफेयर्स एक्जीबिशन एंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इस फेयर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हायर एजुकेशन में रुची रखने वाले 12 वीं पास विद्यार्थियों और वर्किंग प्रोफेशनल्स को देश की शीर्ष 25 से भी ज्यादा विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से मिलने का मौका मिलेगा।

## नया रायपुर में सीट पर खड़े होकर स्टंट करते नजर आए युवक



**रायपुर, 8 मई।** रायपुर में युवा और कई बार नाबालिग भी नवा रायपुर की सड़कों पर स्टंट करते देखे गए हैं। ऐसा ही एक वीडियो फिर सामने आया जिसमें 2 लड़के चलती बाइक में खड़े जाते हैं। इसका वीडियो भी बेखौफतरीके से सोशल मीडिया पर पोस्ट किया जा रहा है। सोशल मीडिया में लाइक्स और कमेंट के लिए आए दिन ऐसे वीडियो रायपुर में सामने आ रहे हैं। पुलिस ने कुछ दिन पहले ही स्टंट करने वाले युवकों को पकड़ा भी था। बावजूद खतरनाक स्टंटबाजी का सिलसिला थम नहीं रहा है। वीडियो में तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए लड़के अचानक सीट में खड़े हो जाते हैं। इस दौरान आखिरी में एक बाइक लड़खड़ाकर गिर भी जाती है। जिसके बाद एक बाइक पर खड़ा लड़का किसी तरह खुद को बचाता है। हालांकि इस मामले में पुलिस ने अब तक कोई एक्शन नहीं लिया है। वीडियो में साफदेखा जा सकता है कि नवा रायपुर के एक क्लब के पास में कुछ युवक मस्ती के मूड में हैं। उन्होंने न तो हेलमेट पहना है, न तो किसी भी प्रकार की सेफ्टी किट पहनी है। इस स्टंट से लड़कों समेत आसपास खड़े लोग भी बड़े हादसे का शिकार हो सकते थे।

## रायपुर स्टेशन परिसर में शराब पीते पकड़े गए कुली

**रायपुर, 8 मई।** रेलवे स्टेशन पर शराब खोरी करते कुलियों की सीनियर डीसीएम ने खबर ली। सोमवार को सिविल ड्रेस में पहुंचे सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी ने निरीक्षण के दौरान विश्राम गृह में कुली शराब पीते पकड़े गए। कुलियों को इस प्रकार देख सीनियर डीसीएम काफी नाराज हुए और जमकर लताड़ा। भविष्य में ऐसा दोबारा करते पकड़े जाने पर लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी। सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी के निरीक्षण के दौरान शराब पीते पकड़े जाने पर रायपुर स्टेशन पर कार्यरत कुली बिल्ला क्रमांक 165 सुभाष निर्मलकर ने लिखित में स्वीकार किया कि वह और उसके साथी मदिरापान कर रहे थे। सुभाष निर्मलकर के साथ भुवन साहू, अरुण निर्मलकर झराड प्रसाद भी साथ में मदिरापान कर रहे थे, भविष्य में इस तरह की घटना ना हो इस हेतु उन्होंने संबंधित रेल कर्मियों को भी हिदायत दी और कुली का बिल्ला 165 क्रमांक जमा कर लिया गया है।

मतदान




**रायपुर, 8 मई।** राजधानी के अलग-अलग मतदान केंद्रों में चेम्बर अध्यक्ष अमर पारवानी सहित परमानंद जैन व जितेंद्र दोशी ने मतदान किया।

## डिज्नीलैंड बना खतरों का लैंड

### ओवर क्राउड, सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान नहीं

### रिंग रोड पर यातायात व्यवस्था चरमराई, सड़क पर पार्किंग

**रायपुर, 8 मई।** रावणभाठा, भाठागांव में चल रहा डिज्नीलैंड खतरों का लैंड बन गया है। डिज्नीलैंड के संचालक दर्शकों की सुरक्षा को ताक पर रखकर अपनी जेब भारी कर रहे हैं। जनसुरक्षा के जरूरी उपाय नहीं किए गए हैं। डिज्नीलैंडमें प्रवेश शुल्क 30 रुपए है। स्टैंड में दोपहिया रखने पर दस रुपए शुल्क देना पड़ता है। वापसी में यदि स्टैंड की पर्ची गुम गई तो दोबारा दस रुपए देना पड़ेगा। इसकी पर्ची नहीं मिलेगी। यहां विभिन्न सामग्रियों की दुकानें, खान-पान के कई स्टाल व तरह-तरह के खतरनाक झूले लगे हुए हैं।

अव्वल, तो यह है कि झूलों के पास मानदंडों के अनुरूप सुरक्षा व प्राथमिक चिकित्सा के कोई प्रबंध नहीं किए गए हैं। मेला में रोज स्थान की क्षमता से ज्यादा दर्शकों की भीड़ हो जाती है। लोगों को चलने में परेशानी हो रही है। लोगों को एक-दूसरे से टकराकर व धक्का खाकर चलना पड़ रहा है। कई स्थानों पर धूल उड़ रही है। शनिवार व रविवार छुट्टी के दिन तो यहां पैर रखने की जगह नहीं होती है। पार्किंग में वाहन खड़े करना मुश्किल हो जाता है। लोग कार व दुपहिया वाहन रिंग रोड के किनारे खड़े कर देते हैं। इससे इस अतिव्यस्ततम मार्ग पर लंबा जाम लग जाता है। मेला स्थल पर दर्शकों की अत्यधिक भीड़ बड़ी चिंता का कारण है। भगवान न करे यदि यहां किसी कारण भगदड़ हो जाती है या आग लग जाती है तो यहां की स्थिति क्या होगी यह सोचकर ही रुह कांप जाती है। खान-पान स्टाल वाले गैस सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं। मेला प्रबंधन ने भगदड़ या अग्नि दुर्घटना से निपटने कोई ठोस उपाय नहीं किया है। आपात द्वार भी कहीं नजर नहीं आया। पुलिस सहायता केंद्र तो बनाया गया है किंतु यहां एक जवान तक नजर नहीं आया है। फिश टनल में भी बहुत ज्यादा भीड़ भी चिंताजनक है। 30-30 रुपए टिकिट के बावजूद न तो कोई सुविधा है और न ही सुरक्षा के उपाय। शौचालय भी नजर नहीं आया। ताज्जुब है कि जिला पुलिस व नगर निगम प्रशासन के अफसर मेला स्थल का नियमित निरीक्षण व जांच नहीं करते हैं। यहां खाद्य सामग्रियों का भी खाद्य विभाग ने सैम्पल नहीं लिया है। खान-पान के दाम पर भी कोई नियंत्रण नहीं है। गर्मी के दिनों में संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा रहता है। लिहाजा खाने-पीने के सामानों की क्वालिटी व साफ-सफाई की जांच की जानी चाहिए। अग्निशमन विभाग को भी चाहिए कि स्थल में अग्निशमन व्यवस्था की जांच करें। आम जनता का मनोरंजन करना अच्छी बात है लेकिन यह लोगों की जान की कीमत पर नहीं होना चाहिए। लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए वरना सांप निकलने के बाद लकीर पीटने से क्या फायदा। पूर्व में प्रशासन की ऐसी ही अनदेखी के कारण कई हादसे हो चुके हैं।

## शासकीय बालिका गृह में वस्त्र व भोजन वितरित




**रायपुर, 8 मई।** स्व. ओमप्रकाश पुजारी की जन्मजयंती पर 'त्रिओम' समाजसेवी संस्था द्वारा रायपुर स्थित 'शासकीय बालिका गृह' में बालिकाओं को 'त्रिओम' संस्था द्वारा वस्त्र एवं भोजन पैकेट वितरित किया गया साथ ही संस्था के बच्चों द्वारा स्व. ओमप्रकाश पुजारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्व. ओमप्रकाश पुजारी फ़ाउंडेशन के सदस्यों द्वारा संचालित 'त्रिओम' सेवा परमो धर्मः को चरितार्थ करती यह संस्था सेवा के लिए सदैव तत्पर है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक डॉ.पूर्णेंदु सक्सेना, प्रदेश संयोजक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंजय शुक्ला , प्रदेश महिला प्रमुख सहकार भारती श्रीमती हीना प्रबल जूदेव, वरिष्ठ भाजपा नेता वर्धमान सुराना, श्रीमती अरुणा शुक्ला, अंजिनेश अंजय शुक्ला - आयुशी अंजिनेश शुक्ला (उच्च न्यायालय अधिवक्ता) उपस्थित रहे।

## 18 जिलों के लिए येलो अलर्ट

**रायपुर, 8 मई।** छत्तीसगढ में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है. मंगलवार सुबह से प्रदेश के कई जिलों में घने बादल छाए रहे, वहीं कई इलाकों में आंधी तूफ़ान के साथ झमाझम बारिश हो रही है. इस बीच मौसम विभाग ने राज्य के 18 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के मुताबिक, बालोद, बलौदाबाजार, बेमेतरा, बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, गरियाबंद, गौरेला पेंड्रा मरवाही, जांजगीर-चांपा, जशपुर, कोरबा, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव, सक्ती, सारंगढ़ बिलाईगढ़, सरगुजा में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ आंधी और बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटे तक मौसम ऐसे ही रहेगा. मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि सिनोप्टिक सिस्टम एक चक्रवर्ती परिसंचरण दक्षिणी झारखंड और आसपास के क्षेत्र में समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर स्थित है. जबकि एक ट्रफ रेखा दक्षिण झारखंड से पश्चिम मध्य प्रदेश तक चक्रवर्ती परिसंचरण के ऊपर से समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर बनी हुई है. समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर पूर्वी विदर्भ से लेकर तेलंगाना-रायलसीमा-दक्षिण आंतरिक कर्नाटक से दक्षिण तमिलनाडु तक एक ट्रफ का विच्छेदन बना हुआ है. इसकी वजह से छत्तीसगढ़ के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है.




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26